रांची, सोमवार | 13 अक्टूबर 2025 | वर्ष-26, अंक-249, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

मूल्य 2 रु.

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मंधाना ने महिला विश्व कप-2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए किया कारनामा



## भारतीय टीम की स्मृति मंधाना वनडे क्रिकेट में पहली महिला बनीं

# कैलेंडर ईयर में बनाया 1000 रन, रचा इतिहास

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इतिहास रच दिया है। वनडे फॉर्मेट में मंधाना एक कैलेंडर ईयर में 1,000 रन बनाने वाली पहली महिला बन गई हैं। स्मृति मंधाना ने यह कारनामा महिला विश्व कप-2025 के 13वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए किया। उन्होंने वर्ष 2025 में अब तक कुल 18 मैच खेले हैं। इस सूची में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने वर्ष 1997 में 16 मुकाबलों की 14 पारियों में 80.83 की औसत के साथ 970 रन जुटाए थे। इंग्लैंड की लौरा वोल्वार्ड्ट वर्ष 2022 में 18 वनडे मुकाबलों के दौरान 882 रन अपने नाम कर चुकी हैं। यह खिलाड़ी लिस्ट में तीसरे पायदान पर मौजूद हैं।

### वनडे में कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक रन

| खिलाड़ी | देश | रन | वर्ष |
|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना | भारत | 1000* | 2025 |
| बेलिंडा क्लार्क | ऑस्ट्रेलिया | 970 | 1997 |
| लौरा वोल्वाड्ट | इंग्लैंड | 882 | 2022 |
| डेबोरा हॉकले | न्यूजीलैंड | 880 | 1997 |
| एमी सैटरथवेट | न्यूज़ीलैंड | 852 | 2016 |

### स्मृति मंधाना ने इस वर्ष अब तब वनडे में लगाए हैं चार शतक

वर्ष 1997 में 16 वनडे मुकाबले खेलकर 62.85 की औसत के साथ 880 रन जुटाने वालीं डेबोरा हॉकले लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। वहीं, वर्ष 2016 में 15 मुकाबलों की 14 पारियों में 85.30 की औसत के साथ 852 रन बनाने वाली एमी सैटरथवेट पांचवें पायदान पर मौजूद हैं। स्मृति मंधाना ने इस वर्ष आयरलैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल चार शतक लगाए हैं। वह इस विश्व कप में 8, 23 और 23 रन की पारी खेल चुकी हैं।

## एक नजर

### बीजापुर में तीन इनामी समेत आठ माओवादी हुए गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों को रविवार को बड़ी सफलता मिली। थाना बासागुड़ा क्षेत्र में डीआरजी, थाना बासागुड़ा और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 168वीं वाहिनी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 3 लाख रुपए के इनामी तीन माओवादियों समेत कुल 8 सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए माओवादियों के कब्जे से टिफिन बम, डेटोनेटर सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री भी बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए माओवादियों में से 3 पर पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था।

### जापान में पिछले 42 वर्षों में 3 सप्ताह लंबा हुआ ग्रीष्मकाल

**टोक्यो।** जलवायु परिवर्तन का असर जापान के मौसम पर भी पड़ा है। ये दावा जापन के एक विश्वविद्यालय अनुसंधान समूह की रिपोर्ट करती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 1982 से 2023 तक 42 वर्षों में जापान में ग्रीष्मकाल लगभग तीन सप्ताह लंबा हो गया है। क्योदो न्यूज एजेंसी ने 'मी विश्वविद्यालय' समूह के हवाले से बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण, ग्रीष्मकाल के रूप में वगीर्कृत दिनों की संख्या हर साल बढ़ी है, जबकि शीतकाल में कोई बदलाव नहीं हुआ, और वसंत और पतझड़ की औसत अवधि कम हो गई है। समूह ने 'ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र की सतह के तापमान में वृद्धि' को मुख्य कारक बताया और चेतावनी दी कि 'यदि ऐसा जारी रहा, तो ये प्रवृत्ति और तेज हो जाएगी।

विस्तृत खबर पेज 12 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत हैं। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## स्वदेशी मैराथन में विकसित भारत के संकल्प के साथ दौड़ी रांची

# आत्मनिर्भरता का प्रतीक है स्वदेशी अभियान : राज्यपाल

### युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों का उमड़ा जनसमुद्र



### मैराथन को राज्यपाल गंगवार ने दिखाई हरी झंडी, दौड़े 25 हजार लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के साथ रांची में स्वदेशी मैराथन रविवार को संपन्न हुआ। रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ के मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस मैराथन में 25,000 लोगों ने दौड़ लगाई। 5.5 किलोमीटर का यह मैराथन रांची का ऐतिहासिक मैराथन बन गया। स्वदेशी मैराथन 2025 में सुबह से ही युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों का जनसमुद्र उमड़ पड़ा था। कई प्रतिभागी तिरंगा लेकर दौड़े, तो कुछ ने स्वदेशी संदेश वाले बैनर और पोस्टर थाम रखे थे। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने स्वदेशी मैराथन 2025 को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भारत-पाकिस्तान युद्ध के नायक कर्नल (सेवानिवृत्त) वीएन थापर, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि स्वदेशी के संकल्प के साथ आयोजित हुआ यह मैराथन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि प्रदान करने वाला है। इस मैराथन में युवाओं का उत्साह बता रहा है कि रांचीवासी भी प्रधानमंत्री के स्वदेशी संकल्प और विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर कदम पर तैयार हैं। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा, 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' का यह अभियान राष्ट्र चेतना, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' संदेश को जीवन में उतारें। उन्होंने कहा, स्वदेशी अपनाना केवल वस्तु का चयन नहीं, बल्कि देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इससे भारत आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा। मैराथन से पूर्व सभी प्रतिभागियों ने स्वदेशी का संकल्प पत्र भरा। इसके साथ ही स्वदेशी को अपनाने और उसे बढ़ावा देने की शपथ ली।

रक्षा राज्य मंत्री ने सभी प्रतिभागियों को मोरहाबादी मैदान में ही स्वदेशी का संकल्प दिलाया और विकसित भारत के लिए प्रतिबद्ध रहने का आग्रह किया। सामाजिक संगठनों ने मोरहाबादी मैदान से रवाना हुई मैराथन का दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया।

सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित हुए इस मैराथन में 33 स्कूल, 10 कॉलेज, 4 विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, 7 निजी संस्थानों के प्रतियोगी छात्र, 22 सामाजिक संगठन, 11 धार्मिक संगठन, 9 स्वयंसेवी संस्था, भाजपा कार्यकर्ता, भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट्स, भारतीय खेल प्राधिकरण, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन, विभिन्न खेलो के राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय खिलाड़ी, एनएसएस कार्यकर्ता, एथलेटिक्स एसोसिएशन सहित कई संगठनों के लोग शामिल हुए। मोरहाबादी मैदान से शुरू होकर और फिर मोरहाबादी पहुंचकर संपन्न हुए स्वदेशी मैराथन के विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

शेष पेज 11 पर

### पीएम के विकसित भारत, स्वदेशी संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध है रांची : सेठ

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह मैराथन सिर्फ दौड़ नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस स्वदेशी के विचार का संकल्प लिया है, उसका प्रवाह है। यह प्रवाह निरंतर जारी रहेगा। स्वदेशी के प्रति रांचीवासियों ने आज जो दृढ़ता दिखाई है, वह विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने वाला है। आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहे भारत को एक नई गति प्रदान करने वाला है। रांची की जनता ने आज यह संदेश दे दिया कि स्वदेशी के प्रति रांची सदैव प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री के हर आह्वान पर हर कदम पर रांची की जनता खड़ी है।



### आत्मनिर्भर भारत बनाने की ओर बढ़ रही रांची की जनता : कर्नल

कारगिल युद्ध के नायक कर्नल (सेवानिवृत्त) वीएन थापर ने कहा कि रांची आकर उन्हें अद्भुत अनुभव मिला है। सेना देश की सुरक्षा करती है और नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वह देश को आत्मनिर्भर बनाएं। उन्होंने कहा, भारत के विकास और आत्मनिर्भरता की राह में हर नागरिक एक सैनिक है, जो स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आर्थिक सुरक्षा में योगदान दे सकता है। मुझे खुशी है कि रांची की जनता आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है।

## एनडीए में सीट बंटवारा हुआ फाइनल

# जदयू और भाजपा 101-101 सीटों पर लड़ेगी बिहार चुनाव

कई दौर की बैठकों के बाद सीट शेयरिंग पर लगी मुहर

**पटना (आईएएनएस)**



### एनडीए में सीट शेयरिंग

| पार्टी | सीट |
|---|---|
| जदयू | 101 |
| भाजपा | 101 |
| लोजपा (रा.) | 29 |
| आरएलएम | 06 |
| एचएएम | 06 |
| **कुल विस सीट** | **243** |

बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीट बंटवारे को लेकर रविवार को तस्वीर साफ हो गई। इस चुनाव में जदयू और भाजपा में से कोई बड़ा भाई नहीं होगा। दोनों पार्टियां 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। दिल्ली और पटना में सीट बंटवारे को लेकर कई बैठकों का दौर चला और इसके बाद सीट शेयरिंग पर मुहर लग गई। एनडीए सीट शेयरिंग के अनुसार, भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। वहीं, सहयोगी दल लोजपा (रामविलास) को 29 सीटें और आरएलएम एवं हम (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) को 6-6 सीटें मिली हैं।

भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी घोषणा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है। जदयू 101, भाजपा 101, लोजपा (रामविलास) 29, राष्ट्रीय लोक मोर्चा छह और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा छह। उन्होंने आगे लिखा, एनडीए के सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता साथी इसका हर्ष के साथ स्वागत करते हैं और नीतीश कुमार को प्रचंड बहुमत के साथ फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित एवं एकजुट हैं। बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने भी सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर इस जानकारी को शेयर किया है। ज्ञात हो कि बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान 6 नवंबर 2025 को होगा। वहीं, दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर 2025 को होगा। मतगणना 14 नवंबर 2025 को होगी। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेतृत्व वाले एनडीए और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच माना जा रहा है।

महागठबंधन एनडीए का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस बार सत्ता से बेदखल करने की कोशिश कर रहा है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, लोजपा (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा एनडीए में शामिल हैं। हालांकि, बिहार की चुनावी जंग में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने भी राज्य की सभी 243 सीटों पर दावा ठोक दिया है।

### नोवामुंडी के कई गांवों में फैली डायरिया, पांच लोगों की हुई मौत

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी प्रखंड के कई गांवों में डायरिया ने कहर बरपा दिया है। कादोजामदा और मोहदी पंचायत में एक हफ्ते के अंदर इस बीमारी से पांच लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 20 से ज्यादा लोग बीमार हैं। डायरिया फैलने की सूचना पाकर जिले के सिविल सर्जन ने प्रभावित गांवों में मेडिकल टीमें भेजी हैं। 10 से अधिक लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के झामुमो विधायक सोनाराम सिंकू ने भी प्रभावित इलाके का दौरा किया है। सोनाराम सिंकू के अनुसार, बीमार लोगों के इलाज और बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इधर, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पानी के सैंपल लेकर जांच शुरू कर दी है और स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। साथ ही, ग्रामीणों को उबला पानी पीने, हाथ धोने और साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी जा रही है।

# नक्सलियों ने जराईकेला में मोबाइल टावर में लगाई आग

### संचार सेवा प्रभावित, आसपास के इलाकों में दहशत



जला हुआ मोबाइल टावर

**नवीन मेल डेस्क**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र के कोलबेंगा गांव में माओवादियों ने रविवार के तड़के एक मोबाइल टावर में आग लगा दी। मोबाइल टावर पूरी तरह नष्ट हो गया है। यह टावर एयरटेल कंपनी का था। आग लगने के कारण इसके बर्बाद हो जाने से उस क्षेत्र में एयरटेल कंपनी की मोबाइल सेवा ठप हो गई है।

सूचना मिलते ही पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। इधर, इस घटना के बाद गांव और आसपास के इलाकों में दहशत है। जानकारी के अनुसार, जराईकेला प्रखंड के कोलबेंगा गांव में हथियारबंद नक्सली रविवार के तड़के पहुंचे और टावर के पास मौजूद कर्मचारियों को बंदूक दिखाकर भगा दिया। इसके बाद उन्होंने टावर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी।

सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की तलाश में जंगलों और आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अतिरिक्त बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। प्रशासन ने ग्रामीणों से अफवाहों से बचने और सहयोग बनाए रखने की अपील की है। ज्ञात हो कि भाकपा माओवादी के कई नक्सली हाल के महीनों में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं, जिसके विरोध में संगठन ने 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक प्रतिरोध सप्ताह मनाने की घोषणा की थी। इसके पहले शुक्रवार की देर रात नक्सलियों ने इसी जिले के सारंडा जंगल में सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए चार आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) धमाके किए थे, जिनमें सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर शहीद हो गए, जबकि दो अधिकारी गंभीर रूप से घायल हुए थे।

### नक्सलियों के आईईडी विस्फोट से घायल हथिनी ने तोड़ा दम

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** सारंडा जंगल में नक्सलियों के आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुई हथिनी ने आखिरकार रविवार को दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगल में ही उसका पोस्टमार्टम कराया। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों और पुलिस को नुकसान पहुंचाने के इरादे से सारंडा के घने जंगलों में जमीन के नीचे कदम-कदम पर आईईडी लगा रखे हैं। इसकी चपेट में आने से इस वर्ष तीन हाथियों की मौत हो चुकी है। रविवार को जिस हथिनी की मौत हुई, उसके बारे में वन विभाग को एक हफ्ते पहले जानकारी मिली थी। उसका दायां पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। मौके पर पहुंची वन्यजीव चिकित्सकों की टीम ने उसे एंटीबायोटिक और दर्द निवारक दवाएं दी थीं, लेकिन संक्रमण लगातार बढ़ता गया। और, अंतत: उसकी मौत हो गई।

## इंडिया

# इटली में बुर्के पर बैन पर राहुल ननिहाल का पक्ष लेंगे या कांग्रेस का ?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

वह राजनीति ही क्या जिसमें विवाद न हो और भारत की सत्ताधारी भाजपा पर विपक्षी कांग्रेस धार्मिक भेदभाव का आरोप लगाती रही है पर आजकल कांग्रेस के चेहरा और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ननिहाल इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने ऐसा कदम उठाया है जिससे यूरोप ही नहीं पूरी दुनिया की सियासत गर्मा गई है और भारत में भी इसके छींटे पड़ेंगे ही । मेलोनी सरकार बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगाने जा रही है जैसा दुनिया में 24 देशों में है जिनमें कई देश तो ऐसे हैं जो मुस्लिम राष्ट्र हैं, अधिकांश ने धर्म निरपेक्षता के नाम पर अपने यहां बैन लगाया है। इटली में पिछले दिनों फिलिस्तीन के समर्थन में नारे लगे और सड़कों को जाम कर लाखों लोग सड़कों पर उतरे उसके बाद देश के भविष्य की सुरक्षा की बात उठी और अब सवाल है कि क्या यूरोप में अब नए सांस्कृतिक टकराव की शुरुआत हो चुकी है जैसा पहले फ्रांस में देखने को मिला ? क्या मेलोनी के इस साहसी कदम का असर पीएम मोदी से दोस्ती के कारण भारत की राजनीति में भी पडेगा या विदेशों तक में मुखर राहुल ननिहाल के मामले में चुप्पी साध लेंगे ? इटली के संसद में पेश बिल में कहा गया है कि देशभर में बुर्के पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। स्कूल, दुकानें हों या कार्यालय या सार्वजनिक स्थान में अब चेहरा ढकना अपराध माना जाएगा। मस्जिदों की फंडिंग पर निगरानी होगी। इसके अलावा जबरन धार्मिक विवाह पर रोक होगी। नकाब पहनने पर भारी जुर्माने का प्रावधान इस बिल में शामिल है। इटली की सत्तारूढ़ पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली की तरफ से कहा गया है कि देशभर में सार्वजनिक स्थानों पर नकाब और बुर्का से चेहरा और शरीर ढकने पर प्रतिबंध लगेगा। हालांकि ये प्रतिबंध अभी भी देश के कुछ हिस्सों में है। लेकिन इस विधेयक के बाद इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा। ओपन बॉर्डर पॉलिसी इटली के अलावा और भी कई यूरोपीय देशों ने अपनाई थी। जिसकी वजह से पिछले 20-25 सालों में वहां बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी गए हैं। इनमें से ज्यादातर मुस्लिम समुदाय से आते हैं। पालिटिको की एक रिपोर्ट के अनुसार दुकानों, स्कूलों और दफ्तरों समेत सभी सार्वजनिक जगहों पर चेहरा ढकने पर रोक होगी।



एआई जेनरेटेड

प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर 300 से 3 हजार यूरो यानी लगभग 3 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने देश में बढ़ते इस्लामीकरण का आरोप लगाया। इस्लामी प्रतीकों के सार्वजनिक प्रदर्शन को सांस्कृतिक अलगाववाद के रूप में बताया है। आईएसएमयू की रिपोर्ट के अनुसार जितने भी प्रवासी इटली आए हैं उनमें 30 फीसदी मुसलमान हैं, जो मोरक्को, अल्बानिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान से आए हुए हैं। बिल सिर्फ चेहरा ढकने वाले कपड़ों तक सीमित नहीं है। इसमें उन धार्मिक संगठनों पर भी निगरानी की बात कही गई है जो इटली की सरकार के साथ औपचारिक समझौते में नहीं है। फिलहाल इस्लाम को इटली में वैधानिक मान्यता प्राप्त नहीं है। जबकि 13 अन्य धर्मों के पास यह अधिकार है। इसलिए यह बिल मुस्लिम संगठनों को अपने फंडिंग सोर्सेज सार्वजनिक करने और संदिग्ध फाइनेंसरों से दूरी रखने को अनिवार्य करता है। इसके साथ यह कानून वर्जिनिटी टेस्ट कराने वालों पर भी सजा का प्रावधान लाता है और जबरन धार्मिक विवाहों में धार्मिक दबाव को अपराध की श्रेणी में लाता है। इटली को संसद में पूर्ण बहुमत इसलिए इसके पारित होने की संभावना अधिक है। भारत में हिजाब और बुर्के का मामला अदालत के दरवाजे तक भी पहुंच चुका है। बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और बीजेपी ने बुर्का बैन की मांग फर्जी वोटिंग रोकने के लिए की है।

### रांची में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की झारखंड इकाई की हुई बैठक

# आरक्षण आर्थिक आधार पर हो : कमलेश सिंह

- बिनय सिंह बोले, क्षत्रिय समाज को पीछे धकेलने का अर्थ है देश को पीछे धकेलना
- सूरजदेव सिंह ने कहा, संगठन को गांव-गांव तक ले जाने की जरूरत है

नवीन मेल संवाददाता



**विस्तारित कमेटी के नए पदाधिकारी**

**संरक्षक :** डीके सिंह, प्रतुल शाहदेव, भोला सिंह, चंद्रकांत रायपत, अविनाश सिंह, बिनोद सिंह, रामबाबू सिंह, संजय सिंह, डॉ अभिषेक सिंह।
**प्रदेश उपाध्यक्ष :** प्रदीप सिंह, दीपक सिंह एवं दिवाकर सिंह।
**प्रदेश सचिव :** मुकेश सिंह, नितेश सिंह, चंदन सिंह, संतोष सिंह, राजकमल सिंह, करण प्रताप सिंह, प्रेम शंकर सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह एवं बजरंग सिंह।
**प्रदेश कार्यसमिति सदस्य :** सुनील सिंह, संजय सिंह, महाराणा प्रताप सिंह, राजू सिंह, रितेश सिंह, आदर्श सिंह, नरेंद्र सिंह, बलराम सिंह, उदय सिंह, राजन सिंह, समरेश सिंह।
**महिला मोर्चा की सचिव :** सीमा सिंह एवं सुधा सिंह।

**रांची।** आज से 128 साल पहले राजा बलवंत सिंह द्वारा गठित संगठन 'अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा' की झारखंड इकाई की बैठक रविवार को हरमू स्थित बाबू कुंवर सिंह पार्क में समाज के अग्रज डीके सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विषय प्रवेश कराते हुए संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ललन सिंह ने पांच प्रस्ताव रखे। पहला प्रस्ताव झारखंड क्षत्रिय आयोग का गठन किया जाए। दूसरा क्षत्रिय समाज के महापुरुषों के नाम पर शिक्षण संस्थान और स्मारकों का नामकरण हो, तीसरा क्षत्रिय समाज का हर राजनीतिक दलों में राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो, चौथा राज्य की राजधानी सहित सभी जिलों में क्षत्रिय छात्रावास का निर्माण सरकार की तरफ से किया जाए और पांचवां ईडब्ल्यूएस के तहत सवर्ण समाज को दी जाने वाली आरक्षण की नीति को और अधिक सरल बनाया जाए, ताकि इसका लाभ समाज के गरीब परिवार के लोग उठा सकें। उन्होंने कहा कि एसटी/एसी एक्ट 1989 में एक विशेष प्रावधान सेक्शन 18 दिया गया है, जिसके कारण समाज में आपसी वैमनस्यता बढ़ गई है। उसमें सुधार किया जाना चाहिए। बैठक में संगठन को विस्तार दिया गया। साथ ही, सभी नए सदस्यों को माला पहना कर एवं नियुक्ति पत्र देकर स्वागत किया गया। संगठन के संरक्षक पूर्व मंत्री कमलेश सिंह ने बैठक में रखे गए पांच मांगों का समर्थन करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने आरक्षण पर बोलते हुए कहा कि आज समय आ गया है कि आरक्षण का लाभ देश के अंतिम पायदान पर बैठे हर कमजोर और जरूरतमंद व्यक्ति को मिल सके। इसे लेकर आज हमारा संगठन बहुत गंभीर है। इसके लिए हम मांग करते है कि आरक्षण आर्थिक आधार पर हो न कि जाति या धर्म के नाम पर। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह ने सभी नियुक्त नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय टीम के निर्देशन में आप सभी लोगों को दायित्व दिया गया है। और, आप सभी के मेहनत और सहयोग से पूरे राज्य में हम सभी संगठन को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश की इतिहास को देखें, तो सबसे ज्यादा त्याग और बलिदान क्षत्रिय समाज ने ही दिया है। क्षत्रिय समाज को आज पीछे धकेल दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे ज्यादा सेवा, त्याग और बलिदान देने वाले समाज को पीछे धकेलने का मतलब है देश को पीछे धकेलना। प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह ने कहा कि आज हमारी जनसंख्या कम होने का मुख्य कारण है, देश की एकता और अखंडता के कारण लाखों क्षत्रिय समाज के हुतात्माओं का बलिदान। उन्होंने कहा कि आज हमारी लड़ाई और संघर्ष आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की मांग को लेकर है। आर्थिक आधार पर पिछड़े देश का हर नागरिक को इसका लाभ मिल सके। एक बार आरक्षण का लाभ लेने वाले परिवार के अन्य सदस्य को आरक्षण से बाहर रखा जाए, ताकि सभी जरूरतमंद और कमजोर वर्ग को लाभ मिल सके। अगर ऐसा होता है, तभी सामाजिक न्याय हो सकेगा। बैठक को संबोधित करते हुए सूरजदेव सिंह ने संगठन को गांव-गांव तक ले जाने पर बल दिया। इसके लिए उन्होंने कहा कि हर जिले में एक-एक प्रभारी बनाया जाए और समाज के लोगों को एक सूत्र में बांधने की कोशिश की जाए। पांकी से मुकेश सिंह ने समाज में अपनी पुरानी परिवेश को वापस लाकर धर्म-कर्म से जोड़ने पर बल दिया, ताकि परिवार के सदस्यों को अच्छा संस्कार दिया जा सके। महिला मंच की अध्यक्षा मनीषा सिंह ने कहा कि हम सभी को संगठन को साथ लेकर चलना होगा। अगर हमारा लक्ष्य और कार्य करने का तरीका एक हो, तो हम जरूर सफल होंगे। हमें आपसी मतभेद को भूलाकर कार्य करना होगा, तभी समाज का भलाई कर सकते है। जब देश के क्षत्रिय संगठित होंगे, तभी देश मजबूत होगा। कार्यक्रम का संचालन ललन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने किया। आज की बैठक में कमलेश सिंह, बिनय सिंह, ललन सिंह, डीके सिंह, राणा ऋषिकेश सिंह, सूरज शाहदेव, आदर्श सिंह, मनीषा सिंह, प्रतुल शाहदेव, भोला सिंह, चंद्रकांत रायपत, अविनाश सिंह, बिनोद सिंह, रामबाबू सिंह, संजय सिंह, डॉ अभिषेक सिंह, प्रदीप सिंह, यश प्रताप परमार, दीपक सिंह, चंदन सिंह, संतोष सिंह, बलराम सिंह, उदय सिंह, राजन सिंह, समरेश सिंह, महिला मोर्चा की सचिव के रूप में सीमा सिंह, सुधा सिंह उपस्थित थीं।

### नए चैप्टर 'बीसीआई अचीवर्स' का शुभारंभ

## नई कार्यकारिणी गठित हिमानी गुप्ता बनी अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता


**रांची।** बीसीआई टाइटेनियम की व्यापारिक बैठक रविवार को कांके रोड स्थित कोर्टयार्ड मैरियट होटल में हुई। बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। पुरानी टीम के उत्कृष्ट कार्यकाल को देखते हुए पुनः अध्यक्ष हिमानी गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. शिप्रा शाह, सचिव अनुज अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संतोष सोनी को दोबारा चुना गया। बैठक में छह माह का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसमें 1 करोड़ 48 लाख के व्यापार का विवरण रखा गया। इस अवधि में सर्वाधिक योगदान द सेलर्स नोट रेस्टोरेंट एंड बार की संचालिका प्रियंका शास्त्री को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड चैंबर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि तीन वर्ष पूर्व झारखंड चैंबर में एक छोटे पौधे के रूप में जन्मा बीसीआई आज 110 सदस्यों और दो चैप्टर के साथ एक वृहद वृक्ष का रूप ले चुका है। यह देखकर अत्यंत हर्ष होता है। झारखंड चैंबर का पूरा समर्थन बीसीआई के साथ रहेगा। विशिष्ट अतिथि झारखंड चैंबर के संयुक्त सचिव रोहित पोद्दार ने कहा कि झारखंड चैंबर और बीसीआई के दोनों संगठनों के बीच सदैव मधुर संबंध रहे हैं। हम मिलकर व्यापारियों के हित में नई रणनीतियां तय करेंगे।कार्यक्रम में मेंटर किशोर मंत्री ने नए चैप्टर "बीसीआई अचीवर्स" का उद्घाटन किया और इसकी बागडोर डॉ. संजीत कुमार को सौंपी गई। मौके पर बीसीआई के एमडी धीरज ग्रोवर ने कहा कि हम बीसीआई को एक परिवार की तरह मानते हैं, और सभी सदस्य एक-दूसरे पर विश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दोनों चैप्टर मिलाकर बीसीआई ने छह माह में नौ करोड़ का व्यापार किया है। इस अवसर पर निदेशक शिवकुमार ने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई तथा नए सदस्य सुमित मुंजाल को सदस्यता प्रदान की। बैठक में रमेश कुमार, शिवकुमार, धीरज ग्रोवर, किशोर मंत्री, आदित्य मल्होत्रा, रोहित पोद्दार, हिमानी गुप्ता, सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने घाटशिला विधानसभा उप चुनाव को लेकर की बैठक

# मतदाताओं के साथ सहृदयपूर्ण व्यवहार करें : के. रवि कुमार

- सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया

नवीन मेल संवाददाता




**रांची/घाटशिला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि घाटशिला में प्रत्येक बूथ मॉडल बूथ के रूप में कार्य करेंगे। मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए गाइडलाइंस को फॉलो करते हुए मतदान हेतु सभी एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। श्री के. रवि कुमार घाटशिला अनुमंडल सभागार में 45–घाटशिला (अ.ज.जा.) विधानसभा उप चुनाव हेतु वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य में जीरो एरर के साथ कार्य करना है। मतदान हेतु प्रत्येक बिंदुओं पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत नियमावली बनाए गए है एवं हर कार्य हेतु मॉड्यूल एवं एसओपी बने हुए है, सभी पदाधिकारी अपने कार्यों के संपादन हेतु इन दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।

के रवि कुमार ने कहा कि निर्वाचन कार्य को त्रुटि रहित बनाने हेतु एवं मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए तैयार दिशा–निर्देशों के अनुरूप ही पदाधिकारियों को ट्रेनिंग देना सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर विशेष ध्यान रखें। इस हेतु प्रतिनिधियों के सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लें एवं उन्हें आदर्श आचार संहिता के क्या करें क्या न करें का बिंदुवार जानकारी उपलब्ध करा दें।


के. रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा हेतु ईवीएम पर लगने वाले मत पत्र में बदलाव किए है इसके तहत अब ईवीएम पर उम्मीदवारों के रंगीन फोटो के साथ–साथ उनके नाम और क्रम संख्या बड़े अक्षरों में अंकित होंगे। इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप ही कार्य करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को शिक्षित एवं प्रेरित करते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पूर्व के चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए विशेष स्वीप कार्यक्रम चलाए एवं मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करें।

मौके पर आईजी ऑपरेशन माइकल राज, पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, डीआईजी धनंजय कुमार, डीआईजी पुलिस मुख्यालय अश्विन कुमार, डीआईजी कोल्हान अनुरंजन किस्पोट्टा, एसएसपी पूर्वी सिंहभूम पीयूष पांडेय, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, देव दास दत्ता सहित घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ, एईआरओ, उप निर्वाचन आपदाधिकारी पूर्वी सिंहभूम सहित निर्वाचन कार्यालय एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अबुआ सरकार आदिवासी मूलवासी के लिए काम नहीं कर रही : बाबूलाल मरांडी


नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के गुड़ाबांदा के मैदान में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह उपचुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। राज्य सरकार कहने को अबुआ सरकार है लेकिन आज आदिवासी ,मूलवासी सबसे ज्यादा पीड़ित है। कहा कि राज्य में बिचौलिए,दलाल, माफिया हावी हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। ऐसे में यह चुनाव राज्य को दलालों, बिचौलियों और माफियाओं से बचाने का चुनाव है। कहा कि विकास के काम पूरी तरह ठप्प हैं। जनता को अपना घर बनाने केलिए बालू तक नहीं मिल रहा। कहा कि झारखंड गठन के बाद जब उनके नेतृत्व में सरकार बनी तो जनता केलिए बालू फ्री कर दिया गया था लेकिन जब 2013 में हेमंत सोरेन जब मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने बालू घाटों को दिल्ली,मुंबई,बिहार से दलालों बिचौलियों को बुलाकर बालू घाट लूटने केलिए सौंप दिए। कहा कि आज जब कोई गरीब जनता नदी के बालू घाट से बालू उठाता है तो पुलिस उन्हें पकड़ती है। उन्होंने कहा कि घाटशिला की जनता उपचुनाव में यह संदेश देगी कि राज्य को अब दलालों बिचौलियों से बचाना है। कहा कि एक तरफ संसाधनों की लूट हो रही वही राज्य की डेमोग्राफी भी बदल रही। आज जो जनगणना के आंकड़े है वो कांग्रेस के शासन के हैं।जिसमें साफ साफ दिख रहा कि कैसे आदिवासियों की आबादी जो 1951 में 36% थी घटकर 26% हो गई।सनातनी हिंदू 88% से घटकर 81% हो गए और मुस्लिम आबादी 8.9% से बढ़कर 14.3% हो गई। कहा कि यह सामान्य वृद्धि नहीं है बल्कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण है जिसे यह सरकार संरक्षण दे रही। कहा कि भाजपा राज्य की माटी, रोटी और बेटी को बचाने केलिए संकल्पित है। उन्होंने पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं से जीत का संकल्प पूरा करने का आह्वान किया। कहा कि चाकुलिया के गांव में जहां मुस्लिम आबादी शून्य थी अब वहां भी मुस्लिम अपना आधार कार्ड बनवा रहे। यह सब एक सुनियोजित षड्यंत्र का परिणाम है। इस सम्मेलन में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक खिजरी राम कुमार पाहन सहित सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जेडआरयूसीसी की बैठक कोलकाता में 15 अक्टूबर को

नवीन मेल संवाददाता




- नई रेल सेवाओं और परियोजनाओं पर होगी चर्चा

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता में बुधवार (15 अक्टूबर) को क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) की बैठक आयोजित की जा रही है। इस महत्वपूर्ण बैठक में रांची रेल मंडल, चक्रधरपुर रेल मंडल तथा आद्रा रेल मंडल के अंतर्गत नई रेल सेवाओं की शुरुआत, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और यात्री सुविधाओं के विस्तार जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस बैठक में जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी सक्रिय रूप से भाग लेकर रांची व चक्रधरपुर रेल मंडल के हित में नई ट्रेनों की शुरुआत व महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने कहा कि बैठक में केंद्रीय मंत्री, लोकसभा एवं राज्यसभा सदस्य सहित समिति के सभी मेंबर शामिल होंगे। उम्मीद की जा रही है कि इस बैठक से रांची और चक्रधरपुर रेल मंडलों में विकास की गति और तेज होगी तथा नई परियोजनाओं को स्वीकृति मिलने के साथ नई रेल सेवाओं के प्रारंभ की संभावनाएं और मजबूत होंगी।

### विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच जारी रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

# सीबीआई की याचिका पर फिलहाल सुनवाई को कोई तिथि निर्धारित नहीं


नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सीबीआई (रांची) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच जारी रखने की अनुमति मांगी है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की याचिका पर फिलहाल सुनवाई को कोई तिथि निर्धारित नहीं की है। इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई को विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच का आदेश दिया था। विधानसभा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर हाईकोर्ट द्वारा 23 अक्तूबर 2023 को दिए गए सीबीआई जांच के खिलाफ अपील दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 14 नवंबर 2024 को विधानसभा की याचिका को स्वीकार करते हुए अगले आदेश तक सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद से विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच बंद है। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की है। इसमें हाईकोर्ट द्वारा विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश पर लगायी गयी रोक को हटाने का अनुरोध किया गया है। सीबीआई की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि झारखंड विधानसभा में नियुक्ति और प्रोन्नति में हुई गड़बड़ी की जांच के लिए राज्यपाल ने सात जुलाई 2014 को एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन आदेश दिया था। इस एस सदस्यी न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट के आधार पर राज्यपाल ने सीबीआई जांच की अनुशंसा की थीएक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग ने 30 बिंदुओं की जाँच के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष के कार्यकाल में हुई नियुक्ति के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने और इसमें घूस के लेनदेन का उल्लेख किया गया था। नियुक्तियों के दौरान हुई भ्रष्टाचार के मामले में एक सीडी भी न्यायिक आयोग के समक्ष पेश किया गया था। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने एक सदस्यीय जांच आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में कार्रवाई करने के बदले सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक दूसरे आयोग का गठन कर दिया। विधानसभा में हुई नियुक्तियों के दौरान गड़बड़ी और दो-दो न्यायिक जांच आयोग के गठन के मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका के निपटाने के दौरान यह पाया था कि दूसरे आयोग का गठन सिर्फ पहले आयोग की जांच में मिली गलतियों पर पर्दा डालने के लिए किया गया था। हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका की सुनवाई के बाद 23 सितंबर 2023 को अपना फैसला सुनाते हुए सीबीआई को मामले की जांच का आदेश दिया था।हाईकोर्ट द्वारा दिये गये इस आदेश के आलोक में सीबीआई ने विधानसभा में नियुक्ति के दौरान हुई गड़बड़ी की जांच के लिए PE दर्ज कर प्रारंभिक जांच शुरू की थी। विधानसभा ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। इसकी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीबीआई की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि विधानसभा में नियुक्तियों के दौरान भ्रष्टाचार और पद के दुरूपयोग के आरोप लगाये गये थे। हाईकोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति घोटाले से जुड़ी दोनो न्यायिक आयोगों की रिपोर्ट और राज्यपाल द्वारा दिये गये निर्देश को ध्यान में रखते हुए सीबीआई जांच का आदेश दिया था। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह कहा है कि पीई एक प्रारंभिक जांच है। इसमें पहले सिर्फ इत बात की जांच की जाती है कि नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के लगाए गए आरोप सही हैं या नहीं। पीई जांच पर लगाई गई रोक को हटाने से आगे की जांच के लिए तथ्यों के मिलने तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।


## न्यूज बॉक्स

### झारखंड में सूचना आयोग को पंगु बना दिया गया : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के द्वारा सूचना अधिकार कानून के 20 वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्रेस वार्ता पर पलटवार किया। प्रतुल ने कहा कि सूचना अधिकार कानून पर लंबा चौड़ा उपदेश देने से पहले उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि आखिर झारखंड में उनकी सरकार ने सूचना आयोग को पिछले साढे पांच वर्षों से क्यों पंगु बना दिया है? प्रतुल ने कहा की पिछले साढे 5 वर्षों से मुख्य सूचना आयुक्त सहित अन्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति नहीं की है। सूचना आयोग निष्क्रिय हो गया है। प्रतुल ने कहा कि इस से हास्यास्पद स्थिति क्या हो सकती है की सूचना अधिकार की बीसवीं जयंती पर आयोजित प्रेस वार्ता करने वाले ने यह नहीं बताया की झारखंड में उन्होंने इस कानून को क्यों दफन कर दिया है? प्रतुल शाह देव ने कहा कि कांग्रेस को याद रखना चाहिए कि सूचना का अधिकार लागू जरूर हुआ था, लेकिन यूपीए शासन में इसका सबसे ज्यादा दुरुपयोग और दमन हुआ।जब जब जनता ने आरटीआई के जरिए विभिन्न घोटालों, सोनिया गांधी के विदेशी ट्रस्ट, कांग्रेस और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के बीच में हुए डील, नेशनल हेराल्ड घोटाले की जानकारी मांगी तब कांग्रेस के नेताओं ने अदालत में जाकर सूचना रोकने के लिए आवेदन दिए थे। यही कांग्रेस का दोहरा चरित्र है। प्रतुल ने कहा कि व्हिस्ल ब्लोअर एक्ट कांग्रेस ने पारित किया जरूर, पर उसे 2014 तक लागू नहीं किया क्योंकि कांग्रेस पारदर्शिता से डरती थी। प्रतुल शाह देव ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही पर बोलने का नैतिक अधिकार कांग्रेस ने बहुत पहले खो दिया है। जिस पार्टी के शासनकाल में 2G, जीजाजी, कोयला, कॉमनवेल्थ, नेशनल हेराल्ड जैसे घोटालों से देश शर्मसार हुआ, वह आज पारदर्शिता पर उपदेश दे रही है — यह अपने आप में सबसे बड़ा मज़ाक है।

### पांच हजार से अधिक घरों की बिजली काटे जाने पर अन्नावादी पार्टी ने जताया विरोध



**रांची।** राजधानी रांची में पांच हजार से अधिक घरों की बिजली काटे जाने पर अन्नावादी इंसाफ पार्टी ने कड़ा विरोध जताया हैं। केंद्रीय संयोजक अधिवक्ता कफीलूर रहमान ने कहा कि विभाग अंग्रेज बन गया है। संविधान और कानून से ऊपर उठ कर लोकतान्त्रिक मर्यादा का भी पालन नहीं किया जा रहा है। जिसे जनता कभी बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने आगे कहा कि बिजली विभाग के इस अमानवीय विधि विरुद्ध कार्रवाई पर हेमंत सरकार अविलम्ब हस्तक्षेप करे और रांची एरिया बोर्ड के जनरल मैंनेजर को तत्काल पद से हटाया जाए। जिनके निर्देश से जनता की घरों की बिजली काटी जा रही है।श्री रहमान ने कहा कि जान बुझ कर स्मार्ट मीटर से अत्यधिक बिल भेजी जा रही है, ताकि जनता को प्रताड़ित व दवाव बना कर बिल के नाम पर अवैध वसूली की जा सके। जिसकी जांच सीबीआई से होनी चाहिए। विज्ञप्ति के माध्यम से यह भी मांग किया गया कि सरकार को घरेलु बिजली बिल राजस्व की प्राप्ति के लिए वैकल्पिक टैक्स की व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे आम जनता पर घरेलु बिजली बिल का अत्याधिक बोझ समाप्त हो जाए। विभाग नहीं चेती तो पार्टी जल्द ही आगे की रणनीति बनाने हेतु एक बैठक बुलाएगी।

### हमर अधिकार मंच ने मनाया आरटीआई दिवस



**रांची।** हमर अधिकार मंच के बैनर तले आरटीआई दिवस मनाते हुए 12 अक्टूबर को आरटीआई कानून को लागू हुए 20 वर्ष पूर्ण हो गए। इस मौके पर आरटीआई रिसोर्स पर्सन सह वकील दीपेश निराला ने विभिन्न व्यक्तियों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 कानून का प्रशिक्षण दिया। झारखंड में वर्ष 2022 के बाद से लेकर अब तक सूचना आयुक्त की नियुक्ति नहीं होने पर चिंता व्यक्त की गई, जबकि मार्च, 2025 में राज्य में नेता प्रतिपक्ष भी नियुक्त हो चुके हैं, इसके मद्देनजर उपस्थित लोगों ने सरकार से मांग किया कि जल्द से जल्द झारखंड में सूचना आयुक्त की नियुक्ति की जाए। इस वर्कशॉप में मुख्य रूप से दीपेश निराला, उमाशंकर सिंह, ओम प्रकाश उपाध्याय, राजकुमार, अपराजिता मिश्रा, ममता वर्मा, सुनीता मेहता, शिवानंद कांशी, राजेश कुमार, अजीत कुमार, राजीव राज, नवल किशोर लाल, चंद्रदेव कुमार गिरिडीह, पप्पू कुमार, हरेंद्र बहादुर सिंह, वेद प्रकाश साव, चंदन कुमार सिंह, बृजेश मिश्रा, आशीष कुमार जायसवाल, हरीश नागपाल, राजू रंजन मिश्रा, रिंकू तमांग, परमजीत कौर, साक्षी गोस्वामी, पिया बर्मन, दिलीप कुमार, दलबीर सिंह, विनोद जैन बेगवानी, रविंद्र मेहता, नेहा सिंह, सज्जन कुमार सिन्हा, डॉक्टर प्रशांत कुमार सिंह, मारिया साहेब, खुशबू सिंह, गायत्री कुमारी, सना सानया, नम्रता सोनी, मुकेश त्रिपाठी, अरविंद कुमार तिवारी, कविता होरो, और संतोष मृदुला उपस्थित हुए। मंच संचालन संतोष मृदुला ने किया और धन्यवाद ज्ञापन दलबीर सिंह ने दिया।

### बाइक व कार में टक्कर, दो घायल



**रांची।** स्मार्ट सिटी धुर्वा में रविवार को बाइक और कार में जोरदार टक्कर हुई। इस दौरान बाइक सवार बाप-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया।

### हटिया रेलवे स्टेशन से शराब बरामद



**रांची।** कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशन में आरपीएफ पोस्ट हटिया की टीम सतर्कता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रही है। इसी क्रम में आरपीएफ पोस्ट हटिया, हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 03 पर ट्रेन संख्या 18624 एक्सप्रेस की जांच कर रहे थे। जांच के दौरान सामान्य श्रेणी के डिब्बे में दो लावारिस बैग पाए गए, जिनमें किंगफिशर अल्ट्रा ब्रांड की कुल 42 बीयर कैन बरामद हुई। तत्काल उक्त कोच में यात्रियों से पूछताछ कर बैग के स्वामित्व की पुष्टि की गई, किंतु कोई भी व्यक्ति दावा करने नहीं आया। इसके पश्चात उप निरीक्षक दीपक कुमार द्वारा 42 बीयर कैन, जिनकी अनुमानित कीमत 5460/- आंकी गई, जब्त की गई। बरामद सामग्री को रविवार को आबकारी विभाग को विधिवत सुपुर्द किया गया।

**सीताराम मारू का जन्म शताब्दी समारोह**

# दूसरों के लिए जीते थे सीताराम मारू : स्वामी तेजोमयानंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपने लिए सभी प्राणी जीते है। लेकिन मनुष्य की विशेषता है कि ये दूसरों के लिए जी सकते है। वही काम सीताराम मारू ने किया है। इसी तरह बुद्धि मिली है, तो वह ज्ञान पाने के लिए, हम अन्य प्रकार के ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। अपने आप को जानने की जरूरत है। उक्त चिन्मय मिशन के ग्लोबल प्रमुख स्वामी तेजोमयानंद ने शनिवार को कहीं, स्वामी तेजोमयानंद समाजसेवी सीताराम मारू के जन्म शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मनुष्य दुनिया की चीजें जान सकते हैं, तो स्वयं को भी जरूर जानें।

वरिष्ठ पत्रकार बलबीर दत्त ने कहा कि सीताराम मारू सभी को साथ लेकर चलते थे। जीवन में उन्होंने काफी संघर्ष किया और उपलब्धियां हासिल की। लोगों का सहयोग हासिल करने में सीताराम मारू को महारत हासिल थी। संघर्ष कीजिए और अधिक-से-अधिक लोगों को जोड़िए। पूर्व सांसद और सीताराम मारू के पुत्र अजय मारु ने कहा कि पिता के जीवन दर्शन का आधार था काम, काम और काम। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, सीताराम मारू के पुत्र विजय मारू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, सुबोधकांत सहाय, सुदर्शन भगत, विधायक सीपी सिंह, चेंबर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, परेश गट्टानी, मनीष, पुनीत मारू, राहुल मारू उपस्थित थे। मारू परिवार के सदस्य मुंबई, जयपुर, नागपुर सहित कई राज्यों से पहुंचे थे। मंच संचालन सीए विनोद कुमार गढ़याण ने किया।



- सीताराम मारु सभी को साथ लेकर चलते थे। जीवन में उन्होंने काफी संघर्ष किया और उपलब्धियां हासिल की : बलबीर दत्त
- पिता के जीवन दर्शन का आधार था काम, काम और काम : अजय मारु

### सीताराम मारु व्यक्ति नहीं, संस्था थे : कड़िया मुंडा

पूर्व सांसद कड़िया मुंडा ने कहा कि सीताराम मारु व्यक्ति नहीं, संस्था थे। उन्होंने अपने जीवन में कई तरह के काम किए। कभी पीछे नहीं देखा। सेवा उनका मूल काम था। उनके लिए जितना बोला जाए, कम है। हम सभी 'को प्रेरणा मिलती रहे, ताकि हम भी समाज को कुछ दे सकें। सोचने वाले और करने वाले समाज में कम लोग रह गए हैं। भाषण से कुछ नहीं होगा।

# छठ महापर्व को लेकर नगर निगम का विशेष सफाई अभियान जोरों पर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर रांची नगर निगम द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि श्रद्धालु स्वच्छ और सुगठित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें। निगम का मुख्य लक्ष्य सम्पूर्ण नगर क्षेत्र एवं सभी जलाशयों को कूड़ा मुक्त एवं स्वच्छ बनाए रखना है।

**साफ-सफाई अभियान:** सभी 74 चिन्हित छठ घाटों एवं उनके संपर्क मार्गों पर विशेष सफ़ाई अभियान संचालित किया जा रहा है। वार्ड संख्या 07 स्थित जुमार नदी घाट पर आज विशेष सफ़ाई अभियान चलाया गया, जिसमें जेसीबी के माध्यम से पूरे मार्ग की गंदगी एवं मिट्टी हटाकर समतलीकरण किया गया। चडरी तालाब, जेल तालाब, कांके डैम, अरगोड़ा, बांधगाढ़ी पुंदाग, करमटोली, दिव्ययान, टेटर टोली, बटन, जगन्नाथपुर, मधुकम समेत अन्य सभी तालाबों में सफ़ाई कार्य लगातार जारी है।



इसके अलावा रविवार को मुख्य रूप से बड़ा तालाब, सरोवर नगर कांके डैम, मधुकम तालाब, अरगोड़ा तालाब में जल शुद्धिकरण के उद्देश्य से वृहद स्तर पर फिटकरी डाली गई।

### तालाबों के आस-पास ग्रास कटिंग किया जा रहा है

प्रशासक के निर्देशानुसार निगम की टीम द्वारा तालाबों के चारों ओर खुले स्थान बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पूरे तालाब परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में ग्रास कटिंग और भूमि समतलीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं के आवागमन एवं पूजा-अर्चना के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जा सके।

### समितियों से निगम कर रही है लगातार वार्ता

छठ पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से सतत संवाद स्थापित किया गया है। उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी हेतु निगम के टोल-फ्री नंबर 1800-570-1235 पर संपर्क कर सकते हैं।

### रांची नगर निगम की अपील

रांची नगर निगम द्वारा सभी से अपील करता है कि नो प्लास्टिक जोन में छठ का त्योहार मनाए, "एकल उपयोग प्लास्टिक" के उपयोग से हटकर, पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों को अपनाए।

### प्रकाश पर्व भी अंदर की दरिद्रता को समाप्त करता है : डॉ अभिषेक

**रांची।** सम्पूर्ण सृष्टि की जलनत समस्याओं का मूल कारण आध्यात्मिक दरिद्रता है। दरिद्र मन वाला व्यक्ति समाज, राष्ट्र और विश्व के लिए बोझ है। ब्रह्माकुमारी संस्थान आध्यात्मिक संपन्नता के लिए विशेष कार्य कर रहा है। दीपावली का प्रकाश पर्व भी अंदर की दरिद्रता को समाप्त करता है। उक्त बातें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक ने कही। वे हरमू रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रांगण में आयोजित दीपोत्सव समारोह के दौरान कही। मौके पर डॉ शांति ने कहा कि जीवन में ज्ञान जागृति न होने से ही मनुष्य तनाव में है। मिथ्या समझ के कारण समाज में ये गलतियां हो रही है। ईश्वरीय ज्ञान का प्रकाश ही स्वच्छता और पारदर्शिता लाएगा। इफको मानव संसाधन विभाग के प्रबंधक संजय कुमार सहाय ने कहा ईश्वरीय ज्ञान से जागृत आत्माओं के सम्पूर्ण प्रकाश में अत्याचार, शोषण व भ्रष्टाचार जैसी काली प्रवृतियां समाप्त हो जायेगी व विश्व के कोने-कोने में शांति, प्रेम व भाईचारे के भावनाएँ जागृत होंगी।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा

# हमारा लक्ष्य रांची की छवि एक उत्कृष्ट मेजबान के रूप में हो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में रविवार को जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मैच को लेकर बैठक की।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्रिकेट मैच के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करना था।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बैठक में क्रिकेट मैच के दौरान अपेक्षित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर क्रमवार चर्चा की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं ताकि दर्शकों और खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने यह भी आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन जेएससीए को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच रांची में भव्य और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि यह आयोजन न केवल खेल प्रेमियों के लिए यादगार हो, बल्कि रांची की छवि एक उत्कृष्ट मेजबान के रूप में और मजबूत हो। जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने जिला प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की समन्वित तैयारियां आयोजन की सफलता को सुनिश्चित करेंगी। सचिव सौरभ तिवारी ने भी इस अवसर पर स्टेडियम की तैयारियों और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी साझा की। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, पुलिस अधीक्षक पारस राणा, पुलिस अधीक्षक यातायात, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, सचिव सौरभ तिवारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भजन संध्या के मनमोहक भजनों में भक्तगण खूब झूमे

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 232 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा समाजसेवी स्वर्गीय बिष्णु पोद्दार की पुण्य स्मृति में उनकी धर्म पत्नी ललिता पोद्दार उनके पुत्र अमीत पोद्दार पुत्र वधु सोनम पोद्दार एवं उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित दो हज़ार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में केसरिया खीर, पुड़ी आलू काबुली चना टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव,चिप्स,सलाद आदि का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने मनमोहक सुमधुर भजनों मे अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा।

**आज / कल**




# अंगिका समाज ने पहाड़ी मंदिर में चलाया नर नारायण सेवा कार्यक्रम

- मंदिर के मुख्य द्वार पर विराजमान नर नारायणों के बीच बांटे भोजन पैकेट व मिनरल वाटर बोतल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के सौजन्य से चलाए जा रहे 'नर नारायण सेवा' कार्यक्रम के तहत रविवार को दिन में 10.30 बजे पहाड़ी शिव मंदिर, रांची के मुख्य द्वार पर विराजमान नर नारायणों के बीच अंगिका समाज की ओर से भोजन पैकेट एवं मिनरल वाटर बोतल का वितरण किया गया। साथ ही, वहां वस्त्रों का भी वितरण किया गया। अंगिका समाज के लोगों ने सभी सामग्रियों को वहां बड़ी संख्या में उपस्थित पुरुष, महिला तथा बच्चे नर नारायणों को आदरपूर्वक दिया। वितरण कार्यक्रम झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के महासचिव डॉ श्रीमोहन सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इनके साथ वितरण में मोहन रजक अध्यक्ष, नवीन चंद्र चौधरी प्रदेश कोषाध्यक्ष, डॉ एसकेपी सिंह, चंद्रिका ठाकुर देशदीप, चितरंजन गुप्ता, दिवाकर प्रसाद चौधरी, दिनेश प्रसाद गुप्ता, अनिल कुमार चौधरी, बिभाष मिश्र, सदानंद सिंह यादव, बच्चन कुमार चौधरी, पूनम देवी का सराहनीय सहयोग दिया।



# श्री राजन जी महाराज रांची में करेंगे राम कथा की अमृत वर्षा

- रांची में बरियातू के मैथन पैलेस में 22 से 24 अक्टूबर तक होगा कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



### कार्यक्रम विवरण

1. 22 अक्टूबर 2025 : शिव-पार्वती विवाह की चर्चा।
2. 23 अक्टूबर 2025 : श्री राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा।
3. 24 अक्टूबर 2025 : श्री सीताराम विवाह की भव्य कथा सुनाई जाएगी
4. कथा समय : प्रतिदिन दिन में 3:00 बजे से संध्या 7:00 बजे तक

श्री राजन जी महाराज आगामी 22 से 24 अक्टूबर तक रांची के बरियातू स्थित मैथन पैलेस में श्री राम कथा की अमृत वर्षा करेंगे। ये जानकारी श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट, रांची के सदस्यों ने रविवार को हिल टॉप बैंक्वेट हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट के संयोजक राजेश गुप्ता, शिव अग्रवाल और पप्पू सिंह ने पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी। इससे पहले एक बैठक भी हुई, जिसमें आयोजन समिति के अन्य सदस्य भैया अभिमन्यु प्रसाद, सूरज कुमार, प्रशांत, आशुतोष द्विवेदी, संगीता प्रसाद और राजेंद्र महतो भी शामिल हुए। ज्ञात हो कि श्री राजन जी महाराज अपने प्रभावशाली राम कथा वाचन के लिए अत्यधिक प्रसिद्ध हैं। वे युवाओं में विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। उनकी सरल वाणी और उदाहरण सहित मानस की चौपाइयों की व्याख्या श्रोताओं को गहराई से प्रभावित करती है। राजेश गुप्ता, शिव अग्रवाल और पप्पू सिंह ने बताया कि राजन जी महाराज की यह राम कथा रांची के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अवसर है। उन्होंने कहा कि बैठने की व्यवस्था सीमित है, अतः सभी श्रद्धालु समय पर पहुंचें और सहयोग करते हुए कथा का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट के सदस्य सभी राम भक्तों से निवेदन करते हैं कि वे इस भव्य आयोजन में शामिल हों और श्री राजन जी महाराज की वाणी का लाभ उठाएं।




## जिला परिषद सदस्य ने जतरा खूंटा और पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**चान्हो।** जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने रविवार को जतरा खुटा और पिसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मोहम्मद गेयास मुखिया चंम्पा उरांवऔर पंचायत समिति सदस्य रीता उरांव शामिल हुए। 15 वें बित्त आयोग निधि अंतर्गत से प्रखंड के चलियो में जतरा खुटा और गुटुवा में पिसीसी पथ निर्माण कार्य होना है। शिलान्यास समारोह के दौरान जिला परिषद सदस्य ने कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। सड़क बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए जिला परिषद सदस्य का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस सड़क के बनने से अब बारिश के मौसम में भी आवाजाही में किसी तरह की समस्या नहीं होगी। वहीं चलियो के ग्रामीणों के द्वारा काफी दिनों से जतरा खुटा निर्माण की मांग कि जा रही थी, हमने प्रमुखता के आधार पर यहां जतरा खुटा निर्माण का अनुशंसा करते हुए इस कार्य को धरातल पर लाया। यह जतरा खुटा आदिवासियों की प्रतीक स्थल है जहां वह पूजा अर्चना क्या करते हैं।

## स्कूल, में रन फॉर डे 2025 का हुआ भव्य आयोजन



**मुरी/सिल्ली।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में आज रन फॉर डे 2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, टीम भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना था। रन फॉर डे 2025 डे का दौड़ झारखंड मोड़ सिल्ली से मुरी तक के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बी. शरण ने हरी झंडी दिखाकर रन की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं पूर्व प्रधानाध्यापक मोतीलाल प्रसाद जी तथा डी.ए.वी. सिल्ली के एल.एम.सी. सदस्य प्रवीण अग्रवाल जी उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापिका बी. शरण ने सभी प्रतिभागियों को स्वास्थ्यपूर्ण जीवनशैली अपनाने और खेलों के माध्यम से अनुशासन व आत्मविश्वास बढ़ाने का संदेश दिया।पूरा वातावरण जोश, ऊर्जा और एकता की भावना से भर उठा। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि आगे भी ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार



**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। जहां एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की दर्दनाक वारदात ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कारवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जबकि चार आरोपी फरार है। मिली जानकारी के अनुसार तमाड़ थाना क्षेत्र के मारधान मोड में एक युवती को उसका प्रेमी 30 सितंबर को मेला घुमाने के बहाने घर से बाहर ले गया। युवती को मारधान मोड़ पर बुलाने के बाद अन्य युवक भी वहां पहुंचे। बताया जा रहाहै कि इन युवकों ने पीड़िता और उसके प्रेमी को 2 मोटरसाइकिल से सुनसान इलाके की ओर ले जाया गया। जहां चार लड़कों ने युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद बोलेरो सवार मस्तान महतो, मनोज पुरान, उमेश महतो, तुलसी महतो और एक अन्य वहां पहुंचे और उन्होंने भी युवती के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। इसके बाद पीड़िता को बोलेरो में बैठाकर मस्तान महतो उसे अपने बुंडू स्थित किराए के मकान में ले गया और वहां भी शारीरिक शोषण करता रहा।

## हिंडाल्को मुरी में रामलीला का हुआ सफल मंचन



**मुरी।** शनिवार की देर रात हिंडालको मुरी के कलाकारों द्वारा आयोजित रामलीला का मंचन अत्यंत सफल तरीके से किया गया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पौराणिक कथा को जीवंत बनाया। कलाकारों ने अपने अभिनय से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला का शुभारंभ श्री रामायण जी की आरती पूजा पाठ द्वारा यूनिट हेड और रामलीला समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। इस पवित्र औऱ शुभ कार्य के साथ रामलीला के आयोजन का आरंभ हुआ।रामलीला में भगवान राम की जीवन गाथा को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। मंच पर कलाकारों की अदाकारी औऱ पात्रों के संवाद ने दर्शकों को रामायण के समय में ले जाकर खड़ा कर दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिट हेड संदीप पाटिल ने कलाकारों औऱ आयोजकों को बधाई दी औऱ कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है।कार्यक्रम का सफल संचालन श्रद्धा श्रीवास्तव एवं वैशाली यश ने किया।रामलीला समिति के प्रमुख नवनीत श्रीवास्तव एवं उनकी टीम के सदस्य मुकेश,धीरज,अशोक,अतुल इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सांस्कृतिक कमेटी के आयोजकों औऱ कलाकारों की कड़ी मेहनत औऱ समर्पण की सराहना करते हुए दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

### दक्षिणी कमान का एएससीईएनडी 2025 सेमिनार

# रणनीतिक संचार राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रमुख अंग है : धीरज सेठ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** दक्षिणी कमान मुख्यालय ने 10-11 अक्टूबर को पुणे में एएससीईएनडी 2025 पर रणनीतिक संचार को संरेखित करना शीर्षक से रणनीतिक संचार पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। एएससीईएनडी का उद्देश्य सूचना युग में कथात्मक प्रभुत्व प्राप्त करने की दिशा में एक सतत राष्ट्रीय प्रयास को संस्थागत रूप देना था। सेमिनार में वरिष्ठ रक्षा अधिकारी, नीति निर्माता, पूर्व सैनिक, मीडिया पेशेवर, शिक्षाविद् और उद्योग विशेषज्ञ सूचना युग में राष्ट्रीय शक्ति के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में रणनीतिक संचार पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्रित हुए।लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, पीवीएसएम, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी कमान ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि रणनीतिक संचार राष्ट्रीय सुरक्षा के एक प्रमुख अंग के रूप में उभरा है और भारत की कहानी सत्य पर आधारित, हमारे मूल्यों पर आधारित और स्थायी आख्यानात्मक प्रभुत्व प्राप्त करने के लिए दृढ़ कार्यों से जुड़ी होनी चाहिए।राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष आलोक जोशी इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि थे। आलोक जोशी और वरिष्ठ पत्रकार एवं रक्षा रणनीतिकार नितिन गोखले के बीच एक विशेष बातचीत में भारत के उभरते सूचना परिवेश और एक समन्वित राष्ट्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। एनएसएबी के अध्यक्ष ने रणनीतिक संचार में राष्ट्रीय क्षमताओं को मज़बूत करने के लिए एक समग्र-सरकारी दृष्टिकोण और एक केंद्रित रोडमैप की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

### झारखंड में मानसून अब अपने आखिरी पड़ाव पर

## 48 घंटे में राज्य से मानसून की पूरी तरह विदाई हो जाएगी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड में मानसून अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 से 48 घंटे में राज्य से मानसून की पूरी तरह विदाई हो जाएगी। बंगाल की खाड़ी में हल्की हलचल बनी हुई है, जिससे कहीं-कहीं बूंदाबांदी और बादल छाने की संभावना है। फिलहाल, अगले तीन दिनों तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। सुबह और शाम की ठंडी हवाएं गुलाबी ठंड का एहसास कराने लगी हैं। विभाग ने यह भी कहा है कि इस साल कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार, मानसून रक्सौल, वाराणसी, जबलपुर, अकोला, अहिल्यानगर और अलीबाग मार्ग से लौट रहा है। एक जून से अब तक झारखंड में औसतन 1266.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। रांची में इस दौरान 1589 मिमी बारिश हुई है। हालांकि, अक्तूबर में कुछ जिलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई। गोड्डा में 35%, गुमला में 9%, पाकुड़ में 18%, साहेबगंज में 69% और सिमडेगा में 50% कम बारिश हुई है। शनिवार को रांची का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री और न्यूनतम 20.4 डिग्री दर्ज किया गया। "मौसम विभाग ने बताया कि 13 अक्टूबर से झारखंड में आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा।

## गुड ब्रिक्स की नॉन-फायर्ड ईंट तकनीक से निर्माण को मिलेगी रफ्तार




**रांची।** कोरिया की अग्रणी पर्यावरण-अनुकूल निर्माण तकनीक कंपनी गुड ब्रिक्स ने झारखंड में सतत निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने रविवार को स्थानीय होटल में कोरिया एनर्जी एजेंसी के सहयोग से एक सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें नॉन-फायर्ड (बिना भट्ठी में पकाई गई) ईंट निर्माण प्रणाली प्रस्तुत की गई। गुड ब्रिक्स की मूल कंपनी के ईनो सीएसआर कंपनी लिमिटेड सीईओ सैम यूनसुक ली ने सेमिनार का उद्घाटन किया और कहा कि रांची भारत के निर्माण क्षेत्र में सतत विकास का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है।

### राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन

## तीरंदाजी में रांची बना चैंपियन उपविजेता बना पश्चिमी सिंहभूम



**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा आयोजित "खेलो झारखंड" के तहत खेलगांव स्थित शूटिंग रेंज-3 में दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंडियन राउंड तीरंदाजी प्रतियोगिता का आज सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में रांची जिला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि पश्चिमी सिंहभूम ने फर्स्ट रनर-अप और पूर्वी सिंहभूम ने सेकंड रनर-अप का स्थान हासिल किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जेईपीसी के प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा एवं राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा पराजित खिलाड़ियों से कहा कि वे अगले वर्ष और बेहतर तैयारी के साथ लौटें।

**राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले जारी** : राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। अंडर-14 बालिका वर्ग में सिमडेगा ने पश्चिमी सिंहभूम को 10–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, वहीं रांची ने गुमला को 3–0 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। अंडर-17 बालिका वर्ग में रांची ने खूंटी को पेनल्टी शूटआउट में 3–1 से हराया, जबकि सिमडेगा ने गुमला को 5–0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में क्वार्टर फाइनल मैचों में सिमडेगा ने चतरा को 6–0 से, गुमला ने पश्चिमी सिंहभूम को 3–0 से, खूंटी ने सरायकेला को 5–0 से और रांची ने हजारीबाग को 1–0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। वहीं बालक वर्ग अंडर 17 में पहला सेमीफाइनल रांची और जामताड़ा के बीच और दूसरा सेमीफाइनल हजारीबाग और सिमडेगा के बीच खेला जाएगा। विभाग द्वारा विभिन्न खेलों में अलग अलग आयु वर्ग के राज्य स्तरीय खुली चयन प्रक्रिया भी खेल गांव के विभिन्न स्टेडियम में आयोजित की गई।

## मेरा रेशम मेरा अभिमान पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** केंद्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के "मेरा रेशम मेरा अभिमान" अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सीतापुर को प्राथमिकता के तौर पर अतिरिक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर रेशम उत्पादकों, कृषकों, एवं स्थानीय उद्यमियों को रेशम विकास से जुड़ी नवीन योजनाओं, अवसरों तथा सहयोग तंत्रों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में रेशम उत्पादन से जुड़े हितधारकों की सक्रिय भागीदारी रही साथ ही नए कृषकों ने प्रभावी सहभागिता किया। प्रतिभागियों ने न केवल रेशम पालन की तकनीकी प्रक्रियाओं पर चर्चा की, बल्कि रेशम क्षेत्र में उपलब्ध सरकारी योजनाओं से लाभ उठाने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों एवं लाभार्थियों ने केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा किए जा रहे प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया।आइए, मिलकर एक सशक्त और सतत रेशम भविष्य बुनें!" इस कार्यक्रम के आयोजन में रेशम विकास विभाग सीतापुर उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों अधिकारियों का मार्गदर्शन सहयोग प्राप्त हुआ।

**खुशी जीवन का एक हिस्सा है** | आप जैसे भी हैं बेस्ट हैं, इसे दिल से स्वीकारें : चौहान

# जिंदगी जीने का सर्वोच्च मंत्र है खुशी : डॉ संजय सिंह

- **कभी खुशी कभी गम दोनों जीवन का हिस्सा है। कठिनाइयों और चुनौतियों से कभी घबराना नहीं चाहिए बल्कि खुश रहकर उसका मुकाबला करना चाहिए**



**ओरमांझी।** लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची व खुशी क्लास के तत्वावधान में शनिवार को पीएम श्री एक्सीलेंस उत्क्रमित उवि पिस्का में 542 वां व झारखंड पब्लिक स्कूल मनातू में 543 वां खुशी क्लास का आयोजन हुआ। खुशी क्लास को संबोधित करते हुए प्रो डॉ संजय प्रशाद सिंह ने कहा कि जिंदगी में आने वाली कठिनाइयां या चुनौतियां कमजोरी नहीं है, बल्कि कंठ हार है। कभी खुशी कभी गम दोनों जीवन का हिस्सा है। कठिनाइयों और चुनौतियों से कभी घबराना नहीं चाहिए बल्कि खुश रहकर उसका मुकाबला करना चाहिए। खुशी को बिना जाने - समझे हम खुश नहीं रह सकते हैं और ना खुशी से जी सकते हैं। खुशी को अपने अंदर ही ढूंढना चाहिए। आनंदमय जीवन व्यक्ति की आत्म संतुष्टि का परिचायक है। खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं। इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें। सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। अंत में चौहान ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से सम्बंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें। निःशुल्क हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी।

## राज्य सरकार ने जानबूझकर लटका रखा है नगर निकाय चुनाव : अमृतेश पाठक

**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रातू रोड स्थित नागा बाबा खटाल में रविवार को रांची शहर नागरिक मंच तथा भूतपूर्व पार्षदों ने एकदिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया। रांची शहर नागरिक मंच के संयोजक अमृतेश पाठक ने कहा कि रांची समेत राज्य के सभी नगर निकायों का चुनाव वर्ष 2023 के बाद से ही राज्य सरकार ने जानबूझकर लटका रखा है। इस बीच राज्य को 7000 करोड़ रुपए का वित्तीय नुकसान हो गया है। रांची वासियों को अपना प्रतिनिधि नहीं मिल पा रहा है, जिससे छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी नगर निगम के अधिकारियों के पास कई बार कई दिनों का चक्कर लगाना पड़ता है।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध बालू खनन को लेकर पुलिस ने की छापेमारी टर्बो जब्त



**सिल्ली।** राहे प्रखंड के सिल्ली थाना अंतर्गत पोगड़ा रंगामाटी में अवैध बालू खनन जोरों पर किया जा रहा है। वहीं बालू माफिया बेखौफ होकर रात के अंधेरे में राढू नदी से बालू जेसीबी के द्वारा उठाया करते हैं और यह बालू ऊंचे दामों में रांची, रामगढ़ आदि जगहों पर भेजा जाता है। बालू माफिया बेखौफ होकर अपने धंधा में संलिप्त है। इस संबंध में राहे सीओ से पूछने पर उन्होंने कहा कि कार्रवाई अभी चल रही है इसी क्रम में सिल्ली थाना में तीन टर्बो जब्त किया गया है बाकी ट्रैक्टर का पता अभी तक नहीं चल पाया है।

### केंद्रीय कीर्तन मंडली का हुआ पुनर्गठन



**चान्हो।** प्रखंड के चैती दुर्गा पूजा मंडप परिसर में रविवार को।केंद्रीय कीर्तन समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता रामचंद्र साही ने किया। इसमें रांची,लोहरदगा,लातेहार हजारीबाग, रामगढ़ खूंटी एवं अन्य जिलों के प्रखंडों से टोली के सदस्यगण उपस्थिति हुए। केंद्रीय कीर्तन मंडली के सफल संचालन के लिए लोगों ने अपनी–अपनी विचार रखें। सभी के विचारों से आए हुए तथ्यों पर मंतव्य कर यह निर्णय लिया गया कि सभी जिलों के प्रखंडों में यथाशीघ्र कीर्तन मंडली का गठन किया जाएगा जिससे प्रत्येक गांव एवं गांव के टोला तक तथा प्रत्येक गांव में देवी–देवताओं के बने हुए मंदिरों के समितियां से संपर्क कर कीर्तन मंडली का विस्तार किया जाएगा। साथ ही साथ मातृशक्ति को भी केंद्रीय कीर्तन समिति में जोड़कर उन्हें भी अपने-अपने गांव में सप्ताह के एक दिन निकटतम मंदिर में भजन संध्या कार्यक्रम चलाने की योजना पर वृहद प्रारूप बनी। केंद्रीय कीर्तन समिति के निम्न प्रकार से है मनोज महतो को अध्यक्ष, प्रदीप महतो को सचिव एवं सुरेश गिरी को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

### एओएल जरुरत के सामानों का किया वितरण



**रांची।** आर्ट ऑफ लिविंग (एओएल) ने रविवार को नामकुम ब्लॉक स्थित हुवांघहातू स्कूल मैदान में कंबल-साड़ी-छाता का वितरण किया। कड़ी धूप के बावजूद 150 से अधिक ग्रामीणों ने ध्यान किया और गांव की समग्र समृद्धि के लिए प्रार्थना की। हुवांघाटु ग्राम पंचायत के श्री सोहराई पाहन ने काकड़ा, उलीडीह, सिंगारसराय, मैपतडीह और माराबुरू के वृद्ध और जरूरतमंद ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित की। ग्रामीणों ने भक्तों के साथ मिलकर लोक संगीत पर नृत्य किया और फिर साथ बैठकर भोग प्रसाद ग्रहण किया। ध्यान एओएल शिक्षक उज्ज्वल भास्कर ने कराया। कार्यक्रम का आयोजन गौरव, गगन, विनय, अजीत, डॉ. रोम, श्रेया, सुपर्णा, नेहा, अंतरा, मीना, प्रेमा, रंजना, आशु, यश, सुप्रकाश और हृदय ने किया। कांके स्थित कोर्टयार्ड मैरियट होटल के कर्मचारियों के लिए उनकी छत पर एक योग सत्र भी आयोजित किया गया। एओएल शिक्षक उज्ज्वल भास्कर द्वारा आनंददायक अनुभवों के लिए आभा ध्यान का अभ्यास कराया गया।

### मुड़मा जतरा में मारपीट की चर्चा



**मांडर।** मुड़मा जतरा में हजारों लोग पहुंच रहे हैं। इस दौरान सुरक्षा को लेकर कोई खास व्यवस्था नहीं है। वहीं मेला में पांच हजार से भी अधिक दुकानें लगी हुई है। रविवार को मेले में मौत का कुंआ खेल दिखाने वाले लोगों को साथ मारपीट की गई है। मारपीट के संबंध में मांडर थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की कोई सूचना नहीं है, हालांकि पुलिस का दावा है कि मौत का कुंआ पहले से ही बंद है।

### मुड़मा चौक में भीषण जाम, घंटों फंसे रहे वाहन चालक



**मांडर।** रविवार को मुड़मा चौक में भयंकर जाम लग गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर के बाद से ही मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति ऐसी रही कि मोटरसाइकिल से लेकर चारपहिया वाहन तक घंटों तक रेंगते रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि जतरा के कारण क्षेत्र में भारी भीड़ उमड़ी है, लेकिन यातायात नियंत्रण के लिए न तो ट्रैफिक पुलिस और न ही प्रशासन की कोई व्यवस्था दिखी। इससे आम जनता को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों ने प्रशासन से मांग की है ऐसे मौकों पर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि आवागमन सुचारु रूप से चल सके।

### पूर्व वायु सेना पायलट ने फिटनेस का मंत्र बताया

**रांची।** एचईसी परिसर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित एनएसीसी रनिंग क्लब में पूर्व वायु सेना पायलट सैकत चौधरी के साथ रिफ्लेक्शन इवेंट का आयोजन एक प्रेरणादायक अनुभव रहा। सैकत चौधरी 55 वर्षीय को उनके 11 साल के शानदार रनिंग सफर के लिए कोच संतोष (एनएसीसी धुर्वा) ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन अंगिका टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु और रांची के निदेशक राहुल कुमार ने किया था।

### गांवों से विलुप्त होती जा रही है ढेंकी, इसका चावल सेवन करने से बीमारी होती है दूर

# आदिवासी बहुल क्षेत्र में अभी भी प्रचलन में है ढेंकी

● वैदिक काल में ढेंकी का कूटा हुआ अनाज शुद्ध माना जाता था। ग्रामीण क्षेत्र के लोगो का मानना है कि ढेंकी से कूटा हुआ अनाज का उपयोग सेहत के लिए लाभकारी साबित होता है

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** एक ज़माने में शहर से लेकर गांवों तक ढेंकी का इस्तेमाल होता था। उस जमाने में हरेक घरों में ढेंकी हुआ करता था। घर की महिलाएं सुबह उठते ही ढेंकी से धान या मक्का आदि कूटने का काम शुरू कर देती थी, लेकिन अब इसका इस्तेमाल धीरे-धीरे गांवों से भी विलुप्त होते जा रहा है। हालांकि आज भी सुदूरवर्ती इलाके में ढेंकी, ओखली का उपयोग किया जाता है। पहले ढेंकी से ही धान, मकई, गोंदली, मडुआ, गोंडा आदि अनाज कूटे जाते थे। आज भी ग्रामीण क्षेत्रो में पूजा पाठ शादी एवं अन्य महत्वपूर्ण उत्सवों में ढेंकी का उपयोग किया जाता है। वैदिक काल में ढेंकी का कूटा हुआ अनाज शुद्ध माना जाता था। ग्रामीण क्षेत्र के लोगो का मानना है कि ढेंकी से कूटा हुआ अनाज का उपयोग सेहत के लिए लाभकारी साबित होता है। लेकिन आधुनिक यूग के लोग इसे अब भूलते जा रहे है। वर्तमान समय में हर काम अब आधुनिक तकनीक (मशीन) से किया जा रहा है। बुजुर्गो का कहना है कि ढेंकी के उपयोग से आज भी लोग स्वस्थ रह सकते हैं। भारत जकात मांझी परगना महाल के प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा का कहना है कि पहले के लोग ढेंकी से धान कूटते थे जिससे उनका शरीर फुर्तीला व चुस्त दुरुस्त रहता था। उन्होंने बताया कि अब ग्रामीण इलाके में भी ढेंकी कम देखने को मिल रहा है। कुछ गिने चुने घरो में ही पाया जाता है और लगता है की अब गांव से भी ढेंकी का प्रचलन विलुप्त की कगार पर है। हमे अपने पुराने परम्पराओ की यादों को संजोय रखने की जरूरत है ताकि आने वाला पीढ़ी को कुछ सीख मिल सके। मालूम हो ढेंकी एक लकड़ी से बना एक उपकरण है। इसकी लम्बाई लगभग सात से आठ फीट तक का होती है। इसमें एक लकड़ी में लोहे की सामी लगा होता है। जिससे धान की कुटाई होती है। यह घर के एक कोने अथवा किनारे में लगाया जाता है। इसे आमतौर पर महिला व पुरुष द्वारा पैर का इस्तेमाल करके चलाया जाता है।

# छठ महापर्व पर भास्कर धाम में लगेगा सात दिवसीय मेला

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़-गोमियां रोड़ पर उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी के तट पर अवस्थित भास्करधाम सूर्य मंदिर परिसर में छठ महापर्व के अवसर पर सात दिवसीय मेला का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। मेला को लेकर जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। मेला की शुरुआत छठ महापर्व के नहाय-खाय के दिन 25 अक्तूबर से होगी। समापन 31 अक्तूबर को होगा। भास्करधाम सूर्य कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य इसे सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं। कमेटी के लोगों ने बताया कि विष्णुगढ़ में पहली बार छठ महापर्व के अवसर पर भास्कर धाम में मेला का आयोजन किया जाएगा। लगातार सात दिनों तक चलने वाले इस मेले में लोगों के मनोरंजन के विशेष प्रबंध किए जाएंगे। मेले में मीना बाजार, तारामाची झूला, ब्रेक डांस, नाव झूला, मौत का कुआं, हाई जंपिंग, मोनो ट्रेन समेत बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन के लिए कई तरह के साधन रहेंगे। खाने-पीने की दुकानों के अलावा खिलौने, सजावट, घरेलू और श्रृंगार के सामान की कई दुकानें भी सजाई जाएगी। भास्कर धाम की सुरम्य प्राकृतिक छटा के बीच मेला का आयोजन लोगों को आकर्षित करेगा। वहीं, भक्ति जागरण संध्या की विशेष प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र होगा। मेला पहुंचने वाले आगंतुकों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए कमेटी द्वारा विशेष इंतजाम किए जाएंगे। मेले की निगरानी के लिए स्थानीय पुलिस के अलावा वॉलेंटियरों की सेवा ली जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर भास्करधाम सूर्य मंदिर में हुई बैठक में सूर्य मंदिर कमेटी के पदाधिकारी, गणमान्य और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### छठ पूजा को लेकर समिति का किया गया गठन

## युवकों को दी गई जिम्मेवारी राहुल गुप्ता अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष बने धीरज गुप्ता



**बरकट्ठा।** प्रखंड का प्रसिद्ध बेलवा नदी छठ घाट पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा आयोजन को लेकर सार्वजनिक छठ पूजा समिति का गठन किया गया। इस निमित अम्बेडकर क्लब बरकट्ठा में पूर्व मुखिया बसंत साव की अध्यक्षता में बैठक किया गया।वहीं संचालन सुनील श्रीवास्तव ने किया।पिछले वर्ष छठ पूजा के शानदार आयोजन के लिए अध्यक्ष बिंदु सोनी व उनकी टीम की योगदान की सराहना की गई साथ ही इस बार समिति की गठन में युवा वर्ग को प्राथमिकता दी गई। जिसमें कुछ अनुभवी सदस्यों को भी जोड़ा गया।इस वर्ष भी छठ पूजा के अवसर पर घाट व छठ मार्ग की साफ सफाई, भव्य लाइटिंग, लाउडस्पीकर, गेट साज सज्जा की व्यवस्था की जाएगी साथ ही भव्य गंगा आरती व महाप्रसाद वितरण योजना पर भी विचार किया गया।वहीं सर्वसम्मति से अध्यक्ष राहुल गुप्ता, उपाध्यक्ष संजीत सोनी, सचिव संतोष मल्लाह, उपसचिव दिलीप सोनी, कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष गुड्डु गुप्ता को मनोनीत किया गया संरक्षक टीम में पूर्व मुखिया बसंत साव, दर्शन सोनी, अजीत यादव, सुनील श्रीवास्तव, दर्शन गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता, बिंदु सोनी, रामेश्वर यादव, अनिल वर्णवाल, अनूप गुप्ता, अशोक नायक, राजन विश्वकर्मा, कुंदन सोनी, सूरज मोदी, मनोज मोदी, मनोज विश्वकर्मा समेत कार्यकारिणी समिति में प्रदीप सिंह की अगुवाई में विनोद सोनी, पप्पू दास, किशोर दास, मुकेश, मोनू मंडल समेत सहयोग राशि संग्रह के लिए सूरज मोदी की अध्यक्षता में 21 नवयुवकों की टीम की घोषणा की गई ।

### सामूहिक विवाह उत्सव को लेकर भाजपा जिला समिति की बैठक आयोजित

# आत्म निर्भर भारत सम्मेलन में पूर्व राज्यपाल व पूर्व सीएम होंगे शामिल

● हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी का मंत्र लेकर भाजपा कार्यकर्ता घर घर स्वदेशी अपनाने को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला समिति द्वारा रविवार को 12:00 बजे शहर के सिद्धू कान्हू जिला मैदान में सांसद सामूहिक विवाह उत्सव 2026 कार्यक्रम एवं आगामी 14 अक्टूबर को रामगढ़ विधान सभा सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया। बैठक में कार्यक्रम स्थल और व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया गया । निर्णय लिया गया कि आज की बैठक में लिए गए निर्णय से सांसद मनीष जायसवाल को अवगत कराया जाएगा और उनके दिशा निर्देश के अनुसार आगे की रणनीति पर काम किया जाएगा । बैठक में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि रामगढ़ जिला के लिए यह बहुत ही ऐतिहासिक पल होगा जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से जरूरतमंद बेटियों को सांसद के आशीर्वाद से उनके सुखद दाम्पत्य जीवन की शुरुआत होगी। उन्होंने बताया कि आगामी 14 अक्टूबर को रामगढ़ विधान सभा सम्मेलन पटेल छात्रवास में अपराह्न 3 बजे आयोजित किया जाएगा । आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन में पूर्व राज्यपाल व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का मार्गदर्शन मिलेगा। हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी का मंत्र लेकर भाजपा कार्यकर्ता घर घर स्वदेशी अपनाने को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष ने गत दिन भदानीनगर ओपी क्षेत्र में महिला की हुई हत्या की निंदा करते हुए कहा की राज्य की हेमंत सोरेन सरकार राज्य में महिलाओं को सुरक्षा करने में पूरी तरह से विफल सिद्ध हुई है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी एवं धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ कैंट मंडल पदाधिकारी कुणाल दास द्वारा किया गया। बैठक को प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणंजय कुमार, डॉ संजय प्रसाद सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, विनोद कुमार,जिला उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी, बलराम महतो, जिला महामंत्री विजय जायसवाल ,जिला मंत्री दिलीप सिंह, संजीव कुमार बाबला, सरदार अनमोल सिंह,संजय प्रभाकर, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, प्रवीन कुमार सोनू, जिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल सिंह,मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, तोकेश सिंह,संजय साह, जिला मीडिया सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, विवेक कुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया और कहा सांसद मनीष जायसवाल के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को भव्य स्वरूप प्रदान करने में कोई कसर न छोड़ी जाएगी। मौके पर रीति श्रीवास्तव, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत सिंह, रीता मानसता, कुणाल दास, गौतम महतो , हिमांशु श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### पुलिस-पत्रकार के बीच हुए रोमांचक क्रिकेट मैच

# नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाना मैच का मुख्य उद्देश्य : एसडीपीओ

● पुलिस-पत्रकार के बीच हुए इस रोमांचक मैच ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया, मैच में खूब तालियां बजीं

नवीन मेल संवाददाता



**बरही ।** रविवार को हरिला खेल मैदान में पुलिस व पत्रकार के बीच रोमांचक क्रिकेट मैच हुआ. पुलिस टीम के कप्तान पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार और पत्रकार टीम के कप्तान राजदेव गुप्ता की उपस्थिति में एसडीपीओ अजीत कुमार ने सिक्का उछाल कर टॉस किया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पुलिस टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट पर कुल 104 रन बनाया. पुलिस इंस्पेक्टर, एसआई राजबल्लभ, रूपलाल यादव आदि के शानदार छक्के-चौके व एसडीपीओ के नाबाद पारी के साथ पुलिस टीम 7 विकेट खोकर कुल 104 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया. अपने सल्लामी बल्लेबाज रितेश कुमार व मुन्ना यादव के साथ लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी पत्रकार टीम दो विकेट खोकर 14 बॉल शेष रहते हुए जीत अपने नाम कर लिया. पुलिस टीम के गेंदबाज सत्यम की सधी गेंदबाजी ने पत्रकार बल्लेबाज को थोड़ा परेशान किया. परंतु राहुल राणा के धुआंधार छक्के चौके के बरसात के बीच पुलिस टीम किंकर्तव्यमविमुढ़ रही. मैच में चंदन कुमार ने अपॉयरिंग और अशोक कुमार ने स्कोरिंग का काम किया. पुलिस-पत्रकार के बीच हुए इस रोमांचक मैच ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया, मैच में खूब तालियां बजीं. पुलिस टीम की ओर से डीएसपी अजित कुमार बिमल, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार (कप्तान), सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राजबल्लभ कुमार, रूपलाल यादव, सौरभ कुमार, रंजीत भगत, नीरज कुमार सिंह, गणेश यादव, दिनेश कुमार, रंजन कुमार, सत्यम कुमार, राहुल कुमार, सकलदेव यादव आदि सहित पुलिस बल मौजूद थे. वहीं पत्रकार एकादश की ओर से राजदेव कुमार, अनुज यादव, रितेश कुमार, अनुज सोनी, किशोर राणा, शान अख्तर, मुन्ना यादव और सिकंदर कुमार ने हिस्सा लिया.

**एसडीपीओ ने कहा :** एसडीपीओ श्री बिमल ने कहा कि मैच का मुख्य उद्देश्य पुलिस व पब्लिक के बीच की दूरियों को कम कर आपसी प्रेम, सामंजस्य व विश्वास बढ़ाना और युवाओं को नशापान जैसे गलत आदतों से दूर कर स्वच्छ मन व तन बनाने के लिए खेल की ओर प्रेरित करना था.

## जलकुंभी से पटा है रेलवे जोड़ा तालाब छठ घाट, कैसे अर्घ्य देंगे श्रद्धालु

**बरकाकाना।** दीपावली के साथ-साथ लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है। बरकाकाना क्षेत्र के लिए रेलवे जोड़ा तालाब पतरातू प्रखंड का प्रमुख छठ घाट है। यहां एक साथ पांच हजार छठ व्रती जुटते हैं और भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना करते हैं। लेकिन तालाब गंदगी और जलकुंभी से पटा पड़ा हुआ है। अगर समय पर साफ-सफाई नहीं हुई, तो यहां श्रद्धालुओं का छठ मनाना कठिन होगा। आस्था का महापर्व छठ पूजा का त्योहार करीब आ गया है। बरकाकाना व आसपास पूरे क्षेत्र में छठ पूजा धूमधाम से मनाया जाता है। छठ पूजा को लेकर चौक चौराहों में चर्चा होने के साथ इसकी तैयारी में भी लोग जुट गए हैं। क्षेत्र के छठ व्रती दामोदर नद, सियार भुकी नदी, बुजुर्ग जमीरा छठ घाट व ग्रामीण क्षेत्र के व्रती समीपवर्ती तालाबों व नदी नालों में बड़ी संख्या में उगते व डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। उक्त छठ घाटों में हजारों छठव्रती पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान में सभी छठ घाटों की स्थिति बद से बदतर है। रेलवे जोड़ा तालाब क्षेत्र का मुख्य छठ घाट है। जहां पर हजारों श्रद्धालु सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचते हैं, जल कुंभी और गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

## जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन का किया गया वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-जरूरतमंदों को भोजन कराया। बताया गया कि आज के कार्यक्रम में सयाल निवासी राजेश श्रीवास्तव के सहयोग से उनके परिवारजनों द्वारा अपने पिता की आत्मा की शांति के लिए लगभग 150 गरीब महिला-पुरूषों और बच्चों के बीच खीर-पुरी एवं सब्जी का वितरण किया गया है। मौके पर राजेश श्रीवास्तव ने मंच के इस नेक कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है, ऐसे सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, रिंकू वर्णवाल, शिवकुमार यादव, लखन राम, शुकरा करमाली ने योगदान दिता ।

### समस्याओं के समाधान का विधायक ने दिया आश्वासन

**गोला।** गोला प्रखंड के धमनाटांड़ गांव की सैंकड़ों महिलाएं विधायक ममता देवी का महिलाएं पहुंचीं और उनसे मुलाक़ात कर गांव की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर समाधान का आश्वासन दिया। महिलाओं ने बताया कि गांव में पानी की समस्या है। पाइप लाइन नहीं होने से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। बिजली के खंभे काफी फासले पर लगे हैं, जिससे तार लटके रहते हैं।

**कार्यक्रम आयोजित** हेड टीचर्स के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय नेतृत्व को सशक्त बनाना

● जिससे विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच और जिज्ञासापूर्ण सीखने की संस्कृति विकसित हो सके। इस पहल के माध्यम से जिले में ऐसे कक्षाओं की परिकल्पना की जा रही है

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** क्वेस्ट एलायंस द्वारा जिला शिक्षा विभाग रामगढ़ के सहयोग से छह प्रखंडों के 80 हेड टीचर्स के लिए फाउंडेशनल आइडियाथॉन-हैकाथॉन पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन होटल स्पाइस गार्डन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय नेतृत्व को सशक्त बनाना था ताकि वे कक्षा में क्रिटिकल थिंकिंग (आलोचनात्मक सोच), कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (संगणनात्मक सोच), समस्या समाधान और नवाचार जैसी क्षमताओं को प्रोत्साहित कर सकें। इससे पूर्व नोडल शिक्षकों के साथ तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिसमें शिक्षकों को इन 21वीं सदी के कौशलों को अपने शिक्षण अभ्यास में शामिल करने का प्रशिक्षण दिया गया। उन्मुखीकरण के दौरान हेड टीचर्स ने क्वेस्ट चौटबॉट टूल का प्रयोग किया - यह एक डिजिटल लर्निंग टूल है जो विद्यार्थियों को कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और प्रॉब्लम सॉल्विंग जैसी अवधारणाओं को इंटरैक्टिव चुनौतियों और मार्गदर्शित गतिविधियों के माध्यम से समझने में मदद करता है। सत्र में हेड टीचर्स की भूमिका पर विशेष बल दिया गया कि वे अपने विद्यालयों में आइडियाथॉन-हैकाथॉन के सफल क्रियान्वयन में नोडल शिक्षकों का सहयोग करें। जिससे विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच और जिज्ञासापूर्ण सीखने की संस्कृति विकसित हो सके। इस पहल के माध्यम से जिले में ऐसे कक्षाओं की परिकल्पना की जा रही है जहां विद्यार्थी केवल पुस्तकों से नहीं बल्कि सोचने, सहयोग करने और समस्याओं को हल करने की क्षमता विकसित करने पर ध्यान देंगे। यह कार्यक्रम विद्यालय नेतृत्व को आवश्यक दिशा प्रदान कर नवाचार और कौशल-आधारित शिक्षण को शिक्षण प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का संचालन राज्य समन्वयक सुशांत पाठक द्वारा किया गया । वहीं, सत्यजीत, आकाश और शितांशु शर्मा (क्वेस्ट एलायंस) ने इसे संयोजित किया। इस आयोजन में जिला शिक्षा टीम रामगढ़ द्वारा सहयोग किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप यह पहल रामगढ़ के विद्यालयों को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक ठोस नींव रख रही है। जहां शिक्षक और विद्यालय प्रमुख मिलकर शिक्षा को अधिक रोचक, प्रासंगिक और कौशल-केंद्रित बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### डॉ0 एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रशिक्षु सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** डॉ० एस० राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ में विगत शनिवार को महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में बी एड प्रशिक्षुओं के बीच छात्र परिषद-2025-26 का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर करण कुमार, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, सचिव पद के लिए प्रिया सिंह, उप-सचिव संगीता कुमारी, कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार, उप कोषाध्यक्ष यशोदा कुमारी का चयन किया गया। छात्र सम्मान समारोह में बी एड प्रशिक्षुओं को कक्षा में श्रेष्ठ उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें 99 प्रतिशत के साथ मंजुला पटेल, सतेन्द्र कुमार, नेन्सी कुमारी, पल्लवी शर्मा, करिश्मा कुमारी तथा करण कुमार को महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, प्राचार्य डॉ० सुशील कुमार उपाध्याय एवं शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने यह भी घोषणा किया कि जो बी एड प्रशिक्षु विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग द्वारा आयोजित परीक्षा में विश्वविद्यालय सर्वोच्च श्रेणी से उत्तीर्ण होंगे उन्हें एक लैपटोप दिया जाएगा। कार्यक्रम की देखरेख एवं मंच संचालन सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। मौके पर शिक्षकों में मो० परवेज अखतर, डॉ० अशोक राम, इंदु कुमारी झा सुलेखा कुमारी, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार तथा दिनेश कुमार उपस्थित थे।

### गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को अज्ञात लोगों ने किया क्षतिग्रस्त



**रामगढ़।** शहर के गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को अज्ञात लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है । प्रतिमा के दोनों हाथ तोड़े गए हैं जिससे लोगों में नारागजी है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को गांधी चौक पर सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कोशिश के विरोध में एक प्रदर्शन का कार्यक्रम तय था। जब प्रदर्शनकारी वहां पहुंचे तो देखा कि महात्मा गांधी की प्रतिमा पहले से ही खंडित अवस्था में है। इसकी सूचना रामगढ़ थाना को दी गई। प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों में गहरा आक्रोश फैल गया। लोगों ने इस कृत्य को राष्ट्रपिता और स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीक के प्रति असम्मान बताया और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। कहा गया कि महात्मा गांधी से रामगढ़ वासियों को विशेष लगाव है। 1940 के कांग्रेस अधिवेशन के दौरान गांधी जी तीन दिनों तक रामगढ़ में रुके थे। साथ ही उनके निधन के बाद उनकी अस्थियों को रामगढ़ के दामोदर नद में प्रवाहित किया गया था तथा रामगढ़ के दामोदर नद के किनारे महात्मा गांधी की समाधी स्थापित है। रामगढ़ के गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने की घटना पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाने को लेकर बैठक का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** कांकेबार स्थित पटेल छात्रावास के सभागार में रविवार को सरदार वल्ल्भ भाई पटेल की 150वां जयंती समारोह मनाने को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में निर्णय लिया गया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी जाएगी। बताया गया की जयंती समारोह के दौरान समारोह के उदघाटनकर्ता , मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा सम्मानित अतिथि के साथ जमीन दाताओ का स्वागत समारोह किया जाएगा । वहीं, छात्र छात्राओं द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जाएगा । बैठक में छात्रावास के अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव शीतल प्रसाद, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता टिकेंद्र कुमार महतो, निगरानी कमिटी के सदस्य बासुदेव महतो, घनश्याम महतो, धनेश्वर महतो, नारायण महतो, ईश्वर नाथ महतो, भुनेश्वर महतोमुकेश महतो, झलकदेव महतो, मनोज महतो, प्रकाश महतो, बैजनाथ महतो, डॉ सुनील कुमार कश्यप, राजेंद्र महतो, शिव नारायण महतो, सुगन्ध कुमार, रोशन महतो, अजय आस्था, गोविंद महतो, चंन्द्रेश्वर महतो, लालबिहारी महतो शामिल हुए।

### सूर्य मंदिर विकास समिति का गठन अनुज बने अध्यक्ष

**विष्णुगढ़।** भास्कर धाम सूर्य मंदिर परिसर में विभिन्न तरह के विकास एवं सुंदरीकरण कार्यों में लोगों की सहभागिता बनाने को लेकर सूर्य मंदिर प्रांगण में बैठक हुई। इसमें सूर्य मंदिर निर्माण कमेटी के पदाधिकारी, गणमान्य और कई स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता रामेश्वर सिंह ने की। बैठक में सूर्य मंदिर के निर्माण के बाद अब इसके सुंदरीकरण एवं विकास कार्यों में लोगों की सक्रिय भागीदारी पर चर्चा हुई। इसमें एक नई कमेटी का गठन का प्रस्ताव लिया गया। सूर्य मंदिर विकास समिति के नाम से गठित इस कमेटी में पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अनुज कुमार सोनी, उपाध्यक्ष पूर्व मुखिया अशोक कुमार गुप्ता, मनोज शीतल, संदीप कसेरा, धीरज सोनी, नीतिश बरनवाल, सचिव ओमकार नाथ शर्मा, सहसचिव वरुण कुमार, महेश प्रसाद पांडेय, रणवीर बरनवाल, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सोनी व रवि कुमार, संगठन मंत्री प्रमोद कुमार साव, शशि लाहकार, अनुप कसेरा, प्रकाश राणा, मीडिया प्रभारी मिथिलेश कुमार बर्मन, सह मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा के अलावा दर्जनों कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया।

### छठ पूजा मनाने को लेकर छठ घाटो की सफाई करने का निर्णय

**हजारीबाग ।** कटकमसांडी थाना क्षेत्र के कुटीपीसी के रेवार गांव में छठ पूजा मनाने को लेकर रविवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रिवर गांव निवासी शिवनंदन साहू, महेश साहू, मुंशी साहू ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भारत का सबसे पवित्र त्योहार छठ पूजा को मनाने के लिए छठ घाट की सफाई करना अति आवश्यक है। इसके लिए गांव में समिति का गठन किया गया है। समिति में अलग-अलग ग्रुप बनाकर सभी लोगों को जिम्मेवारी सौंप दी गई है। इसमें सफाई समिति, देखभाल समिति, निपाई पुताई समिति, फल वितरण समिति सहित कई तरह की जिम्मेदारी बांटी गई है।बैठक में सभी लोगों ने एक स्वर में श्रद्धा के साथ छठ पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया है। मौके पर दिलीप साहू, विराज साहू, निर्मल साहू, शंभू साहू, महादेव साहू, मुंशी साहू आदि मौजूद थे।

# थाना परिसर में दीपावली व छठ को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आगामी दीपावली, छठ पर्व एवं चित्रगुप्त पूजन को लेकर शनिवार को सिमडेगा सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ज्ञानी ने की। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव, बीडीओ समीर रौनियार खलखो और थाना प्रभारी रोहित रजक सहित नगर परिषद प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात नियंत्रण, बाजार प्रबंधन और स्वच्छता पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि दीपावली बाजार इस वर्ष टैक्सी स्टैंड परिसर में लगाया जाएगा, ताकि शहर में जाम की स्थिति न बने। साथ ही शंख नदी छठ घाट पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा घाटों की सफाई का कार्य नगर परिषद के सहयोग से किया जाएगा।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दीपावली की रात शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी, जिससे श्रद्धालु एवं आम नागरिक सुरक्षित रूप से त्योहार मना सकें। साथ ही अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया गया।एसडीओ प्रभात कुमार ज्ञानी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि दोनों पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन को सहयोग करते हुए त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं।

## कुरडेग में दीपावली और छठ महापर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**कुरडेग।** दीपावली और छठ पूजा में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर रविवार को थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यो की बैठक आयोजित हुई । बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी संतोष राय ने की । मौके पर थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगो को दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया । थाना प्रभारी ने कहा कि जिस तरह लोगो का सहयोग दुर्गा पूजा में मिला वैसे ही सहयोग दीपावली और छठ पूजा में मिलना चाहिए जिससे कि किसी तरह के अप्रिय घटना न हो । वही थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगो से अपील करते हुए कहा कि पर्व के दौरान अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी फैलाते नजर आए तो तत्काल इस बात की जानकारी पुलिस प्रशासन को दें, सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रहेगी । इसके अलावे लोगों को यह भी आशवासन दिया कि पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार गश्ती किया जाएगा वहीं लोगों ने छठ घाट की साफ सफाई एवं विद्युत व्यवस्था पर चर्चा की । मौके पर शांति समिति के सदस्य सभी पंचायतों के मुखिया एवं पुलिस के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।



## जलकर वसूली व जलमीनार रखरखाव पर प्रखंड बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में शनिवार को जलकर वसूली एवं जलमीनारों के रखरखाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता कुंदन कुमार, प्रखंड समन्वयक, सभी पंचायतों की जलसहिया दीदी, मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।बैठक में बीडीओ वीरेंद्र किंडो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बने जलमीनारों का सतत संचालन तभी संभव है जब जलकर वसूली नियमित रूप से की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत में जलसहिया और मुखिया के संयुक्त हस्ताक्षर से "पानी समिति" के नाम पर बैंक खाता खोला जाए, जिसमें जलकर से प्राप्त राशि जमा की जाएगी। यह राशि जलमीनार की खराबी या मरम्मती के समय उपयोग की जाएगी।कनीय अभियंता कुंदन कुमार ने बताया कि कई पंचायतों में मोटर, स्विच या पाइपलाइन खराब होने से जलापूर्ति बाधित है। इन समस्याओं के समाधान के लिए समिति बनाकर लाभुकों से मासिक शुल्क के रूप में जलकर वसूली की जाएगी। इस वसूली से प्राप्त धनराशि से जलमीनारों का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को निरंतर पेयजल उपलब्ध हो सके।बैठक में सभी पंचायत प्रतिनिधियों को जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं जलमीनारों की नियमित निगरानी करने का भी निर्देश दिया गया।

## महाबुआंग थाना परिसर में दिवाली और छठ को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** आगामी दिवाली और छठ पूजा को लेकर महाबुआंग थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी ने की।बैठक में त्योहारों के दौरान शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक खबर साझा न करने की अपील की गई।बैठक में भीड़ नियंत्रण, पटाखों के नियमन, छठ घाटों की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया और सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की।इस मौके पर बानो जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना, सोय मुखिया सोमवारी कैथवार, कोनसोदे मुखिया सीता कुमारी तथा उकौली मुखिया कृपा हेमरोम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बैठक में नागरिकों ने भी अपने सुझाव रखे, जिन्हें प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए समाधान का भरोसा दिया।

## जोसिमा खाखा ने ग्रामीणों के साथ 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान की बैठक की

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा ने रविवार को पाकरटांड में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत ग्रामीणों के साथ बैठक की। कार्यक्रम में ग्रामीणों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि जनता अब अपने हक और अधिकार को लेकर जागरूक हो चुकी है। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि जनता ने जिस भरोसे से वोट दिया था, वह भरोसा टूटा है। विकास का सपना दिखाकर कुर्सी हासिल करने वाले अब जनता की नज़र में बेनक़ाब हो चुके हैं। अब समय है कि जनता अपने हक़ की आवाज़ बुलंद करे और वोट चोरों को गद्दी से उतारकर जवाब दे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के साथ खड़ी रही है। हम झूठे वादों में नहीं, ज़मीनी काम में विश्वास करते हैं। जनता की सरकार जनता के हाथ में लौटेगी, यही हमारा लक्ष्य है। जोसिमा खाखा ने कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि सच्चाई और जनता की आवाज़ की है। अब हर पंचायत, हर टोला में जनता बोलेगी वोट चोर गद्दी छोड़। मौके पर अभियान के प्रखंड पर्यवेक्षक सह विधायक प्रतिनिधि एजाज अहमद, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि अख्तर ख़ान, लुसियन मिंज सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## सिमडेगा के बच्चों और युवाओं में है खेल के प्रति गजब का जुनून : विधायक भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सामटोली पारिस मैदान में फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित संत मदर टेरेसा फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। खिताबी भिड़ंत खिजरी ए और खिजरी बी टीमों के बीच हुई। जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिजरी ए ने 4–1 से जीत दर्ज की और विजेता अपने नाम की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिशप विंसेंट बरवा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक भूषण बाड़ा के अलावे जिप सदस्य सह महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष जोसिमा खाखा, समाजसेवी एवं सब्जी विक्रेता भरत प्रसाद विशेष रूप में मौजूद थे। विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी, मेडल और नकद पुरस्कार बिशप विंसेंट बरवा, विधायक भूषण बाड़ा, जोसिमा खाखा और समाजसेवी भरत प्रसाद द्वारा प्रदान किया गया। मौके पर फादर एडमोन बड़ा, फादर शैलेश केरकेट्टा, फादर फेलिक्स, फादर सुनील, फादर पात्रिक खलखो, फादर फ्लोरेश गुड़िया, फादर फेड्रिक कुजूर, कई धर्म बहनें, जनप्रतिनिधि, क्लब सदस्य और भारी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।मौके पर बिशप विंसेंट बरवा ने कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह केवल जीत-हार का नहीं, बल्कि अनुशासन, भाईचारा और सहयोग की भावना का प्रतीक है। युवाओं को खेलों में भाग लेकर समाज में एकता और शांति का संदेश फैलाना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि संत मदर टेरेसा का नाम करुणा और सेवा का प्रतीक है और इस टूर्नामेंट का उद्देश्य भी उसी भावना को आगे बढ़ाना है।



● संत मदर टेरेसा फुटबॉल टूर्नामेंट में खिजरी A ने 4–1 से जीता खिताब, बिशप विंसेंट बरवा और विधायक भूषण बड़ा ने किया पुरस्कृत

### सिमडेगा के बच्चों और युवाओं में है खेल के प्रति गजब का जुनून : विधायक

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा हमेशा से खेल प्रतिभाओं की भूमि रही है। यहाँ के बच्चों और युवाओं में खेल के प्रति गज़ब का जुनून है। ज़रूरत है कि हम उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन दें ताकि वे जिला से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपना परचम लहरा सकें। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल प्रतिभाओं को सामने लाते हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे को भी मज़बूत करते हैं।महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि युवाओं में ऊर्जा और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हमें बस उन्हें दिशा देने की ज़रूरत है। सिमडेगा की धरती ने देश को हॉकी और फुटबॉल जैसे खेलों में अनेक खिलाड़ी दिए हैं। मैं चाहती हूँ कि आने वाले समय में यहाँ से और भी खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम तक पहुँचें। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति और युवा शक्ति मिलकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। खेल हमें सिखाता है कि हार में भी सम्मान और जीत में भी विनम्रता रखनी चाहिए।

## बलसेरा में भव्य इन्द्रदेव पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोरोमियां पंचायत अंतर्गत बलसेरा गांव स्थित ईंद टांड़ में पारंपरिक इन्द्रदेव पूजा एवं ईंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। इन्द्रदेव पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में हजारों की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। पूरे क्षेत्र में उत्सव और उमंग का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय एक्का (जिला परिषद सदस्य) तथा विशिष्ट अतिथि रेणुका सोरेंगे (मुखिया कोरोमियां पंचायत), दीपक लकड़ा (पूर्व उपमुखिया), समाजसेवी मोनू यादव आदि ने दीपप्रज्वलन एवं इन्द्रदेव की पूजा-अर्चना के साथ किया। स्वागत भाषण समिति के अध्यक्ष हराचंद सिंह ने दिया।मुख्य अतिथि अजय एक्का ने कहा कि ईंद मेला हमारी परंपरा और संस्कृति की धरोहर है, इसे सहेजना हमारी जिम्मेदारी है। मुखिया रेणुका सोरेंगे ने कहा कि इन्द्रदेव की कृपा से हरियाली और समृद्धि आती है। वहीं दीपक लकड़ा ने कहा कि इन्द्रदेव वर्षा के देवता हैं, जिनकी आराधना से गांव-समाज में खुशहाली आती है।रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में चंदन दास, रतन बड़ाईक, महेश तिर्की, केशो देवी, सुहाना देवी, सुकांति कुमारी और प्रति बारला ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डांसर संगम एवं दिव्य की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी, जबकि चमरू महली एंड ग्रुप तथा लिटिल स्टार म्यूजिकल ग्रुप सिमडेगा ने संगीत की मधुर लहरियों से रात को सुरमयी बना दिया।

## सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन ने आदिवासी ग्रामीणों का किया सम्मान

**सिमडेगा।** रविवार को समाजसेवी प्रेम कुमार दास की अगुवाई में सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन ने आदिवासी ग्रामीणों के सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर उन लोगों को सम्मानित किया गया जो सदियों से प्रकृति पर्व बुढी करम मनाते आ रहे हैं।कार्यक्रम में महिलाओं को साड़ी, पुरुषों को धोती और बच्चों को शिक्षा के लिए पुस्तकें वितरित की गईं। मुख्य अतिथि दुर्ग विजय सिंह देव ने कहा कि बीरु राजा के पूर्वजों ने आदिवासी खड़िया, उराँव और मुंडा भाई-बहनों को करम की डाली देकर पूजा करने का आदेश दिया था, जिसे आज भी दहसरा दशमी के दिन खुशी-खुशी लोग नाच-गाकर मनाते हैं।समारोह में प्रेम कुमार दास ने बताया कि यह आयोजन सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन और स्वाति मैम की मदद से संभव हुआ। उनका उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम और एकता को बढ़ावा देना है। फाउंडेशन जरूरतमंदों की मदद करता है और समाज में सेवा, न्याय और उत्थान के लिए कार्यरत है।

**सत्संग** समाज के उत्थान के लिए अहंकार त्यागकर सेवाभाव लाएं : अच्युदानंद जी

# धर्मांतरण रोकने और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर जोर

● विश्व हिंदू परिषद ने सत्संग प्रशिक्षण वर्ग का सफल समापन किया

**नवीन मेल संवाददाता**






**सिमडेगा।** आनंद भवन में झारखंड विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय सत्संग प्रशिक्षण वर्ग का समापन रविवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन केंद्रीय सत्संग सह प्रमुख अच्युतानंद जी ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि आज देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है और भारत माता के अस्तित्व पर गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। भारत को विश्व पटल पर पुनः मार्गदर्शक के रूप में स्थापित करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि व्यक्ति का अहंकार उसे पतन की राह पर ले जाता है। समाज के उत्थान के लिए अहंकार त्यागकर विनम्रता और सेवा भाव से कार्य करना आवश्यक है। सत्संग ही वह माध्यम है जो व्यक्ति को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है और सामाजिक समरसता को सशक्त बनाता है।अच्युतानंद जी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में सत्संग की आवश्यकता अत्यधिक बढ़ गई है। आज परंपरा जिहाद के माध्यम से हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को विकृत करने का प्रयास किया जा रहा है। हम आदिकाल से पेड़, नदी, पहाड़ जैसे प्रकृति के तत्वों के पूजक रहे हैं, किंतु आज विधर्मियों द्वारा इन परंपराओं को मिटाने की साजिशें रची जा रही हैं। सिमडेगा जिले में धर्मांतरण की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और भोले-भाले सरना व सनातनी समाज के लोगों को भ्रमित कर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इसे रोकने का सबसे सशक्त उपाय सत्संग ही है।उन्होंने कहा कि गांव-गांव में सत्संग की परंपरा को पुनर्जीवित करना होगा ताकि समाज में समरसता, सद्भाव और जागरूकता का प्रसार हो सके। सत्संग के माध्यम से समाज में आपसी सम्मान और एकता की भावना विकसित होती है, जिससे समाज मजबूत बनता है।कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि सिमडेगा का भौगोलिक स्वरूप और यहां की सामाजिक परिस्थिति को देखते हुए धर्मांतरण के बढ़ते प्रभाव को रोकना आवश्यक है।

## न्यूज बॉक्स

### टेंट मालिकों ने बकाया भुगतान की मांग को लेकर उपायुक्त सिमडेगा को सौंपा ज्ञापन

**कोलेबिरा।** विधानसभा चुनाव 2024 में जिला प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन के निर्देश पर टेंट, कुर्सी, लाइट, जनरेटर सहित अन्य सामग्रियों की आपूर्ति करने वाले कोलेबिरा प्रखंड के टेंट संचालक अब तक अपने बकाया भुगतान के लिए कार्यालयों का चक्कर काट रहे हैं। चुनाव संपन्न हुए एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन अब तक भुगतान नहीं किया गया है, जिससे संचालकों में भारी आक्रोश है।टेंट संचालकों ने बताया कि वे कई बार कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय जाकर भुगतान की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन हर बार "आवंटन नहीं आया है" कहकर उन्हें लौटा दिया जाता है। इस संबंध में प्रसाद टेंट हाउस कोलेबिरा, कश्यप टेंट हाउस कोलेबिरा, निक्की टेंट हाउस लचरागढ़, प्रियंका टेंट हाउस लसिया, जनता टेंट हाउस कोलेबिरा, आदित्य टेंट हाउस कोलेबिरा और विभीषण टेंट हाउस बरसलोया के संचालकों ने उपयुक्त सिमडेगा को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द भुगतान की मांग की है।संचालकों का कहना है कि टेंट व्यवसाय ही उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन है। लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### लचरागढ़ में अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद की बैठक संपन्न

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत लचरागढ़ जलडेगा मोड़ स्थित सामुदायिक भवन में अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद, प्रखंड परिषद कोलेबिरा की बैठक रविवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम की वंदना और शहीद मुण्डल सिंह एवं बख्तर साय की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चैतन्य सिंह ने की। उन्होंने रौतिया समाज को संगठित होकर समाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि परिषद की स्थापना वर्ष 1975 में हुई थी और अब यह अपनी 50वीं वर्षगांठ मना रही है, जो पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है।मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रोहित सिंह ने कहा कि रौतिया समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए एकता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि समाज के हक की मांग को लेकर बहुत जल्द राज्यभर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और उलीहातू से खूंटी कचहरी मैदान तक संकल्प यात्रा निकाली जाएगी।कार्यक्रम में राजेश सिंह, लालमोहन सिंह, बिरेंद्र सिंह, जयंत सिंह, केवल सिंह, बलदेव सिंह, महेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, बसंती देवी, चुनुमनी देवी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### भव्य ईंद मेला में झलकी आदिवासी संस्कृति की छटा, हजारों लोगों की उमड़ी भीड़

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के उकौली पंचायत अंतर्गत उकौली इंद टांड़ मैदान में रविवार को भव्य ईंद मेला का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों के हजारों लोग शामिल हुए। शनिवार रात पारंपरिक रीति से इंद छत्र गाड़कर पूजा की गई, जिसके बाद रविवार को मेला विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ।कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उकौली मुखिया कृपा हेमरोम और पंचायत समिति सदस्य सीमा कंडुलना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उद्घाटन के बाद विभिन्न गांवों की नृत्य मंडलियों ने ढोल-मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।मुख्य अतिथि बिरजो कंडुलना ने कहा कि ईंद मेला हमारी आदिवासी परंपरा, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसे सहेज कर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की।विशिष्ट अतिथि कृपा हेमरोम ने कहा कि यह मेला हमारे पूर्वजों की देन है, जो हमारी संस्कृति को जीवंत रखता है।

### ऐतिहासिक परंपरागत ईंद मेला में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, हजारों की भीड़ उमड़ी

**सिमडेगा।** बानो प्रखंड क्षेत्र के हुरदा ईंद डांड़ मैदान में शनिवार को ऐतिहासिक परंपरागत ईंद मेला के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जमतई मुखिया नामजन जोजो और रायकेरा मुखिया सोमा पाहन ने विशिष्ट अतिथि गिर्दा ओपी प्रभारी सागर चौरसिया तथा समिति सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया।मुख्य अतिथि नामजन जोजो ने कहा कि ईंद मेला हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है, जो प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे आपसी भाईचारे के साथ मेला का आनंद लें और परंपराओं को जीवित रखें। वहीं सोमा पाहन ने समाज में एकजुटता बनाए रखने और बुराइयों को समाप्त करने का आह्वान किया।ईंद मेला समिति अध्यक्ष मंटू साहू ने बताया कि इस अवसर पर भगवान इंद्र की पूजा कर अच्छी फसल की कामना की जाती है। कार्यक्रम में जीवंती देवी, दामिनी कुमारी, भरत सिंह, सुलेन्द्र महली, नेहा कुमारी, मातेश्वरी कुमारी सहित कई कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी।

### भट्टीटोली में आधुनिक सुविधाओं से लैस एसएमएस मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का शुभारंभ

**सिमडेगा।** सिमडेगा ईदगाह मोहल्ला स्थित मस्जिद के सामने आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित एसएमएस मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन रविवार को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल ने रिबन काटकर अस्पताल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिमडेगा शकील अहमद एवं कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि समी आलम, झामुमो जिला सचिव शफीक खान,मो गयास, सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।अस्पताल के ऑर्थोपेडिक्स डॉ विशाल कुजूर के अनुसार एसएमएस हॉस्पिटल 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं प्रदान करेगा। यहां गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव, नवजात शिशु से लेकर सभी आयु वर्ग के मरीजों के इलाज की विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही पैथॉलॉजी, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, सामान्य प्रसव, हाई-रिस्क प्रेगनेंसी, बवासीर, हर्निया, फिस्टुला, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण जैसी जटिल चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की टीम चौबीसों घंटे मरीजों की सेवा में तत्पर रहेगी।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा ने प्रांतीय प्रतियोगिता में बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा ने प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया। प्रतियोगिता गुमला जिले के विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर, बसिया में आयोजित हुई, जिसमें सुलेख, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।इस प्रतियोगिता में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की। कक्षा सप्तम और अष्टम में हुए निबंध प्रतियोगिता में प्रवीण प्रधान ने प्रथम पुरस्कार तथा खुशबू कुमारी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा नवम और दशम के निबंध प्रतियोगिता में अनुप्रिया कुमारी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।विद्यालय परिवार, आचार्य एवं समिति के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, नियमित अध्ययन और संस्कारयुक्त शिक्षा का परिणाम है।

### सहिया साथियों ने फिर से तैयार होकर पढ़ाई की राह अपनाई

**सिमडेगा।** प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में अब सिमडेगा जिले में एक नई मिसाल स्थापित हो रही है। पिछले तीन वर्षों से शिक्षक राज आनन्द सिन्हा ने गाँव-देहात की महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया है। उनके प्रयास से कई महिलाएँ, जिन्होंने वर्षों पहले पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी, अब दोबारा शिक्षा की राह पर लौट आई हैं।राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के तत्वावधान में इन महिलाओं को शिक्षा दी जा रही है। इन सहिया साथियों ने लगन और मेहनत से पढ़ाई कर नई पहचान बनाई है। अक्टूबर 2025 में इनकी परीक्षा होने वाली है। परीक्षा की तैयारी को लेकर शिक्षक राज आनन्द सिन्हा ने सभी छात्राओं को प्रवेश पत्र वितरित किए और परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।शिक्षक ने सभी सहिया साथियों को मेहनत और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, "सीखने की कोई उम्र नहीं होती, बस मन में चाह होना चाहिए।" इस पहल से न केवल महिलाओं में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा है, बल्कि यह सिमडेगा में महिला शिक्षा की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी बन गया है।

# पुलिस की छापेमारी में 11 अपराधी गिरफ्तार, निगरानी अधीन अपराधकर्मियों का किया गया सत्यापन

नवीन मेल संवाददाता





**सरायकेला खरसावां ।** सरायकेला खरसावां जिलांतर्गत अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर निगरानी रखने पुलिस अधीक्षक सरायकेला खरसावां के नेतृत्त्व में विगत रात्रि विभिन्न कांडों में वांछित अपराधियों/वारंटियों की गिरफ़्तारी एवं आरोपपत्रित अपराधियों के सत्यापन हेतु विशेष अभियान चलाया गया ।उक्त अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला,सभी थाना प्रभारी/अंचल निरीक्षक के नेतृत्व में छापामारी दलों का गठन किया गया। उक्त टीमों द्वारा विभिन्न थानांतर्गत छापामारी करते हुए कुल 11 वांछित अपराधियों/वारंटियों को गिरफ्तार किया गया ।साथ ही अपराध नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु विभिन्न अपराध शीर्ष यथा आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट,हत्या,उत्पाद अधिनियम, संपत्तिमूलक कांड,नक्सल कांड में आरोपपत्रित अपराधकर्मियों का भौतिक सत्यापन किया गया।

**गिरफ्तार अपराधी :** नुरूल इस्लाम, शाबीर हुसैन, हरिपद ज्योतिषि, अधीर कुमार प्रधान, टुना सोरेन उर्फ अम्पाई सोरेन, गोपाल सरकार, मोटु हाजाम उर्फ मनबोध हाजाम, निरंजन दास, नारायण सरदार,भूषण मुर्मू उर्फ टाकला, विष्णु महतो आदि शामिल हैं।

### कोडरमा में आदिम जनजातियों के उत्थान की पहल

# बिरहोर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रशासन कर रही प्रयास

**कोडरमा।** आदिम जनजाति बिरहोर और मुंडा समुदाय के परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कोडरमा जिले में प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं. इन समुदायों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रशासन उनके घरों तक पहुंच रहा है. कोडरमा के विभिन्न प्रखंडों में निवास करने वाले बिरहोर और मुंडा समुदाय अभी भी सामाजिक मुख्यधारा से काफी दूर हैं. झारखंड की सभ्यता और संस्कृति की पहचान माने जाने वाले इन आदिम जनजातियों के सामाजिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रशासन ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं से जोड़ने की पहल शुरू की है. इसके तहत सबसे पहले इन परिवारों के आधारभूत दस्तावेजों को मजबूत किया जा रहा है. बिरहोर परिवारों के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं. प्रशासन द्वारा आयोजित शिविरों के जरिए बिरहोर परिवारों को आयुष्मान कार्ड और प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़ा जा रहा है. इन शिविरों में चिकित्सा जांच भी की जा रही है. बिरहोर समुदाय इन प्रयासों से उत्साहित है और उन्हें उम्मीद है कि इन पहलों से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा. बिरहोरों की जीवनशैली में सुधार के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ा जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रक की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त, एक घायल, प्राथमिक ईलाज के बाद रेफर



**बरही ।** जीटी रोड स्थित बिलौतिया मोड़ के पास एक अज्ञात ट्रक ने के चपेट में आने से एक कार आंशिक रूप से क्षति ग्रस्त हो गया. जिससे कार में बैठे भदोही (उप्र) के उपेंद्र सिंह (32 वर्ष) पूरा सोनपाल सिंह घायल हो गए. जिन्हे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक ईलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए हजारीबाग मेडिका कॉलेज रेफर कर दिया. इधर घटना की जानकारी मिलते ही विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और घायल का इलाज करवाने में मदद किया.

### बोकारो में बड़ा हादसाः सेक्टर 1B के ब्लॉक के पीछे का क्वार्टर धंसा बाल-बाल बचे लोग



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 1B इलाके में शनिवार देर शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. एक ब्लॉक के पीछे स्थित क्वार्टर का ऊपरी फ्लोर से लेकर नीचे तक के दो कमरे और टॉयलेट अचानक धंसकर नीचे गिर गए. गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ. इस हादसे से ठीक पहले एक तेज आवाज सुनाई दी, जिससे लोग सतर्क हो गए और तुरंत ब्लॉक से नीचे उतर गए. जिस प्रकार की घटना हुई कि इसमें भारी जानमाल की क्षति हो सकती थी पर किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. लेकिन चारों फ्लोर के कमरों के एक साथ गिर जाने से लोगों का काफी सामान मलबे में दब गया. जिसमें फ्रीज, वॉशिंग मशीन, अलमीरा और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं. इस घटना की जानकारी मिलते ही सिटी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को वहां से हटाया. थाना प्रभारी सुदामा दास ने घटना को लेकर कहा कि इस हादसे में किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है. बोकारो नगर बीजेपी के पूर्व महामंत्री विकास कुमार मौके पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि जिस ब्लॉक में यह हादसा हुआ है, वह HSCL का है और इसे करीब आठ साल पहले ही डैमेज घोषित किया जा चुका था.

### नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कपका से एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कपका निवासी मनोज मंडल ने बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन देकर साजन मंडल पिता बिरेन्द्र मंडल, निवासी कपका बाना, समेत नौ लोगों पर अपनी नाबालिग पुत्री को भगाने का आरोप लगाया है। साथ ही आवेदन में बताया कि मेरी पुत्री को दिनांक 8 अक्टूबर 2025 की रात्रि करीब 12 बजे साजन मंडल बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है कि इस घटना में पूरे परिवार की मिलीभगत रही है। आवेदक ने साजन मंडल के साथ-साथ बिरेन्द्र मंडल, देवन्ती देवी, केदार महतो, कोसिला देवी, मुरली महतो, सुनिता देवी, रामजी प्रसाद, और मदन मंडल को साजिश में शामिल बताया है। इस मामले को लेकर थाना कांड संख्या 137/25 है। वहीं परिजन ने नाबालिग बेटी की सकुशल बरामदगी की मांग की है।

### सरला बिरला स्कूल में एमयूएन का हुआ समापन




**रांची।** दो दिवसीय झारखंड मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (जेएचएमयूएन) 2025 का भव्य समापन रविवार को सरला बिरला पब्लिक स्कूल में हुआ, जहां उत्साह, ऊर्जा और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्यार्थियों ने वाद-विवाद, संवाद और वक्तृत्व कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए इस आयोजन को चिंतन, नेतृत्व और वैश्विक जागरूकता के उत्सव में बदल दिया। छात्रों द्वारा गठित सिम्युलेटेड समितियों ने महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गहन चर्चा की, प्रस्ताव पारित किए और विचारशील व नवोन्मेषी समाधान प्रस्तुत किए। उनकी चर्चाओं में मजबूत विश्लेषणात्मक क्षमता, समस्या-समाधान कौशल, कूटनीति, टीम भावना और अंतरराष्ट्रीय मामलों की गहरी समझ झलक रही थी। प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रयासों को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न समितियों — संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए), संयुक्त राष्ट्र सुरक्षापरिषद (यूएनएससी), विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ), लोकसभा, झारखंड विधान सभा (जेएलए., अखिल भारतीय राजनीतिक दल बैठक (एआईपीपीएम) और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) — के प्रतिनिधियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया। गहन विचार-विमर्श के बाद कार्यकारी बोर्ड द्वारा विजेताओं को पुरस्कार और स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिससे निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। विद्यालय की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन सरला बिरला पब्लिक स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन साबित होता है। इस मंच ने विद्यार्थियों को विश्व स्तर पर काफी कुछ सीखने का अवसर दिया और उन्हें भविष्य में सीखने और विकसित होने के नए रास्ते भी प्रदान किए। विद्यालय ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और आयोजकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### 10 वर्ष बाद भी जलापूर्ति योजना अधूरी हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से की शिकायत

**बागबेड़ा।** बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना एवं बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना में क्रमशः 1 करोड़ 88 लाख 69710 रुपये और 300 करोड़ की राशि स्वीकृत होने के बावजूद आज तक जनता को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पाया. 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा शिलान्यास कर योजना को 2018 तक पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया था, परंतु आज तक योजना अधूरी पड़ी है. बागबेड़ा महानगर विकास समिति ने शुक्रवार को इसकी शिकायत झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से की. साथ जलापूर्ति योजना के 10 वर्ष बाद भी धरातल पर नहीं उतरने के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की. सौंपे गये शिकायत पत्र में कहा गया है।

### देवघर में प्रसूता की मौत पर हंगामा, नर्स पर लापरवाही बरतने का आरोप, जांच समिति गठित



**देवघर।** सदर अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया जब प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और नर्स पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया. जानकारी के अनुसार, विगत शनिवार सुबह प्रसव पीड़ा के बाद महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने सुरक्षित रूप से एक बच्चे को जन्म दिया लेकिन बच्चे के जन्म के कुछ ही देर बाद महिला को अचानक तेज दर्द हुआ. ड्यूटी पर तैनात नर्स ने उसे एक इंजेक्शन लगाया, जिसके तुरंत बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी. स्थिति को गंभीर होता देख अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो गई. जिसके बाद परिजन महिला का शव लेकर फिर से सदर अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा किया. आक्रोशित परिजनों का कहना था कि यदि नर्स और डॉक्टर समय पर सही उपचार करते तो महिला की जान बचाई जा सकती थी. महिला, देवघर के गिधनी पंचायत के कोठिया की रहने वाली थी. घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन में अफरातफरी मच गई.डॉ. युगल किशोर चौधरी, सिविल सर्जन ने कहा कि तत्काल तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है. कुछ दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी, यदि किसी भी स्वास्थ्यकर्मी या चिकित्सक की लापरवाही पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि देवघर के सरकारी और निजी अस्पतालों में लापरवाही के मामले लगातार सामने आ रहे हैं.

### दीपावली पर डिजाइनर दीयों से जगमगाएगा हजारीबाग

# महिलाएं दिन-रात मेहनत कर तैयार कर रहीं आकर्षक दीपक

- दीए बनाने वाली महिलाएं बताती हैं कि डिजाइनर दीये का फायदा है कि इस तरह के दीये में तेल कम सोखता है. डिजाइनर दीए देखने में खूबसूरत लगते हैं

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** रोशनी का त्योहार दीपावली को लेकर हजारीबाग में जोर-शोर से तैयारी चल रही है. कुम्हार दीये बनाने में दिन-रात लगे हुए हैं .इस बार हजारीबाग डिजाइनर दीयों से जगमगाएगा. जिले के कटकमदाग प्रखंड के हथामढ़ी गांव में महिलाएं डिजाइनर दीये तैयार कर रही हैं. इनके दीये की मांग हजारीबाग ही नहीं, बल्कि दूसरे शहरों में भी है. बदलते समय ने दीये के स्वरूप को बदल दिया, लेकिन इसकी सुंदरता दिन-प्रतिदिन और निखरते जा रही है. हजारीबाग के सुदूरवर्ती कटकमदाग प्रखंड के हथामढ़ी गांव में एक परिवार डिजाइनर दीये बड़े शिद्दत के साथ तैयार कर रहा है. घर में तीन-तीन मशीनें लगी हैं. महिलाएं सुबह से लेकर रात तक दीये बना रही हैं. एक दिन में 1000 से अधिक दीये तैयार किए जा रहे हैं. डिजाइनर दीये में केमिकल और केरोसिन का उपयोग होता है. जिस कारण इसकी सुंदरता और भी अधिक निखर जाती है. दीए बनाने वाली महिलाएं बताती हैं कि डिजाइनर दीये का फायदा है कि इस तरह के दीये में तेल कम सोखता है. डिजाइनर दीए देखने में खूबसूरत लगते हैं. बदलते समय के अनुसार डिजाइनर दीये की मांग भी बढ़ी है. दीये पहले कुम्हार चाक से बनाया करते थे. जिसमें काफी मेहनत लगती थी. लेकिन बदलते समय में चाक की जगह मशीन ने ले ली है. आधुनिक जमाने की कुम्हार चाक की जगह मशीनों से दीये बना रहें हैं. मिट्टी के दीये और अन्य सामान बनाकर महिलाएं अपना परिवार चला रही हैं. यह काम लघु उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है.

दीये बनाने वाली महिलाएं कहती हैं कि सिर्फ दीपावली ही नहीं, बल्कि सालों भर डिजाइनर दीये की मांग रहती है. हालांकि दीपोत्सव में डिजाइनर दीये की मांग बढ़ जाती है. स्थिति ऐसी हो जाती है कि मांग के अनुरूप दीये उपलब्ध कराना चुनौती बन जाती है. पहले के जमाने में मिट्टी के कोई भी बर्तन चाक पर बनाए जाते थे अब तो इसकी मशीन आ गई जो शीघ्र ही घंटो में सौंकड़ों बर्तन बना कर रखती है। वह बहुत ही आकर्षक भी लगते हैं और इसकी मांग भी ज्यादा होती है जो लोग चाह से ले जाते हैं।

### केंद्र सरकार देश भर में सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए चला रही रैंप



**हजारीबाग।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार इन दोनों विशेष कार्यक्रम चल रही है. जिसका उद्देश्य व्यवसाय करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे आत्मनिर्भर हो सके और अपना व्यवसाय को आगे बढ़ा सके. भारत सरकार इन दिनों सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश भर में रैंप का आयोजन कर रही है. इसके अंतर्गत एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए सरकार के अलग-अलग योजना, कौशल विकास प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देना है. साथ ही उद्यमियों का निबंधन किया जा रहा है. ताकि उद्यमियों को मदद किया जा सके. हजारीबाग में MSME इकाई को प्रोत्साहन देने एवं अधिक से अधिक उद्यमियों को उद्यम पंजीकरण से जुड़ने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया. यह आयोजन रांची जिडको निर्देशानुसार हुआ है. निःशुल्क उद्यम पंजीकरण जागरुकता शिविर में जिले के इच्छुक उद्यमियों एवं व्यवसायियों का ऑन-द-स्पॉट उद्यम निबंधन किया गया. इस निबंध शिविर में पहुंची महिला ने बताया कि यह एक बेहतर शिविर है. उद्योग लगाने के बारे में जानकारी भी दी जा रही है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किस योजना का लाभ कैसे लेना है इसकी जानकारी दी गई. जिसमें विशेष रूप से लोन के बारे में जानकारी दी गई. केंद्र सरकार उद्योग को बढ़ावा देने और उनका समर्थन करने के लिए योजनाएं और लाभ प्रदान करती है. जिसमें ऋण, सब्सिडी और रजिस्ट्रेशन शामिल हैं.

### दुर्ग-आरा समेत पांच जोड़ी एक्स. ट्रेनें रद्द

**जमशेदपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग स्थित राउरकेला-कंशबहाल-राउरकेला अप व डाउन रेल लाइन में शनिवार को साढ़े 5 घंटे का टीआरटी मेगा ब्लॉक रहेगा. ब्लॉक के कारण रेलवे ने शनिवार को दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस समेत 5 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया है. ज्ञात हो कि 11 अक्तूबर से 16 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को साढ़े 5 घंटे का टीआरटी ब्लॉक लिया जायेगा. इस कारण शनिवार को दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस, टाटा-इतवारी-टाटा एक्सप्रेस, हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया एक्सप्रेस, राउरकेला-झारसुगुड़ा-राउरकेला मेमू, राउरकेला-पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रहेगी. ट्रेन रद्द होने लोगों को परेशानी काफी बढ़ गई है। जो जाने वाले वह नहीं जा सकेंगे।

# स्कूल ने आयोजित किया "रन फॉर डीएवी" प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता



**बरही ।** स्वस्थ्य तन व स्वस्थ्य मन के साथ खेल भावना को विकसित करने के उद्देश्य से डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में "रन फॉर डीएवी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे विद्यालय के कई छात्र-छात्रा सहित टीचिंग व नन टीचिंग स्टाफ ने हिस्सा लिया. जिसका आग़ाज़ प्राचार्य डॉ आशुतोष मैढ़ ने हरी झंडी दिखाकर किया. इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी "स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन" का संदेश देते हुए निर्धारित मार्ग पर दौड़ पूरी किया. इसके पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इंटरनेट के इस युग में लोग खेल मैदान से विरक्त हो रहे है. पारंपरिक खेल और प्रतियोगिताएं कम आयोजित हो रहे है. जिससे आपसी सौहार्दता, विश्वास और प्रेम में कमी के साथ मानसिक व शारीरिक दुर्बलता आई है. इसे तंदुरुस्त करने के लिए नियमित अभ्यास और खेल आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ तन और मन में हीं स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है. जो मनुष्य को सर्वगुणसंपन्न बनाता है. जिनका उत्साहवर्धन के लिए शिक्षक और अभिभावक रहे. प्रतियोगिता में बालक वर्ग से कुणाल यादव प्रथम, प्रिंस कुमार यादव द्वितीय और प्रियांशु रजक तृतीय तथा बालिका वर्ग में प्रतिज्ञा कुमारी प्रथम, द्वितीय रिया कुमारी और तृतीय ईशा रानी रही. कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी ए एन ओ डॉ दीपक शरण एवं खेल शिक्षक राजेश कुमार सिंह ने महत्ती भूमिका निभाई.

## आत्मनिर्भर

### आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

# आत्मनिर्भर भारत सिर्फ नारा ही नहीं बल्कि राष्ट्र के आर्थिक स्वावलंबन का दृढ़ संकल्प है : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

- लोकल फॉर वॉकल के आवाज बुलंद हुए हैं और स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है. जिसे सफल बनाने में भाजपा कार्यकर्ता सेतु का काम कर रहे हैं



**बरही।** आगामी 17 अक्तूबर को बरही के भगवती मंदिर परिसर में भाजपा का आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन प्रस्तावित है. इसकी तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में डाक बंगला में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमें सैकड़ों की संख्या में भाजपा के समर्पित सिपाही सहित बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए. अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने सम्मेलन की आवश्यकता व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ी है. युवाओं व महिलाओं में कौशल प्रवीणता आई है. लोकल फॉर वॉकल के आवाज बुलंद हुए हैं और स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है. जिसे सफल बनाने में भाजपा कार्यकर्ता सेतु का काम कर रहे हैं. आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के आर्थिक स्वावलंबन का संकल्प है. विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील किया. कार्यकर्ताओं का हौसलावर्द्धन करते हुए जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि बरही का आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन ऐतिहासिक होगा. यह सम्मेलन केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी को आमजन तक पहुंचाने में सहायक होगा. इसके लिए हर कार्यकर्ता को जिम्मेवारीपूर्ण कार्य करना होगा. भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक केंद्र के जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है. बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, आयोजन स्थल की तैयारियों, पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों और प्रचार-प्रसार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई. जिसमें मुख्य रूप से सुरेंद्र रजक, नारायण यादव, रामस्वरूप पासवान, राजदेव यादव, लक्ष्मण यादव, अजय मेहता, बाबूलाल प्रसाद मेहता, राजेन्द्र चंद्रवंशी, द्वारिका राणा, मुकुंद साव, कृष्णा साव, आकाश जयसवाल, रंजीत यादव, बिनोद कुमार यादव, रत्नदेव ठाकुर, बालेश्वर साव, मनोज कुमार साव, राजकुमार यादव, ज्योतिष यादव, गुलाब रजक, राजकुमार प्रसाद केशरी, बालेश्वर यादव, उपेन्द्र नारायण सिंह, धर्मेंद्र यादव, रघुनाथ मोदी, सहदेव शर्मा, राजकुमार यादव, अमित कुमार गौरव, इंद्रदेव यादव, विजय कुमार राणा, बिनोद यादव, प्रकाश ठाकुर, कामेश्वर रविदास, शम्भू भुइयां, कैलाश महतो, छोटन गोप आदि सहित कई उपस्थित हुए.

### मोदी समाज के लोगों ने राज्य पिछड़ा आयोग अध्यक्ष से की मुलाकात



- पूर्व विधायक प्रत्याशी सुरेन्द्र भाई मोदी व हजारीबाग मोदी वर्णवाल समाज के अध्यक्ष सुरज कुमार के नेतृत्व में समाज के लोगों ने मुलाकात कर श्री प्रसाद को अंगवस्त्र भेंट की

बरकट्ठा। मोदी वर्णवाल समाज के लोगों ने झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। वहीं पूर्व विधायक प्रत्याशी सुरेन्द्र भाई मोदी व हजारीबाग मोदी वर्णवाल समाज के अध्यक्ष सुरज कुमार के नेतृत्व में समाज के लोगों ने मुलाकात कर श्री प्रसाद को अंगवस्त्र भेंट की। इस बाबत सुरेन्द्र भाई मोदी ने बताया कि मांग पत्र के माध्यम से हमने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष से मांगा कि हमारा मोदी समाज कई उपनाम से जाना जाता है जिन्हें हम बनवार,बनरवार बर्णवाल, बरनवाल, बनिया, मोदी समाज का समरुप है, जिसको ओबीसी सूची में शामिल की जाय । हम लोगों ने केन्द्रीय ओबीसी सूची में दर्ज करने के लिए उनसे आग्रह किया। मौके पर राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने लोगों से उनकी मांग पर ध्यान देने एवं उस उपजातियां को ओबीसी में शामिल कराने के लिए प्रयास करने की बात कही। मौके पर बज्र किशोर बर्णवाल, अशोक कुमार बरनवाल, शंकर मोदी, सुरज मोदी, अरुण मोदी, जयप्रकाश मोदी, भुनेश्वर मोदी, चंदन मोदी, शिवशंकर मोदी, राजेन्द्र मोदी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

सुप्रभात विचार प्रवाह

जब आपके शरीर की प्रत्येक गतिविधि शांतिपूर्ण होती है, और जब आपके विचारों में, इच्छा-शक्ति में, प्रेम में, शांति होती है, तथा शांति एवं ईश्वर आपके लक्ष्य होते हैं, तो समझ लीजिए कि आपने अपने जीवन को ईश्वर से जोड़ लिया है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# गाजा युद्ध से सीख किसने ली ?

गाजा में युद्ध रुक गया है पर इससे मिलने वाली शिक्षा को लेकर एक अन्य बहस छिड़ सकती है। माया एंजेलो की चेतावनी पर वर्ष 1988 में ही यकीन करना चाहिए था, जब हमास ने अपनी स्थापना के वक्त ही यहूदियों का कत्लेआम करने की मंशा जाहिर की थी। लेकिन वैचारिक सुविधा के कारण इस्राइल हमास को बर्दाश्त करता रहा, क्योंकि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए विभाजित फलस्तीनी राजनीति अनुकूल थी और अंतरराष्ट्रीय जगत भी हमास को उखाड़कर फेंकने के प्रति अनिच्छुक था। इस दुर्दांत समूह को सात अक्तूबर, 2023 तक बर्दाश्त किया गया, जबकि उस दिन मारे गए 1,200 लोगों के लिए तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हमास और इस्राइल के बीच लगातार संघर्ष के बावजूद गाजा पर नियंत्रण करने की इस्राइल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है, क्योंकि जैसा कि व्हाइल इस्राइल स्लीप्ट नामक किताब के सह-लेखक याकोव काट्ज ने मुझे लिखा, आयरन डोम जैसी तकनीकों के चलते इस्राइल इस भ्रम में रहा कि 'वह अभेद्य' है। लेकिन सात अक्तूबर को इस्राइल की सिग्नल इंटेलिजेंस, मिसाइल इंटरसेप्टर, दुरुस्त बाड़ और भूमिगत अवरोध जैसी उच्च तकनीकें हमास के कम तकनीकी क्षमता वाले पैराग्लाइडरों और बुल्डोजरों के आगे अनुपयोगी साबित हुईं। डोनाल्ड रम्सफेल्ड ने कहा था, 'कमजोरी उत्तेजक होती है।' लेकिन कमजोरी का आभास भी उत्तेजक होता है। हमास के दिवंगत नेता याह्या सिनवार ने तभी इस्राइल की कमजोर ग्रंथि का अंदाजा लगा लिया था, जब इस्राइल ने अपने सिर्फ एक सैनिक गिलाद शलित के बदले में उसे और अन्य सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया था। लेकिन सात अक्तूबर के हमले से कुछ महीनों पहले तक इस्राइल इतना कमजोर कभी नहीं दिखा था, क्योंकि नेतन्याहू सरकार ने न्यायिक 'सुधार' के लिए काफी जोर लगाया था। इस्राइल की सरकार से बेहतर तो वहां के आम लोग हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण साठ वर्षीय सेवानिवृत्त जनरल नोआम टिबोन हैं, जो अपनी पत्नी गैली के साथ गाड़ी चलाकर अपने बेटे आमिर और उसके परिवार को बचाने के लिए किबुत्ज पहुंचे थे, जिस पर हमास का कब्जा हो गया था। अगले दिन टिबोन ने द टाइम्स से कहा था, 'हम जानते थे कि अगर हम उन्हें बचाने नहीं गए, तो कोई नहीं जाएगा।' नोआम ने अपने परिवार को बचाने में कामयाबी हासिल की, जबकि गैली ने घायल इस्राइलियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ऐसी कई कहानियां हैं। सामुदायिक जिम्मेदारी के ताल्मुद विचार-'सभी इस्राइली एक-दूसरे के लिए जिम्मेदार हैं'- ने ही सात अक्तूबर को यहूदियों को बचाया था। विडंबना है कि मॉन्ट्रियल से लेकर मेलबर्न तक के इस्राइल-विरोधी, जो यूरोपीय भाषाएं बोलते हैं और ऐसी जमीन पर रहते हैं, जो अक्सर मूल निवासियों से छीनी गई थी, हिब्रू भाषी इस्राइल को उपनिवेशवाद का प्रतीक मानने लगे हैं। इस्राइली समर्थकों को एक यहूदी राज्य के रूप में अपने अस्तित्व के अधिकार के बारे में दलील देने की जरूरत है। यह आयरिश लोगों के आयरिश राज्य या यूनानियों के ग्रीक राज्य के अधिकार से अलग नहीं है।

*हमास और इस्राइल के बीच लगातार संघर्ष के बावजूद गाजा पर नियंत्रण करने की इस्राइल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है, क्योंकि जैसा कि व्हाइल इस्राइल स्लीप्ट नामक किताब के सह-लेखक याकोव काट्ज ने मुझे लिखा, आयरन डोम जैसी तकनीकों के चलते इस्राइल इस भ्रम में रहा कि 'वह अभेद्य' है।*

आज की बात



कृष्णमोहन सिंह

# मारिया कोरिना माचाडो को मिला 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार , हहरते रह गए ट्रंप

## नोबेल समिति ने कहा, "उन्होंने तानाशाही के अंधेरे में लोकतंत्र की किरण जलाए रखी"



नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा ने साबित कर दिया कि शांति कोई ट्वीट-तड़का नहीं, बल्कि जुल्म के खिलाफ जुझारू तलवार है। वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो को यह तमगा मिला – एक ऐसी शेरनी, जिसने वेनेजुएला के तानाशाह निकोलस मादुरो की तानाशाही के काले साये में लोकतंत्र की लौ जलाए रखी। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने उनकी "लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए बुलंद लड़ाई" और "शांतिपूर्ण बदलाव की जिद" को सराहा। इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जो नोबेल के लिए ऐसे मचल रहे थे जैसे कोई बच्चा मेला-खिलौने को ललचाए, लॉबिंग और ट्वीट की बमबारी में डूबे रहे, पर हाथ लगा सिर्फ ठेंगा। उनका ट्वीट? "मैंने आठ युद्ध खत्म किए, लेकिन ये वामपंथी नोबेल गैंग मुझे 'पॉलिटिक्स ओवर पीस' का तमाचा मार रहा है।" अरे ट्रंप साहब व उनके जैसे तानाशाह , शांति कोई 'द आर्ट ऑफ द डील' का चैप्टर नहीं कि डीलरशिप में बिक जाए!

**माचाडो: वेनेजुएला के तानाशाह मादुरो के जुल्मों के विरुद्ध लगातार लड़ती रहीं**

मारिया कोरिना माचाडो – वेनेजुएला की वो बुलंद आवाज, जिसने मादुरो के जुल्मों को ललकारा। 1967 में जन्मीं, अमेरिका में इंजीनियरिंग और फाइनेंस पढ़ीं, फिर 2002 में 'सुमेटे' बनाया – एक गैर-लाभकारी संगठन, जो तानाशाही में आर्थिक आजादी का सपना बुनता था। 2010 में वे नेशनल असेंबली में रिकॉर्ड 43.2% वोटों से जीतीं – जैसे जनता ने चिल्लाकर कहा, "यही है हमारी नेता!" मगर असली इम्तिहान 2014 में शुरू हुआ, जब मादुरो ने विरोधियों को कुचलना शुरू किया। माचाडो ने 'वेंकांसा वेनेजुएला' पार्टी बनाई, जो शांतिपूर्ण विद्रोह का चेहरा बनी। 2023 में राष्ट्रपति चुनाव में उतरीं, पर मादुरो के सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अयोग्य ठहराया। फिर भी, उन्होंने एडुआर्डो गोंजालेज उरेला को समर्थन दिया, जिसने 2024 में 67% वोटों से जीत हासिल की – लेकिन मादुरो ने उस जीत को चुराकर अपनी तिजोरी में बंद कर लिया।वेनेजुएला की तबाही के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। 2013 से 2025 तक जीडीपी 75.4% गिरी – दुनिया की सबसे भयावह आर्थिक मंदी। 7.7 मिलियन लोग शरणार्थी बनकर देश छोड़ गए – सीरिया संकट (8.2 मिलियन) के बाद दूसरा सबसे बड़ा पलायन। माचाडो ने रूस और ईरान की सैन्य मदद को बेनकाब किया, संयुक्त राष्ट्र में मादुरो की पोल खोली। 2024 में, जब मादुरो ने चुनावी नतीजे तोड़े, माचाडो ने लाखों को सड़कों पर उतारा – बिना हिंसा, सिर्फ साहस के दम पर। नतीजा? अमेरिका और यूरोपीय संघ ने मादुरो शासन पर 158 प्रतिबंध लगाए। माचाडो खुद छिपकर रह रही हैं, दो हत्या के प्रयास झेल चुकी हैं, फिर भी उनकी आवाज ने 2024 में मतदाता भागीदारी को 46% से 80.3% तक उछाला। नोबेल समिति ने कहा, "उन्होंने तानाशाही के अंधेरे में लोकतंत्र की किरण जलाए रखी।" यह पुरस्कार माचाडो का नहीं, हर उस वेनेजुएलन का है, जो जुल्म के सामने डटा रहा।

**नोबेल शांति पुरस्कार के लिए हहरते ट्रंप**

जिनके लिए नोबेल शांति पुरस्कार कोई मिशन नहीं, बल्कि एक चमचमाती 'ट्रॉफी' है, जिसे वे ट्वीट, तिकड़म और धमकियों से हथियाना चाहते थे। उनकी ललक 2018 से साफ थी, जब उन्होंने ओबामा के 2009 नोबेल पर तंज कसा: "उसने कुछ किया ही नहीं, फिर भी मिल गया – मैं तो असली डील मेकर हूँ!" 2025 में तो हद हो गई। ट्रंप ने इजरायल के बेंजामिन नेतन्याहू, पाकिस्तान सरकार और कंबोडिया के हन मानेत से नामांकन करवाए – जैसे कोई रियलिटी शो का टिकट जुगाड़ रहे हों। जुलाई 2025 में नेतन्याहू ने 'अब्राहम समझौते' (2020) का ढोल पीटा, जून में पाकिस्तान ने 'अफगान शांति' का राग अलापा। लेकिन पकड़? नोबेल नामांकन की डेडलाइन 1 फरवरी 2025 थी – ट्रंप के ज्यादातर नामांकन देर से आए, यानी सीधे कूड़ेदान में। फिर भी, व्हाइट हाउस से धमकियां उड़ीं – नॉर्वे को "शत्रु" तक ठहराया गया। ट्रंप का दावा? "मैंने आठ युद्ध खत्म किए।" हकीकत? 2021 की अफगान निकासी में 13 अमेरिकी सैनिक मरे, तालिबान को सत्ता सौंप दी। रूस-यूक्रेन युद्ध उनके कार्यकाल में भड़का – 2022 में रूस ने 14% यूक्रेनी क्षेत्र कब्जाया। पेरिस जलवायु समझौते से बाहर निकले, संयुक्त राष्ट्र को "नाकारा क्लब" कहा – शांति का मजाक बनाया। नोबेल समिति ने इसे "राजनीति का तमाशा" करार दिया, शांति नहीं। ट्रंप के चमचे चिल्लाए, "समिति वामपंथी साजिश कर रही है!" लेकिन सच यह है: शांति ट्वीट की बौछार या लॉबिंग की बाजीगरी नहीं, बल्कि साहस और बलिदान मांगती है। ट्रंप की छटपटाहट ने उन्हें नोबेल का "ट्वीटिंग जोकर" बना दिया। जबकि माचाडो ने जान दांव पर लगाई, ट्रंप ने सिर्फ जुबान चलाई। दुनिया ने देखा कि साहस की तलवार जीती, तिकड़म का तमाशा हारा। शांति माचाडो की मशाल है, ट्रंप का ट्वीट-तंत्र नहीं।

## जो अन्य संभावित दावेदार थे उनकी समीक्षा

नोबेल शांति पुरस्कार 2025 के लिए कई अन्य व्यक्तियों और संस्थाओं को संभावित विजेता माना जा रहा था। नीचे कुछ प्रमुख नाम और उनसे जुड़ी विशेषताएं:-

| नाम / संस्था | क्या किया / किस प्रकार की भूमिका निभाई | तुलना: मचाडो से कहाँ मजबूत या कमजोर |
|---|---|---|
| Yulia Navalnaya (रूसी विरोधी नेता) | 'रूसी विरोध' तथा मानवाधिकार हनन के खिलाफ सक्रिय; पति ने जेल में मृत्यु; सार्वजनिक प्रतीक। | तुलना में मचाडो की गतिविधियां अधिक लगातार चुनावी दबाव, लोकतंत्र बहाल करना, एक सामाजिक आंदोलन को नेतृत्व देना आदि रहीं; Navalnaya की स्थिति अत्यंत प्रेरणादायक है पर राजनीतिक परिस्थितियाँ सीमित हो सकती हैं। |
| Imran Khan (पूर्व पाकिस्तानी पीएम) | मानवाधिकार, लोकतंत्र पोस्ट-करने की बातें; नामांकन हुआ; पाक राजनीतिक तनाव। | विवादों से घिरा; कानूनी एवं राजनीतिक स्थिति अस्थिर; मचाडो जैसी 'गैर-राजकीय' नागरिक और लोकतंत्र बाधित अवस्था में संघर्ष नहीं है जहाँ उन्हें पूरी तरह से दमन का सामना करना पड़ा हो। |
| Anwar Ibrahim(मलेशिया के प्रधानमंत्री) | क्षेत्रीय शांतिपूर्ण वार्ता, संवाद, लोकतंत्र-अधिकारों का समर्थन; नामांकन के सुझाव; राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका। | लेकिन मचाडो की तरह असमर्थित उम्मीदवारों के खिलाफ दमन, चुनावी असमर्थता, राजनीतिक त्याग की स्थिति नहीं; प्रभाव क्षेत्र सीमित; और " संक्रमण से लोकतंत्र" की स्थिति जितनी तीव्र नहीं। |
| Elon Musk | अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (free speech) आदि चर्चित विषयों में शामिल; नामांकन भी प्रस्तावित। | अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन नोबेल शांति पुरस्कार अक्सर राजनीतिक अधीन संघर्षों, हिंसा-रोकथाम या मानवाधिकारों के उल्लंघन की स्थितियों के बीच सहज शांतिपूर्ण परिवर्तन की ओर काम करने वालों को प्राथमिकता देती है; Musk का कार्य कुछ मामलों में विवादित और व्यावहारिक बदलाव की दृष्टि से सीमित माना जाता है। |
| Sudan's Emergency Response Rooms (संस्था) | PRIO सूची में शीर्ष; युद्ध या संघर्ष की आपात-प्रति उत्तर देने, नागरिकों की सुरक्षा, राहत आदि कार्य। | संस्थाएँ अक्सर प्रभावशाली होती हैं, लेकिन व्यक्ति की प्रथम पंक्ति की नागरिक बहादुरी (first-hand courage) और लगातार व्यक्तिगत जोखिम उठाना नोबेल समिति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है; मचाडो ऐसी स्थिति में रही हैं कि उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को जोखिम है। |

## मचाडो बनाम कुछ दावेदार बनाम ट्रंप

यहां एक और विस्तारित तुलना है, जहां हम मचाडो, ट्रंप, और अन्य दावेदारों को कुछ महत्वपूर्ण मापदंडों पर जांचे :-

| मापदंड | मचाडो | ट्रंप | अन्य दावेदार (उदा: Naval Naya, Imran Khan, Anwar Ibrahim) |
|---|---|---|---|
| व्यक्तिगत जोखिम / दमन | उच्च – गिरफ्तारी, छिपना, राजनीतिक निष्कासन, विरोधियों को दबाव | अपेक्षाकृत कम – सार्वजनिक विवाद, आलोचना, कानूनी चुनौतियाँ, पर "राज्य द्वारा दमन" कम | Navalnaya भी उच्च जोखिम में; Imran Khan के समयों में समान दबाव; Anwar Ibrahim कुछ हद तक सुरक्षित स्थिति में; Elon Musk/अन्य अधिक सुविधा में |
| निरंतर संघर्ष / समय सीमा | कई वर्षों से लोकतंत्र-हित संघर्ष; चुनावों, न्यायपालिका के हस्तक्षेप का सामना करना; नागरिक आंदोलन का नेतृत्व | संघर्ष अधिक सामयिक या घटना आधारित; कुछ सफल समझौते दावा किये गए, लेकिन समय और परिणामों की निरंतरता पर प्रश्न | Navalnaya की सक्रियता समय से चले; Imran Khan की भूमिका अवधी-अवधी की; कुछ अन्य संस्थाएं लगातार काम कर रही हैं लेकिन संघर्ष का स्तर और दमन का स्तर मचाडो जितना तीव्र नहीं हो सकता |
| प्रभाव की दृश्यता (Visibility) | राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर पर; मीडिया, मानवाधिकार संस्थाएँ, नागरिक समाज | बहुत उच्च विश्व स्तरीय मीडिया फोकस; लेकिन आलोचनाएँ भी; अक्सर विवादों और राजनीतिक विपरीतताओं से घिरा | Navalnaya को वैश्विक समर्थन; Imran Khan को दक्षिण एशिया क्षेत्र में; Anwar Ibrahim क्षेत्रीय नेता और संवाद की भूमिका पर; लेकिन विश्व स्तर पर मचाडो जितना केंद्रीय नहीं |
| "शांति / लोकतंत्र परिवर्तन" की निरंतरता | लोकतंत्र बहाल करना, चुनावी प्रक्रिया में बदलाव, नागरिक अधिकारों का सम्मान – ये लक्ष्य लगातार बनाए रखना | कुछ शांति समझौते/रोक-टोक की घोषणाएँ (ceasefires etc.), लेकिन युद्धों का पूरा अंत या व्यापक लोकतांत्रिक परिवर्तन नहीं हुआ; प्रभाव अस्थायी हो सकता है | Navalnaya: मानवाधिकारों के उल्लंघन और विरोध का मुद्दा; लेकिन निर्वाचित शक्ति कम; Imran Khan: क्षेत्रीय: राजनीतिक विवादों से घिरा; Anwar Ibrahim: शासन में है, लेकिन शांतिपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन की दिशा पर प्रश्न हो सकते हैं |
| राजनीतिक नैतिकता / विवाद | आलोचनाएँ उनके राजनीतिक दृष्टिकोणों से होती हैं, लेकिन वे प्रमुखत: गैर-हिंसात्मक दबाव एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की वकालत करती हैं | विवादों से घिरे – विवादित विदेश नीति निर्णय, आभासी दावें, मीडिया प्रचार; कुछ आलोचनाएँ "दावों" की विश्वसनीयता पर | Navalnaya एवं अन्य जैसे कि Imran या Anwar की आलोचनाएँ भी होती हैं, लेकिन आमतौर पर ट्रंप जितनी तीव्र सार्वजनिक विवादयुक्त नहीं |

# मारिया कोरिना मचाडो ने दिखा दी तीसरी दुनिया के दिल की ताकत

देश की बात



केदारनाथ दास

इस साल के लिए नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। इसके लिए वेनजुएला की विपक्षी नेतामारिया कोरीना माचाडो का चयन तब किया गया है जब विश्व के सबसे ताकतवर देश यूएसए के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को इसका बड़ा दावेदार माना जा रहा था। मिस्टर ट्रम्प की दावेदारी कितनी गंभीर थी यह किसी को मालूम नहीं है परन्तु 2025 का नोबेल शांति पुरस्कारजीतकर इतिहास रचने वाली मारिया कोरिना मचाडो ने यह सम्मानडोनाल्ड ट्रंपको समर्पित करते हुए पूरी दुनिया को चौंकाकर रख दिया है। सरसरी तौर पर दुनिया इसलिए हैरत में है क्योंकि यह उस ट्रंप का सम्मान है जिसकी छवि एक कठोर, दंभी, आत्ममुग्ध, अति महत्वाकांक्षी और असंवेदनशील राजनेता की रही है। उनपर यह आरोप प्रायः लगता रहा है कि वर्ष 2015 में चुनाव जीतकर पहली बार प्रेसिडेंट बनने से लेकर अभी तक उनके भाषण नफरत फैलाने वाली और नकारात्मक रही है। अपने चुनावी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस पर अपमानजनक टिप्पणी करने, एशियाई,अफ्रीकी व मैक्सिको के लोगों को रेपिस्ट व अपराधी बताने और महिलाओं के बारे में अपमानजनक वक्तव्य देने जैसे संगीन आरोप उनपर लगते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मारिया इन तथ्यों से सर्वथा अनभिज्ञ हैं परन्तु इसके बावजूद उन्होंने जो कुछ कहा उसकी मानें तो यह पुरस्कार उन सभी के लिए है जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के लिए लड़ाई लड़ी और विशेषकर उस व्यक्ति के लिए जिसने हमारे संघर्ष में निर्णायक समर्थन दिया। बताते चलें कि मिस्टर ट्रम्प को इंगित करते मारिया का यह बयान केवल किसी भावनात्मक घटनाक्रम का हिस्सा नहीं है। 07 अक्टूबर 1967 को जन्म लेने वाली यह महिला औद्योगिक इंजीनियर होने के साथ साथ एक परिपक्व राजनीतिज्ञ रही हैं। वर्ष 2011 से 2014 तक वेनेजुएला की नेशनल असेंबली की निर्वाचित सदस्य के रूप में कार्य कर चुकी हैं और की एक ऐसी विपक्षी नेता रही हैं जिनपर वहाँ के तानाशाह निकोलस मादुरो ने कभी



50 मिलियन डॉलरका इनाम घोषित कर रखा था। इतना ही नहीं, इस महिला की पहचान एक संघर्षशील महिला की रही है जिन्हें बीबीसी ने वर्ष 2018 में विश्व की सौ प्रभावशाली महिलाओं की सूची शामिल कर चुका है। ऐसे में नोबेल पुरस्कार की घोषणा होते ही मारिया कोरीना के उस वक्तव्य को एकदम से हल्के में नहीं लिया जा सकता जिसमें उन्होंने ट्रंप के उस साहसिक कदम को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल हमें आवाज दी बल्कि पूरी दुनिया को यह दिखा दिया कि तानाशाही के खिलाफ खड़ा होना क्या होता है। जाहिर सी बात है कि मिस्टर ट्रम्प के लिए यह किसी बेशकीमती उपहार से कम नहीं था। उन्होंने भी इसे इसी ढंग से लिया और अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मारिया की पोस्ट का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए उनके लिए एक महान महिला व स्वतंत्रता की एक शानदार योद्धा जैसे विशेषणों के साथ अपना आभार व्यक्त किया। संदर्भवश नोबेल शांति पुरस्कार, मारिया कोरिना मचाडो और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच के इस समीकरण को अब एक दुर्लभ संयोग के तौर पर देखा जा रहा है। कमाल देखिए कि इस मामले में एक ओर लोकतंत्र के लिए अपने जान की बाजी लगाने वाली ऐसी महिला है जिसने अपने देश के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया तो दूसरी ओर वह बयानवीर है जिसने हमेशा खुद को केवल अपने तक सीमित रखा है। विडंबना देखिए कि नोबेल शांति पुरस्कार से वंचित होने के बावजूद आज वही शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष तीसरी दुनिया के किसी विकासशील देश से निकली एक महिला के संघर्ष से प्रेरित होकर सम्मान पा रहा है। लीजिए, अब कौन कहेगा कि ट्रम्प हृदय विहीन राजनेता हैं। अगर वे वाकई निर्दयी होते तो क्या हर शब्द सोच-समझकर कहने वाली मारिया कोरिना मचाडो जैसी महिला के द्वारा अपना नोबेल उनके नाम समर्पित किया जाता? अब आप मानें न मानें, तीसरी दुनिया की यही ताकत है कि उनके लिए राजनीति से बड़ा भी 'दिल' होता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मौन हुए तब तब बढ़ा, मन भीतर संवाद।
पता चला कितनी वहाँ, तल्खी है आबाद।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जूता तुम हो बड़ा बड़भागी

मनगढ़ंत चिंतन

व्यंग्य की बात



बिनोद सिंह गहरवार

आज जब चिंतानंद जी मेरे घर आए तो उनका चेहरा देखकर मैं डर गया। चेहरा इतना लाल, कि आग का गोला भी उसके सामने फीका पड़ जाय। मैने डरते - डरते उनसे गुस्से का कारण पूछा। इसपर तो वो और जल के जीरा के फोरन हो गए और मुझपर भड़ास निकालते हुए बेले, " सारा रामायण सुनकर पूछ रहे हो कि सीता का ब्याह किससे हुआ? " मेने कहा ,"महात्मन! मैं कुछ समझा नहीं। " इसपर वो लाल - लाल आंख करके बोले, " तुम दलित विरोधी कैसे समझोगे कि हम दलितों के साथ इस सरकार में क्या हो रहा है?" मैने कहा, " दलित तो मजे से हैं। फ्री का राशन, फ्री की बिजली, फ्री का दानापानी, उपर से आरक्षण का लाभ! प्रति माह नगद नारायण से दर्शन। उनकी तो चांदी ही चांदी है। अब आप ही बताइए सरकार अन्याय करती तो सरकार के विरुद्ध आज आप इस तरह से सीना तानकर बोलते? " इस पर उन्होने कहा," बोलने पर ही तो हमारे साथ जुल्म हो रहा है। हमपर जूता फेंका जा रहा है। हम दलितों की उन्नति आपलोगों को देखी नहीं जा रही है। बताइए कितना शर्मनाक और नीच हरकत है! भला कोई इतने बड़े आदमी पर जूता फेंकता है? "मैने कहा, "जूते को आप साधारण और तुच्छ समझ रहे हैं? "

"तो और क्या इससे भी निकृष्ट कोई वस्तु हो सकती है?"

मैने कहा महात्मन आप नहीं समझेंगे कि जूता अपने आप में कितनी बड़ी चीज है?"

वो कैसे?"आप तो पढ़े लिखे हैं आप ही बताइए जिसे हाथ में पकड़ कर मारा जाय उसे क्या कहते हैं? "चिंतानंद जी तुरंत बोले, " शश्त्र।"

" फिर मैने पूछा ,"और जिसे फेंक कर मारा जाए? " चिंतानंद जी बोले, " अस्त्र"।

मैनें फिर पूछा, "तो जूता को क्या कहा जाएगा? चिंतानंद जी का माथा चकराया।शायद वो जूते का महत्व समझ गए। मैने कहा, "इसपर कितने लोग पीएचडी कर गए। "लोहा सिंह", नाटक के लेखक रामेश्वर सिंह कश्यप ने जूतो वियोगः उपाख्यानः व्यंग्य ही लिख दिया। भरतजी तो पादुकोण की सेवा कर के संसार में अमर हो गए। हमें तो लगता है कि आपके महानुभाव जूता खाए तो नहीं उन्हें तो बस जूता दिखाया गया और उतने में ही दलितों के सिरमौर बन गए।"

इसपर चिंतानंद जी अत्यंत उत्तेजित होकर बोले, " हम सब इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।लगता है भारत को नेपाल बनाने का समय आ गया। " मैने कहा, "पता चला है कि जूतास्त्र संधान करने वाला प्राणी भी दलित ही है।"

इसपर चिंतानंद जी मायूस हो गए और दाढ़ी खुजलाते हुए बोले, "काश! वो दलित न होता तो आज देश को हमलोग दिखा देते कि किसी दलित को छेड़ने का नतीजा क्या होता है।"

मैने कहा,"महात्मन! जूता आदमी, दलित होने या नहीं होने से नहीं खाता। बल्कि जूता तो जिह्वा के बहकने से खाता है। रहिम तो बहुत पहले कहकर इस दुनिया से चले गए," रहिमन जिह्वा वावरी कह गई स्वर्ग पाताल, आप तो भीतर रह गई जूतो खात कपाल।"

शायद मेरी बात चिंतानंद को समझ में आ गई। वो मेरे यहाँ से तुरंत अंतर्ध्यान हो गए। मैनें भी मनही मन कहा जूता तुम हो बड़ा बड़ भागी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# विदेश में राहुल गांधी के 'फ्री थिंकिंग' बयान से भाजपा भड़की

**एजेंसी। नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा चिली विश्वविद्यालय में भारत की शिक्षा व्यवस्था और 'स्वतंत्र सोच' पर की गई टिप्पणी ने एक बार फिर भाजपा को नाराज कर दिया है। भाजपा ने उन पर विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है।



## राहुल गांधी की टिप्पणी

चिली विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, जब उनसे भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सुधार के बारे में पूछा गया, तो राहुल गांधी ने देश में 'स्वतंत्र सोच' पर हो रहे कथित हमले को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा, 'अमृता में जो जिज्ञासा है, मैं उसे भारतीय शिक्षा व्यवस्था में संरक्षित रखना चाहूंगा। और यह सुनिश्चित करूंगा कि वह सवाल पूछ सके, मुद्दे उठा सके, बिना किसी बंधन के खुलकर सोच सके। तो यही मुख्य विचार होगा। और वैसे, भारत में इस पर हमला हो रहा है। स्वतंत्र सोच का विचार, खुलेपन का विचार, वैज्ञानिक होने का विचार, तार्किक होने का विचार, इस समय भारत में इस पर जबरदस्त हमला हो रहा है।'

## भाजपा का पलटवार

राहुल गांधी की इस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने उन्हें 'दुष्प्रचार और पाखंड का नेता' बताया और आरोप लगाया कि विदेशी धरती पर भारत की संवैधानिक संस्थाओं की आलोचना करना उनकी आदत बन गई है।
भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, 'राहुल गांधी विपक्ष के नेता नहीं हैं। वे दुष्प्रचार और पाखंड के नेता हैं। वे विदेश जाकर भारत की संवैधानिक संस्थाओं, भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, भारत की न्यायपालिका और भारत की संप्रभुता के खिलाफ बोलते हैं, यह उनकी आदत बन गई है।'पूनावाला ने गांधी पर हमला करते हुए उनकी पार्टी के भीतर की स्थिति का भी हवाला दिया और कहा, 'राहुल गांधी कहते हैं कि वे भारत सरकार के खिलाफ लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करने से लेकर अब वे भारत के खिलाफ झूठ फैलाने में लगे हैं। वे कहते हैं कि स्वतंत्र सोच के लिए कोई जगह नहीं है। आपकी पार्टी में ऐसा होता है। अगर कोई राहुल गांधी के खिलाफ बोलता है, तो क्या होता है? शशि थरूर को देखिए। उन्हें इसलिए बदनाम किया गया क्योंकि उन्होंने देश और उसके सशस्त्र बलों के हित में काम किया था।'

---

### ओवैसी ने विपक्ष को दिखाया आईना, कहा-

## मुझे कोसने से पहले अपनी कमज़ोरी देखो

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा है, जो एआईएमआईएम पर 'भाजपा की बी टीम' होने का आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी कमज़ोरियों पर आत्मचिंतन करने के बजाय, वे उनकी पार्टी पर झूठा निशाना साधते हैं। एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में, एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि लोगों में ऐसी कोई धारणा नहीं है कि उनकी पार्टी भाजपा की 'बी' टीम है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष के कुछ दल इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इन दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है कि "ओवैसी को हर चीज़ में लाने से बीमारी ठीक हो जाएगी" तो उन्हें कोई समस्या नहीं है। ओवैसी ने कहा कि ऐसी कोई धारणा नहीं है... अगर आप (विपक्ष) सोचते हैं कि ओवैसी को हर चीज़ में लाने से बीमारी ठीक हो जाएगी, तो मुझे इससे कोई समस्या नहीं है... ऐसी कोई धारणा नहीं है। लोग ऐसी धारणा बनाना चाहते हैं। लेकिन हमने कई बार कहा है, और हम आज फिर कह रहे हैं, कि अगर नरेंद्र मोदी तीन बार इस देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तो इसमें भारतीय मुसलमानों की कोई गलती नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनावों में लगभग पचास प्रतिशत गैर-मुस्लिम वोट मिल रहे हैं।

## सरकारी अस्पतालों में आठ दवाओं के इस्तेमाल और खरीद पर तत्काल रोक

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशालय ने प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में आठ विशेष दवाओं और आईवी फ्लूइड्स के इस्तेमाल, वितरण और खरीद पर तुरंत रोक लगा दी है। यह कदम उन दवाओं के कारण मरीजों में 'एडवर्स ड्रग रिएक्शन' (एडीआर) मिलने के बाद उठाया गया है।
स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि इन दवाओं का इस्तेमाल बंद करना आवश्यक है जब तक कि आगे कोई नया निर्देश न दिया जाए। इस निर्णय के पीछे तीन फार्मा कंपनियों द्वारा निर्मित दवाओं में समस्याएं मिलने की जानकारी है।
रोक लगाई गई दवाओं की सूची में नॉर्मल सैलाइन, सोडियम क्लोराइड इंजेक्शन आईपी 0.9 प्रतिशत, डेक्सट्रोज इंजेक्शन आईपी 5 प्रतिशत, सिप्रोफ्लोक्सासिन इंजेक्शन 200 एमजी, सिप्रोफ्लोक्सासिन इंजेक्शन 200 एमजी आईपी, डीएनएस 0.9 प्रतिशत, एन/2 डेक्सट्रोज 5 प्रतिशत, बुपिवाकेन हाइड्रोक्लोराइड और डेक्सट्रोज इंजेक्शन शामिल हैं। जारी आदेश में सभी सिविल सर्जनों और मेडिकल सुपरिटेंडेंट्स को कहा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन दवाओं के इस्तेमाल, वितरण और खरीद को तुरंत बंद कर दें। इसके साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित अस्पतालों में इन दवाओं की सूची की जांच कर दी जाए और इनका उपयोग पूर्णतया रोका जाए। स्वास्थ्य विभाग ने आदेश में स्पष्ट किया है कि जिन मरीजों को इन दवाओं के कारण कोई भी दुष्प्रभाव हुआ है, उनकी रिपोर्ट तत्काल एक समिति के सामने प्रस्तुत की जाए।

---

### चिदंबरम का कबूलनामा, ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी

## इंदिरा गांधी ने जान देकर चुकाई इसकी कीमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निर्देश पर चलाए गए ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलत तरीका बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता को अपनी जान देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ी। चिदंबरम शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार हरिंदर बावेजा की पुस्तक 'दे विल शूट यू, मैडम' पर एक चर्चा का संचालन कर रहे थे।

### चिदंबरम ने कहा, 'सामूहिक निर्णय था, केवल इंदिरा गांधी दोषी नहीं'

पूर्व केंद्रीय गृह एवं वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सेना, पुलिस, खुफिया विभाग और सिविल सेवा का सम्मिलित निर्णय था, और इसके लिए केवल इंदिरा गांधी को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता।



उन्होंने कहा, 'स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त करने का यह गलत तरीका था... सभी उग्रवादियों को वापस लाने और पकड़ने का एक तरीका था। ब्लू स्टार गलत तरीका था।' चिदंबरम ने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि श्रीमती गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई, लेकिन वह गलती सेना, पुलिस, खुफिया विभाग और सिविल सेवा का मिला-जुला फैसला था। हम इसके लिए सिर्फ़ श्रीमती गांधी को ज़िम्मेदार नहीं ठहरा सकते।'

### ऑपरेशन ब्लू स्टार के परिणाम

ऑपरेशन ब्लू स्टार 1 जून से 8 जून, 1984 के बीच चलाया गया था। इंदिरा गांधी सरकार ने यह कार्रवाई पंजाब में कट्टरपंथी प्रचारक जरनैल सिंह भिंडरावाले के नेतृत्व वाले अलगाववादी आंदोलन को कुचलने के प्रयास में की थी।भारतीय सेना ने सिख धर्म के सबसे पवित्र स्थलों में से एक, स्वर्ण मंदिर परिसर में धावा बोल दिया, जहां भिंडरावाले छिपे हुए थे। इस कार्रवाई में भिंडरावाले मारा गया, और अकाल तख्त को भारी नुकसान पहुंचा। सैन्य कार्रवाई, जिसके दौरान अकाल तख्त मलबे में बदल गया था, ने सिख समुदाय में भारी आक्रोश पैदा कर दिया था। कुछ महीनों बाद, इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के बाद समुदाय के खिलाफ व्यापक हिंसा हुई। सरकारी अनुमानों के अनुसार, दिल्ली और अन्य जगहों पर 3,000 से ज्यादा सिख मारे गए। कई कांग्रेस नेताओं पर इस हिंसा को भड़काने का संदेह था। कांग्रेस पार्टी को 1984 के दंगों को संभालने के तरीके को लेकर बार-बार आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है, तो ज़मीन हिलती है वाली टिप्पणी भी शामिल है। भाजपा अक्सर 1984 के दंगों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधती रही है।

### ब्लू स्टार पर चिदंबरम के बयान पर राशिद अल्वी का पलटवार, पूछा-

## भाजपा के दबाव में हैं क्या?

**एजेंसी। नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम द्वारा 1984 के ऑपरेशन ब्लू स्टार को 'गलत तरीका' बताने और यह कहने कि इंदिरा गांधी ने इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाई, पर पार्टी के भीतर तीखी प्रतिक्रिया हुई है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, पार्टी नेतृत्व उनकी इस टिप्पणी से नाराज है।

### राशिद अल्वी ने उठाए सवाल

चिदंबरम की टिप्पणी पर उनके ही पार्टी सहयोगी राशिद अल्वी ने सार्वजनिक रूप से सवाल उठाते हुए गंभीर आशंकाएं व्यक्त की हैं। अल्वी ने कहा कि चिदंबरम का बयान वही है जो भाजपा करती रही है, और उन्होंने चिदंबरम के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के कारण उन पर किसी दबाव की आशंका जताई।



कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा, 'ऑपरेशन ब्लू स्टार सही था या गलत, यह अलग बात है। लेकिन पी चिदंबरम को 50 साल बाद कांग्रेस पार्टी, यानी इंदिरा गांधी पर हमला करने और यह दावा करने की क्या जरूरत है कि उन्होंने गलत कदम उठाया? वह वही कर रहे हैं जो भाजपा और प्रधानमंत्री कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।'
अल्वी ने चिदंबरम पर निशाना साधते हुए कहा, 'चिदंबरम जी द्वारा कांग्रेस पार्टी पर बार-बार किए जा रहे हमले कई संदेह और आशंकाएं पैदा कर रहे हैं। उनके खिलाफ आपराधिक मामले अभी भी लंबित हैं। मुझे आश्चर्य है कि क्या उन पर कांग्रेस पार्टी पर हमला जारी रखने का कोई दबाव है? मुझे समझ नहीं आ रहा कि पिछले 11 सालों में भाजपा की कमियों को उजागर करने के बजाय चिदंबरम ऐसा क्यों कर रहे हैं।'

### कांग्रेस आलाकमान की नाराजगी

पार्टी के शीर्ष सूत्र ने चिदंबरम के बयान को 'अनुचित' बताया और कहा कि इससे पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। ग्रैंड ओल्ड पार्टी के एक शीर्ष सूत्र ने कहा, 'कांग्रेस आलाकमान से लेकर आम कार्यकर्ता तक, सभी परेशान हैं। कांग्रेस से सब कुछ पाने वाले एक वरिष्ठ नेता को सोच-समझकर बोलना चाहिए। बार-बार ऐसे बयान देना ठीक नहीं है जिससे पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़े।'

### चिदंबरम ने क्या कहा था?

चिदंबरम ने हिमाचल प्रदेश के कसौली में खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार हरिंदर बावेजा की पुस्तक 'दे विल शूट यू, मैडम: माई लाइफ थ्रू कॉन्फ्लिक्ट' पर एक चर्चा के दौरान यह टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, 'वह (ब्लू स्टार) स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त कराने का गलत तरीका था। गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। यह सेना, पुलिस, खुफिया विभाग और सिविल सेवाओं का फैसला था। आप इसके लिए केवल श्रीमती गांधी को दोष नहीं दे सकते।'

---

### दुर्गापुर गैंगरेप मामले में नहीं बख्शे जाएंगे आरोपी

## दोषियों को मिलेगी सख्त सजा : ममता

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा ।उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए निजी मेडिकल कॉलेजों को अपनी छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी लेने की बात कही ।सीएम ममता बनर्जी ने कहा, "लड़की एक निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी। इसकी जिम्मेदारी किसकी है? निजी मेडिकल कॉलेजों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने छात्रों, खासकर छात्राओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। रात में उन्हें बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।"उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है ।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जोर देकर कहा कि पश्चिम बंगाल में ऐसी घटनाओं के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। ममता बनर्जी ने इस घटना को वन क्षेत्र में हुई बताते हुए कहा कि लड़की एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी। वह रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आई? जहां तक मुझे पता है, घटना वन क्षेत्र में हुई थी। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ।

### एमबीबीएस छात्रा से दरिंदगी में चार आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की एमबीबीएस छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार के मामले में जांच को गति देते हुए एक और व्यक्ति को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही, इस मामले में कुल गिरफ्तार/हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या चार हो गई है।

**आरोपियों की पहचान और कानूनी कार्रवाई :** पुलिस ने इस मामले में पहले ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया था, और अब चौथे व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों और हिरासत में लिए गए व्यक्ति - सभी स्थानीय निवासी बताए जा रहे हैं। आरोपियों के नाम, अपू बाउरी (21), फिरदौस सेख (23), सेख रियाजुद्दीन (31) और शेख सोफिकुल। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी आरोपियों और हिरासत में लिए गए व्यक्ति को आज (रविवार को) अदालत में पेश किया जाएगा।

**घटना के बारे में और परिवार का संदेह :** ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली 23 वर्षीय यह छात्रा दुर्गापुर के शिवपुर इलाके में स्थित आईक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज में पढ़ती है। अधिकारियों के अनुसार, घटना शुक्रवार रात की है, जब छात्रा अपने एक पुरुष मित्र के साथ कॉलेज परिसर के बाहर गई थी। आरोप है कि कॉलेज के गेट के पास कुछ लोग उनके पास आए और छात्रा को कॉलेज परिसर से लगभग 1 किलोमीटर दूर एक सुनसान इलाके में घसीट कर ले गए, जहाँ उन्होंने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया और फिर फरार हो गए।

### बॉर्डर पर बीएसएफ ने 2.82 करोड़ रुपए के सोने के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोने की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 2.82 करोड़ रुपए कीमत के 20 सोने के बिस्किट मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया। यह जानकारी बीएसएफ अधिकारियों ने रविवार को दी। बीएसएफ ने एक बयान में कहा, "पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 32वीं बटालियन के जवानों ने एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया।" सटीक और विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर जवानों ने कुल 2332.66 ग्राम वजन के बिस्किट बरामद किए। शनिवार रात होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात 32वीं बटालियन के जवानों को गोपनीय सूत्रों से विश्वसनीय सूचना मिली कि भारत-बांग्लादेश सीमा के पास मुस्लिमपारा गांव का एक व्यक्ति बांग्लादेश से लाए गए सोने की तस्करी करने की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए कहा गया।

## बिहार चुनाव से पहले एनडीए में जोश भरेंगे पीएम मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अक्टूबर को शाम 6 बजे बिहार में एनडीए के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इसके साथ ही वह 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से जुड़ेंगे और बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए जीत का मंत्र भी देंगे। इसकी जानकारी पीएम मोदी ने खुद सोशल मीडिया के माध्यम से दी।
इसके साथ कार्यकर्ता अपने सुझाव पीएम मोदी के साथ नमो ऐप के जरिए साझा कर सकते हैं। सुझाव देने वाले कुछ कार्यकर्ताओं को पीएम मोदी से नमो ऐप के माध्यम से संवाद करने का सीधा मौका भी मिल सकता है।
पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''बिहार में भाजपा-एनडीए की विजय के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जुट चुके हैं। ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं से संवाद हमेशा नई प्रेरणा देता है। 15 अक्टूबर को मुझे ऐसे ही कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा।''
उन्होंने आगे लिखा, ''मेरा आग्रह है, आप सभी 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान से जुड़ें और अपने सुझाव आज ही साझा करें। चुने गए कुछ कार्यकर्ताओं से उनके सुझावों पर मैं सीधे उनके साथ चर्चा भी करूंगा।''बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। एनडीए और इंडी गठबंधन चुनाव में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसके साथ ही दोनों ही गठबंधन प्रदेश में अपनी-अपनी सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। इसके अलावा वे जनता को लुभाने के लिए कई बड़े-बड़े वादे भी कर रहे हैं। हालांकि दोनों ही गठबंधन में सीट बंटवारों को लेकर घमासान मचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर दो चरण में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए 6 नवंबर को 121 सीटों पर मतदान होगा। वहीं दूसरे फेज में 122 सीटों पर 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसके साथ ही चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

---

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग सबको न बताएं तो सफलता जरूर हासिल होगी। आज अपने बनाये हुये प्लान पर कार्य करेंगे तो आपके सोचे हुए सारे काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें।

**वृष :** आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरु किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। दिक्कतों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी।

**मिथुन :** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायंगे, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में इजाफा बचत को ज़्यादा मुश्किल बना देगा।

**कर्क :** आज किस्मत आपका पूरा साथ देगा। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। किसी नये काम की शुरुआत करना आपके लिये लाभदायक रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन शानदार रहने वाला हैं। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नति का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगे।

**कन्या :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। स्वास्थ्य आज थोड़ा डाउन हो सकता है, लेकिन समय से देखभाल करने से जल्द ही ठीक हो जायेगा। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

**तुला :** आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी। इस राशि के विवाहित आज समारोह में जायेंगें। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है।

**वृश्चिक :** आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। पुरानी टेंशन आज खत्म होगी। इस राशि जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।

**धनु :** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर होगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीज़ें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी हो सकती है। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें।

**मकर :** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ है। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आजआपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है।

**कुंभ :** आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा। अचानक धनलाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। सुबह-सुबह व्यायाम करने से सेहत अच्छी बनी रहेगी। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रुका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परिक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है।

---

**आलोचना** भारत की संस्कृति और जीवन मूल्यों से राहुल गांधी का नहीं है वास्ता : केंद्रीय मंत्री

## पीएम मोदी का हर क्षण राष्ट्रसेवा को समर्पित: शिवराज

- **भारत की संस्कृति और जीवन मूल्यों से राहुल का कोई वास्ता नहीं दिखता**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राहुल गांधी की विदेश यात्रा को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल गांधी बिहार में चुनाव छोड़कर विदेश चले जाते हैं। वे देश में कम और विदेशों में ज्यादा रहते हैं। भारत की संस्कृति और जीवन मूल्यों से उनका कोई वास्ता नहीं दिखता। शिवराज सिंह ने कहा कि अगर राहुल का वास्ता भारत की संस्कृति और जीवन मूल्यों से होता तो वे विदेश जाकर भारत की आलोचना नहीं करते। दुनिया का कोई भी नेता ऐसा नहीं करता जो अपने देश से बाहर जाकर उसका अपमान करे, लेकिन राहुल गांधी देश को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। बिहार चुनाव पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में विकास का स्वागत हो रहा है। मखाना बोर्ड जैसी संस्थाओं का गठन हो या आम आदमी की जिंदगी को बेहतर बनाने की दिशा में उठाए गए कदम, डबल इंजन की सरकार ने हर मोर्चे पर काम किया है। लोगों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। रात में अधिकारियों की अचानक बैठकों पर सवाल उठाए जाने पर शिवराज सिंह चौहान ने साफ कहा कि किसानों की सेवा ही हमारे विभाग का उद्देश्य है। 'अन्नदाता देवो भवः' हमारी भावना है। जब भी किसानों को जरूरत होती है, हम तुरंत उनकी समस्या सुलझाने की कोशिश करते हैं। हम एकीकृत कॉल सेंटर की कल्पना कर रहे हैं, जहां किसान अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और हम उनमें से तत्काल समाधान योग्य समस्याओं का हल करें। राज्य सरकार से जुड़ी समस्याओं को वहां तक पहुंचाएं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 साल की राजनीतिक यात्रा पर अधिकारी ने कहा कि पीएम मोदी का हर क्षण भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है। लगातार 24 वर्षों तक राज्य और केंद्र की जिम्मेदारी संभालना साधारण बात नहीं है।

### एफपीओ से जुड़े 52 लाख से ज्यादा किसान

**नई दिल्ली।** देश में आज 52 लाख से ज्यादा किसान एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) से जुड़ चुके हैं और इससे किसानों को फसल का बेहतर दाम पाने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिल रही है। यह जानकारी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से दी गई। "देश में एफपीओ की संख्या 1,100 से अधिक हो गई है और इनसे 52 लाख से ज्यादा किसान जुड़े हैं। इनका टर्नओवर 15,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। एफपीओ किसानों को बेहतर दाम दिलाने और उनकी उत्पादकता बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। हम इसे और ज्यादा किसानों तक पहुंचाना चाहते हैं।" एफपीओ किसान उत्पादकों द्वारा बनाया गया एक सामूहिक संगठन है जो विभिन्न प्रकार से छोटे और सीमांत की मदद करता है। एफपीओ किसानों को थोक इनपुट खरीद की सुविधा, बेहतर सौदा करने की क्षमता और उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने में मदद करता है। सरकार की ओर से फरवरी 2020 के बजट में देश में 10,000 एफपीओ बनाने का ऐलान किया गया था। इसके लिए 6,865 करोड़ रुपए का बजट अगले पांच वर्षों के लिए निर्धारित किया गया था। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 25 में 340 एफपीओ की बिक्री 10 करोड़ रुपए को पार कर गई है। वहीं, 1,100 से अधिक किसानों की बिक्री एक करोड़ रुपए से अधिक रही थी।

## 10वीं आल इंडिया बुशिकान कप कराटे चैंपियनशिप संपन्न

**झारखंड को ओवरआल चैंपियनशिप ट्रॉफी**

**रांची।** इंटरनेशनल शोतोकान कराटे क्योकाई द्वारा आयोजित 10वीं आल इंडिया बुशिकान कप कराटे चैंपियनशिप कल देर रात कोयला नगर धनबाद स्थित नेहरू काम्प्लेक्स में संपन्न हो गया. चैंपियनशिप के दौरान सभी वर्गों में झारखण्ड टीम सर्वाधिक पदक के साथ ओवरआल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमाया जबकि प. बंगाल तथा उत्तर प्रदेश की टीम क्रमशः दूसरे व् तीसरे स्थान पर रही. दिनांक 10 एवं 11 ओक्टुबर को आयोजित इस दो दिवसीय आमंत्रण कराटे चैंपियनशिप में दूसरे दिन 5 से 13 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं की कुमिते एवं काता की स्पर्धाएं आयोजित हुई जिसमे सभी स्वर्ण पदक विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं: शिवांश बनर्जी, कुमार वात्सल्य तिवारी, इशिता पाल, अतिक्षा सिंह, अनीश नायक, यशस्व, पियूष कुमार, राजवीर गुप्ता, चिन्मय सिंह, निर्मल कुमार, विहान राज, ध्रुविंन बंसल, आर्यवीर सिंह, निशा रानी, श्रेया कंदपाल, शुभांगी माजी, अद्रिजा महथा, अर्विका, पारी चटर्जी, आव्या, हम्शिका अललुवाड़ा, अरणाश्री दासगुप्ता, अंश कुमार, ईशान विश्वजीत, शिवराज दास, कुमारी तन्वी, रौनक कुमार सत्यम, रिशु राज, शिवम् पासवान, अल्माज किस्कू, अजय मुर्मू, दिव्यांश जैसवाल, मुश्कान कुमारी, सानवी चौरसिआ, कौशिकी कृति, मनस्वी सिंह, सूर्यांश वर्मा, प्रियांशु दास, लक्ष्मी कुमारी, सान्वी, विनाया सिंह, प्रगति प्रिया, रेयान शमूएल लुगुन, पियूष कुमार, आर्शिव चक्रवर्ती, अंशुल कुमार, अभिषेक कुमार, कृतिका सिंह, सौर्य साहनी, अर्णव प्रकाश, आरव यादव, ईशान सरकार, अनु भारती, कुहू त्रिपाठी, आद्या बरनवाल, हविषा गोयनका, आरोही सिंह, आरोही यादव, ईवन एड्रिल लुगुन, आदित्य गुरुंग, देब्सेना, अदनान कुरैशी, अनिरुद्ध बिस्वास, आव्या यादव, आकांशा राज , कुमार वत्सल, उदित विश्वकर्मा, सनव नेओगी, रौनक कुमार सत्यम, मीमांसा सिंह, महिमा यादव, अनुष्का, आर्या चौधरी, अराध्या शर्मा, रौशनी कुमारी तथा अंचल शर्मा. प्रतियोगिता के अंत में सभी वर्ग के विजेताओं को दून पब्लिक स्कूल के उप निदेशक सुनील कुमार, इ.सी.एच.एस. की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नेहा दास, धनबाद जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष एस.एम.हाशमी, कोषाध्यक्ष पवन बरनवाल, संयुक्त सचिव प्रियरंजन कुमार, कोयलांचल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राहुल कश्यप, दिव्यांश सिंह, अनिल तुलस्यान, विकाश केशरी तथा इंटरनेशनल शोतोकान कराटे क्योकाई के अध्यक्ष रंजीत केशरी द्वारा पदक व् प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## वेस्टइंडीज ने 2 विकेट के नुकसान पर बनाए 173 रन

**स्कोर बोर्ड**

| बल्लेबाज़ी | R | b | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| जॉन कैंपबेल | 87 | 145 | 9 | 2 |
| तेजनारायण चंद्रपॉल | 10 | 30 | 1 | 0 |
| ऐलेक ऐथनेज़ | 7 | 17 | 1 | 0 |
| शे होप | 66 | 103 | 8 | 2 |



145 बॉल 87 रन

जॉन कैंपबेल अभी नाबाद

भारत बनाम वेस्टइंडीज, दूसरा टेस्ट, तीसरा दिन

**नई दिल्ली।** कुलदीप यादव (पांच विकेट) रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने रविवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 248 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया है। इसी के साथ भारत ने पहली पारी के आधार पर 270 रनों की बढ़त हासिल कर ली और वेस्टइंडीज को फॉलोऑन दे दिया हैं ।भारत द्वारा फॉलोऑन दिए जाने के बाद वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 2 विकेट गंवा 173 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने कल के चार विकेट पर 140 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप (36) का विकेट मात्र 16 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद टेविन इमलाक (21) और जस्टिन ग्रीव्स (17) को भी कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। जोमेल वारिकन (एक) को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद खारी पिएर और एंडरसन फिलीप ने पारी को संभाला। वेस्टइंडीज ने लंच तक आठ विकेट पर 217 रन बना लिये थे और दोनों बल्लेबाजों के बीच लंच तक नौवें विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई थी। लंच के बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को जसप्रीत बुमराह ने खारी पियर (23) को आउटकर भारत को नौवीं सफलता दिलाई। 82वें ओवर की पांचवी गेंद पर कुलदीप यादव ने जेडेन सील्स (13) को पगबाधा आउटकर वेस्टइंडीज की पहली पारी को 248 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत के लिए कुलदीप यादव ने 5 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। उल्लेखनीय है कि भारत ने पहली पारी में यशस्वी जयसवाल (175) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) की शतकीय पारियों के दम पर पांच विकेट पर 518 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी थी।

| भारत पहली पारी | वेस्टइंडीज़ पहली पारी | वेस्टइंडीज़ दूसरी पारी |
|---|---|---|
| 518/5d | 248/10 | 173/2 |



## वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स पर लगा भारी जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को भारत के खिलाफ यहां खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी के लेवल एक आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। यह घटना शुक्रवार को भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में घटी जब सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया जिससे गेंद उनके पैड पर लगी। आईसीसी ने कहा, 'सील्स को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर या उसके पास अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद (या किसी अन्य क्रिकेट उपकरण) फेंकने से संबंधित है।' इसके साथ ही सील्स के खाते में 24 महीनों की अवधि में कुल डिमेरिट अंक की संख्या अब दो हो गई है। किसी खिलाड़ी को अगर 24 महीनों में 24 या अधिक डिमेरिट अंक मिलते हैं तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। सील्स ने इस बार मैच रेफरी एंडी पाइकॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को चुनौती दी जिसके चलते एक औपचारिक सुनवाई आयोजित की गई।

**आईसीसी ने अपने बयान में कहा,** 'सील्स ने तर्क दिया कि वह रन आउट करने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन मैच रेफरी ने कई अलग-अलग रीप्ले देखने के बाद निष्कर्ष निकाला कि वह थ्रो अनावश्यक और अनुचित था क्योंकि बल्लेबाज क्रीज के अंदर था और गेंद सीधे उसके पैड पर जा लगी।'

इस घटना की रिपोर्ट मैदान पर मौजूद अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और पॉल रीफेल, तीसरे अंपायर एलेक्स व्हार्फ और चौथे अंपायर के.एन. अनंत पद्मनाभन ने की थी। आईसीसी ने स्पष्ट किया, 'लेवल 1 के उल्लंघनों में न्यूनतम सजा एक आधिकारिक चेतावनी होती है जबकि अधिकतम सजा में मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक दिए जा सकते हैं।'

## एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ शोटोकान कराटे यूनाइटेड झारखंड द्वारा एक दिवसीय स्पेशल कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रांची के मैंन रोड स्थित अंजुमन कम्युनिटी हॉल में संपन्न हुआ जिसमें 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया और एडवांस काता व कुमिते के तकनीक को बड़ी एंजॉय के साथ बारीकियों को सिखा और समझा ये प्रशिक्षण शिविर इसकु झारखंड के सचिव मोहम्मद इबरार कुरैशी के द्वारा संपन्न हुआ और इस प्रशिक्षण शिविर में सीनियर प्रशिक्षक नूर रजा, सोनू साहू, आरती कुमारी व कंचन कुमारी का प्रशिक्षण देने में सहयोग रहा। इस शिविर की चीफ गेस्ट श्रीमती निगार सुल्ताना समाज सेवी थी उन्होंने बच्चों को मोटीवेट किए और कहा कि कराटे प्रशिक्षण करने से बच्चें कराटे तो सीखते ही है साथ साथ बच्चें डिसिप्लिन और सेल्फ कॉन्फिडेंस आ जाता है। और उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रोग्राम हमेशा होते रहना चाहिए बच्चे हमेशा सीखते रहेंगे, प्रशिक्षण के बाद बच्चों को सर्टिफिकेट वितरण हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप एम. डी. जमील अंसारी, शकील अंसारी, जैदी सर, राजीव रंजन सर, दीपक सर मौजूद थे।

## झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की ए.जी.एम संपन्न, नई कार्यकारिणी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की वार्षिक आम सभा (A.G.M) रविवार को रांची प्रेस क्लब में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें डॉ. राजेश गुप्ता को चेयरमैन, वेदांत कौस्तव को अध्यक्ष, राजेश कुमार को सचिव और कीर्ति कुमार को कोषाध्यक्ष के रूप में किया गया। बैठक में राज्य में थ्रोबॉल खेल के दीर्घकालिक विकास के लिए "लॉन्ग टर्म डेवलपमेंट प्रोग्राम" पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही हाल ही में रांची में आयोजित राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता की समीक्षा की गई और इसके सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित सदस्यों को धन्यवाद दिया गया। थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव संजीव कुमार बैठक में प्रवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे, जबकि दिल्ली से आए तकनीकी विशेषज्ञ कैलाश कुमार ने नई खेल नीति और संघ की संरचना में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है और थ्रोबॉल खेल को हर जिले के विद्यालयों और ग्रामीण इलाकों तक पहुँचाना संघ का प्रमुख लक्ष्य है। अध्यक्ष वेदांत कौस्तव ने कहा कि नई कार्यकारिणी राज्य के खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास और पारदर्शी खेल प्रबंधन पर काम करेगी।

## इंद्रजीत सिंह एशियन बेंचप्रेस में जीते दो स्वर्ण

**रांची।** झारखंड के प्रख्यात पावरलिफ्टर सरदार इंद्रजीत सिंह ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। हांगकांग में संपन्न एशियाई बेंच प्रेस प्रतियोगिता में मास्टर्स पुरुष वर्ग में इंद्रजीत सिंह बेस्ट लिफ्टर घोषित किए गए। इससे एक दिन पहले उन्होंने इसी प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 70 वर्ष आयु वर्ग में इक्विप्ड श्रेणी में 125 किलोग्राम वजन उठाया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत में 10.6 करोड़ घरों को मिल रही एलपीजी की सुविधा: हरदीप सिंह



**6.7 करोड़ लोग रोज ईंधन भरवाते हैं, जिससे भारत तीसरा सबसे बड़ा तेल और एलपीजी उपभोक्ता बना**

**चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक और रिफाइनिंग केंद्र है**

**1.3 अरब डॉलर से अधिक निवेश अपस्ट्रीम तेल-गैस सेगमेंट में हुआ**

**एक्सप्लोरेशन मंजूरी 18 की गई व्यापार में आसानी के लिए बड़ा कदम**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में 10.60 करोड़ घरों को किफायती एलपीजी की सुविधा मिल रही है और 6.7 करोड़ लोग देश में प्रतिदिन फ्यूल स्टेशन पर ईंधन भरवाते हैं, जो देश को दुनिया में तेल और एलपीजी का तीसरा सबसे बड़े कंज्यूमर बनाती है। यह बयान रविवार को केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की ओर से दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, " गहरे पानी में खोज से लेकर हरित हाइड्रोजन और बायोएनर्जी तक, भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहा है जो सुरक्षित, टिकाऊ और आत्मनिर्भर है।"केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश दुनिया में चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक और रिफाइनिंग केंद्र है, जहां प्रतिदिन 5.5 मिलियन बैरल तेल का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा, "ऊर्जा ईंधन से कहीं अधिक नए भारत की धड़कन है। यह उद्योगों को शक्ति देती है, लोगों को जोड़ती है और 1.42 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करती है।"इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि तेल और गैस क्षेत्र में शुरू किए गए सुधारों से वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत का ऊर्जा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "दुनिया ईंधन की अस्थिरता का सामना कर रही है, भारत सुधारों के साथ आगे बढ़ रहा है। देश की रिफाइनिंग क्षमता 215 से बढ़कर 258 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) हो गई है और जामनगर अब एशिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी है, जो 100 से अधिक देशों को पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करती है।" अपस्ट्रीम ऑयल और गैस एक्सप्लोरेशन एवं प्रोडक्शन सेक्टर्स में हुए सुधारों पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) राउंड 10 ने आगे की खोज और उत्पादन के लिए 2.5 लाख वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को खोल दिया है। व्यापार करने में आसानी के लिए एक्सप्लोरेशन के लिए आवश्यक मंजूरी को भी 37 से घटाकर 18 कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि तेल की खोज और उत्पादन बढ़ाने के लिए अपस्ट्रीम सेगमेंट में 1.3 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत 2022 में लगभग दस लाख वर्ग किलोमीटर 'नो-गो' अपतटीय क्षेत्रों के उद्घाटन के साथ तेल और गैस की खोज में नए सिरे से वृद्धि देख रहा है।

## डॉ रेड्डी और जायडस ने खराब गुणवत्ता के बाद अमेरिका से वापस मंगाई दवाइयां

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो बड़ी भारतीय दवा कंपनियां, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज और जाइडस लाइफसाइंसेज, अमेरिका के बाजार से कुछ दवाइयां वापस मंगा रही हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने बताया है कि इन दवाओं में निर्माण प्रक्रिया के दौरान कुछ समस्याएं पाई गई हैं। ऐसे में मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ये दवाएं वापस मंगाई जा रही हैं। डॉ. रेड्डी की अमेरिका में स्थित शाखा ने सक्सिनिलकोलाइन क्लोराइड इंजेक्शन की 571 शीशियों को वापस मंगाने का फैसला किया है। यह दवा मांसपेशियों को आराम देने के लिए इस्तेमाल होती है। यूएसएफडीए ने बताया कि छह महीने की जांच के दौरान दवा की गुणवत्ता मानकों से बाहर पाई गई, जिससे इस वापसी की प्रक्रिया शुरू की गई। अमेरिका भर में इस दवा के इस बैच को वापस मंगाया जा रहा है। यह मामला क्लास-2 रिकॉल के तहत है, जिसका मतलब है कि इस दवा के इस्तेमाल से अस्थायी या ठीक हो सकने वाली स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, लेकिन गंभीर स्वास्थ्य जोखिम बहुत कम हैं। इसी तरह, जाइडस लाइफसाइंसेज की अमेरिकी शाखा जाइडस फार्मास्युटिकल्स (यूएसए) ने भी 1,500 से ज्यादा डब्बों की एंटेकाविर टैबलेट्स वापस मंगाई हैं। एंटेकाविर एक एंटीवायरल दवा है, जो मुख्य रूप से क्रॉनिक हेपेटाइटिस बी नामक बीमारी के इलाज में काम आती है।



यूएसएफडीए ने बताया कि इस दवा में अशुद्धता और खराब होने से जुड़ी समस्याएं पाई गईं। इस कारण 912 बोतलें 0.5 मिलीग्राम और 600 बोतलें 1 मिलीग्राम की एंटेकाविर टैबलेट्स को बाजार से वापस मंगाया गया है। भारत में सबसे ज्यादा यूएसएफडीए मानकों के अनुरूप दवा बनाने वाली फैक्ट्रियां हैं, जो अमेरिका के बाहर स्थित हैं।

## स्वदेशी नेविगेशन ऐप 'मैपल्स' की सराहना के लिए मैपमाईइंडिया ने अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया

**नई दिल्ली।** डिजिटल मैपिंग कंपनी मैपमाईइंडिया ने रविवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने हाल ही में एक ड्राइव के दौरान स्वदेशी नेविगेशन ऐप 'मैपल्स' का इस्तेमाल किया और इसके एडवांस फीचर्स की प्रशंसा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कंपनी ने कहा, "हमें वास्तव में गर्व है कि आपने 'मैपल्स' ऐप का इस्तेमाल किया और जंक्शन व्यू जैसी सुविधाओं की सराहना की, जो मैपमाईइंडिया मैप्स द्वारा संचालित वाहनों में पहले से इंस्टॉल आता है, जिसे भारत में ड्राइविंग को सुरक्षित, सुगम और स्मार्ट बनाने के लिए बनाया गया है।"मैपमाईइंडिया ने आगे कहा कि रेलवे मंत्रालय के साथ मिलकर अपनी मैपिंग और नेविगेशन तकनीक को रेलवे एप्लीकेशन में एकीकृत करना एक सौभाग्य की बात होगी, जो भारत के निर्बाध और इंटेलिजेंट डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विजन को सपोर्ट करता है।कंपनी ने कहा कि 35 मिलियन से अधिक डाउनलोड के साथ मैपल्स ऐप, स्वदेशी इनोवेशन में भारतीयों के विश्वास और गर्व को दर्शाता है। इससे पहले, वैष्णव ने अपनी कार में 'मैपल्स' ऐप का टेस्ट किया था और लोगों को विदेशी नेविगेशन टूल्स के स्वदेशी विकल्प को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया था।

## अरत्ताई की सफलता के बाद ज़ोहो मेल ट्रेंड में

**नई दिल्ली।** अभी हाल ही में ज़ोहो के अरत्ताई ऐप काफी सुर्खियों में रहा है। यह ऐप वॉटस्प को टक्कर देने के लिए स्वदेशी ऐप है। अरत्ताई के बाद से ज़ोहो ने अपना नया ईमेल प्लेटफॉर्म ज़ोहो मेल ट्रेंड में है। अब ये ऐप उन यूजर्ज के लिए पॉपुलर हो गया जो जीमेल के लिए प्राइवेट और एड-फ्री ऑप्शन की तलाश में हैं तो यह ऐप आपके लिए बेहतर हो सकता है। इस ज़ोहो मेल की सबसे बड़ी खासियत ये है कि यह पूरी तरह से एड-फ्री है- कोई पॉप-अप नहीं, न कोई टारगेटेड ऐड है, कोई डिस्ट्रैक्शन नहीं। यह एक बेहतर प्राइवेसी और क्लीन इनबॉक्स ऑफर करता है। इसके साथ ही ये मजबूत एन्क्रिप्शन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करती है ताकि आपका डेटा किसी थर्ड पार्टी अनऑथराइज्ड एक्सेस से सेफ रहे। अभी यह प्लेटफॉर्म प्रोफेशनल्स और छोटे बिजनेस के बीच लोकप्रिय है क्योंकि ये आपको अपने खुद के कस्टम डोमेन नेम का इस्तेमाल करने की सुविधा देता है।

**जीमेल से ज़ोहो मेल पर कैसे स्विच करें**

- यदि आप ज़ोहो मेल पर जाना चाहते हैं, तो इन स्टेप के जरिए जा सकते हैं।
- सबसे पहले ज़ोहो मेल की वेबसाइट पर जाएं और साइन अप करें।
- अब एक अकाउंट बनाएं। आप फ्री या पेड प्लान में कोई भी सेलेक्ट कर सकते हैं।
- इसके बाद मेल में जाकर सेटिंग्स अग्रेषण और पीओपी/आईएमपीए
- पर जाएं और आईएमपीए ऑन करें। इससे जोहो आपके ईमेल को सिक्योरली एक्सेस कर सकेगा।
- अब आप डेटा जोहो मेल में इंपोर्ट करें। इसके बाद सेटिंग्स आयात में जाकर माइग्रेशन विज़ार्ड का इस्तेमाल करें, जिससे आप अपने कॉन्टैक्ट्स, फोल्डर्स और ईमेल जोहो पर आसानी से पहुंच जाएं।
- जीमेल में ईमेल फॉरवर्डिंग सेट करें जिससे नए ईमेल आपके जोहो अकाउट पर आ जाएं और ट्रांसफर करते समय कोई भी मेल या मैसेज मिस न हो।

## बाइक चोरी का मामला सुलझा, मप्र का युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नवीन मेल संवाददाता**



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित सेंट्रल बैंक के नीचे अन्नपूर्णा होंडा शाइन बाइक शो रूम से हुई बाइक चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। चोरी के मामले में शोरूम के ऑनर अनिल कुमार साह ने मझिआंव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार, आरोपी पुष्पेंद्र कुमार पनिका (उम्र 24 वर्ष) पिता रामसुंदर पनिका, निवासी ग्राम बभनी, थाना बरका, जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश) का रहने वाला है। चोरी की गई बाइक के साथ उसे पलामू जिला के रेहला थाना पुलिस ने गश्ती (पेट्रोलिंग) के दौरान पकड़ा। रेहला पुलिस को आरोपी पर उस समय संदेह हुआ जब वह बिना हेलमेट के संदिग्ध गतिविधियों के साथ बाइक चला रहा था। रोककर पूछताछ करने पर उसने चोरी की बात कबूल कर ली। इसके बाद रेहला पुलिस ने तुरंत मझिआंव थाना को सूचना दी और आरोपी समेत बाइक को सुपुर्द कर दिया। वहीं, प्राथमिकी दर्ज कराने वाले अनिल कुमार साह ने बताया कि उनके घर में दो पुरानी बाइकें रखी हुई थीं। 11 सितंबर 2025 की भोर में जब उन्होंने देखा तो एक बाइक गायब थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि एक युवक घर में घुसकर बाइक चोरी कर फरार हो गया था।

पुलिस की सतर्कता से आरोपी की गिरफ्तारी और बाइक की बरामदगी के बाद पीड़ित व्यक्ति ने ने राहत की सांस ली है। वहीं, मझिआंव थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया।

### कोयल नदी में अत्यधिक जलप्रवाह से छठ महापर्व को लेकर संकट उत्पन्न होने की संभावना

## वैकल्पिक तौर पर मुख्य नहर किनारे अर्घ्यदान एक बार फिर हुआ संभावित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय साप्ताहिक बाजार के समीप कोयल नदी में अत्यधिक जलप्रवाह की वजह से इस बार महापर्व छठ मनाने को लेकर संकट उत्पन्न हो गया है, बताया जाता है। ऐसे में वैकल्पिक तौर से स्थानीय स्तर पर देवीधाम मंदिर के समीप मुख्य नहर किनारे अर्घ्यदान संभावित बताया गया है। वैसे, भी कोयल नदी तट पर तटबंध निर्माण के बाद मुख्य नहर किनारे ही छठ महापर्व मनाया जाता रहा था। मगर हाल के वर्षों में एक संस्था विशेष की बेहतर व्यवस्था से उक्त स्थल पर कोयल नदी बीच काशीस्रोत संगम स्थल पर छठ महापर्व मनाने की परंपरा शुरू हो गई है। जहां भजनियां गांव का भी छठ घाट हुआ करता है। जिसे इस बार कोयल नदी के जलप्रवाह को देखते हुए जारी रखने में मुश्किल उत्पन्न हो गया, लगने लगा है। विडंबना तो यह है कि अबतक कोयल नदी किनारे कहीं भी छठ घाट नहीं बनाया जा सका है। इस वजह से भीमबराज बनने के साथ तटबंध निर्माण के बाद से कोयल नदी किनारे अर्घ्यदान में असुविधाजनक स्थिति का सामना होने बाद से इसे लेकर लोगों ने मुख्य नहर किनारे का रूख अख्तियार कर लिया। कई गांव के छठ व्रती आसपास के नदियों और डैम किनारे अर्घ्यदान करने लगे।

लोगों ने इस बार कोयल नदी में अथवा तट पर छठ मनाना असुविधाजनक होने की स्थिति में मुख्य नहर का जलप्रवाह सामान्य स्तर रखने की जरूरत पर बल दिया है। जिससे छठ व्रत पर व्रतियों को स्नान करने में खतरा का सामना ना करना पड़े। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश का कहना है सामान्य स्तर पर मुख्य नहर का जलप्रवाह उस दिन 1100 क्यूसेक रखेंगे। वैसे,स्थानीय लोगों से इस पर विचार-विमर्श भी कर लेंगे। छठ महापर्व के दिन मुख्य नहर में जलप्रवाहित करने को लेकर पूरी सतर्कता बरती जाएगी।

### श्री चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**लातेहार।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा लातेहार धरमपुर जिला इकाई द्वारा आगामी श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर को शिव मंदिर प्रांगण धर्मपुर लातेहार में बैठक आयोजन किया गया। जिसमें पूजा को धूमधाम से मनाने हेतु पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्णय लिया गया।

### कुर्मी जाति को एसटी सूची में शामिल करने के विरोध में बैठक का आयोजन

**बारियातू।** बारियातू प्रखंड के सालवे पंचायत अंतर्गत अलखडिहा टोला मे कुर्मी जाति को आदिवासी सुची में शामिल करने के विरोध में राजदेव उरांव की अध्यक्षता में आदिवासी समाज की बैठक कि गई। जिसमे आदिवासी समाज ने कुर्मियों को आदिवासी का दर्जा दिए जाने की मांग का विरोध किया है। वहीं आदिवासी संस्कृति को बचाए रखने की बात कही गयी। वक्ताओं ने कुर्मी (कुड़मी) समाज द्वारा झारखंड में आदिवासी का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रम की आदिवासी समाज ने विरोध करने का निर्णय लिया। साथ ही 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय लातेहार में आहुत रैली व विरोध प्रदर्शन भारी संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। मौके पर कामेश्वर उरांव, नागेश्वर उरांव, सुरेश उरांव शिवप्रसाद उरांव, मुन्ना लोहरा अर्चना देवी, सुमती देवी, सहित भारी संख्या में उरांव व लोहरा आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।

## केतार में सप्ताह भर से बंद है गोदाम नमक लदा ट्रक दो दिनों से है खड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार में राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) गोदाम परिसर में नमक लदा ट्रक दो दिनों से खड़ा है। लेकिन रिसीव नहीं होने और नमक अनलोडिंग नहीं होने से चालक परेशान है। ट्रक चालक ने बताया कि वह डिहरी (बिहार) से 1388 बोरी नमक लेकर शुक्रवार की सुबह आया था। लेकिन गोदाम प्रबंधक के अनुपस्थिति में कोई रिसीव नहीं कर रहा है। उक्त नमक जनवितरण प्रणाली के माध्यम से अंत्योदय अन्न योजना, पीएचएच राशनकार्ड धारकों के बीच वितरित करने के लिए आया है। अंचलाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि गोदाम खुलवाने के लिए जिला प्रशासन से मजिस्ट्रेट कि नियुक्ति कि मांग कि गयी है। ताकि मजिस्ट्रेट के उपस्थिति में वीडियोग्राफी कराते हुए गोदाम की जांच कर इसे खोलवाया जा सकें। इधर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने गोदाम परिसर से ट्रक को हटाकर सुरक्षित स्थान पर लगाने का निर्देश दिया है। विगत सप्ताह भर से गोदाम बंद रहने है अंत्योदय और पीएचएच कार्डधारकों को मिलने वाला राशन पर असर पड़ रहा है। गौरतलब है कि एसएफसी गोदाम से करीब 3 करोड़ रुपए की लागत का 9003 क्विंटल अनाज गायब करने मामला केतार थाना में दर्ज हुआ है।

### सरकार से 3200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद करने की मांग की

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि इस वर्ष किसानों की पुरजोर मेहनत और इस वर्ष अच्छी बारिश होने के चलते धान की अच्छी फसल की उम्मीद जगी है। वहीं सरकार द्वारा प्रयाप्त मात्रा में यूरिया खाद नहीं मिलने के कारण किसान ब्लैक और मंहगे दामों पर खाद खरीदकर धान में दिये है, जिससे किसानों को धान की खेती करना मंहगा पड़ा है।वर्तमान सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सरकार बनने पर धान 3200 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने की बात कही गई है। इसलिए सरकार के घोषणा पत्र पर अमल करते हुए किसान हित को देखते हुए उन्होंने सीएम को ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि इस वर्ष अपने घोषणा पत्र के अनुसार किसानों से 3200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद की जाय, तभी किसानों को लागत के अनुसार मूल्य मिलेगा और किसान अपने परिवार का भरन पोषण कर सकेंगे।

### पर्व को लेकर नगर प्रशासन ने विधि व्यवस्था संधारण व साफ-सफाई को लेकर की बैठक, बोले एलआरडीसी

## हर दुकान में रखें डस्टबिन अनधिकृत स्थानों पर कचरा फेंकने पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



● शहर को स्वच्छ बनाने में आम नागरिकों का योगदान होना चाहिए : एसडीपीओ

**हुसैनाबाद (पलामू)।** दीपावली व छठ महापर्व को लेकर नगर प्रशासन ने शहर की विधि व्यवस्था संधारण एवं साफ-सफाई को लेकर अनुमंडल प्रशासन सख्त हो गया है। आईएएस ओमप्रकाश गुप्ता के निर्देश पर हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अनुमण्डल प्रशासन समेत पुलिस प्रशासन व निवर्तमान नगर जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध नागरिकों के साथ विचार विमर्श कर मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एलआरडीसी गौरांग महतो ने की बैठक में कुल चार बिंदुओं पर विधिवत चर्चा की गई। जिसमें सभी वार्डो को साफ-सफाई सम्बंधित, कचरा डस्टबिन अधिष्ठापन हेतू स्थान चयन,सभी दुकानदारों को अपने-अपने दुकानों में डस्टबिन रखने हेतु प्रेरित करना,शहर के विभिन्न वार्ड क्षेत्रों अंतर्गत स्थायी व थोक कचरा डम्प साइड का जगह चयन करने सहित अन्य कई प्रमुख बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा किया गया। इस दौरान एलआरडीसी ने कहा कि हमारे पास संसाधन की कमी हो सकती है, लेकिन स्वच्छता की सोच की कमी नहीं होनी चाहिए। हुसैनाबाद शहर प्राचीन शहरों में आता है, इस अनुमण्डल में तीन प्रखंड है। जिसका यह मुख्यालय है और शहर ग्रामीण क्षेत्रों या बाहर के आगन्तुकों के लिए आईना है।

यदि हमलोग अपने शहर को स्वच्छ नहीं बना सकते है, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है। इसके लिए सभी को सकारात्मक दिशा में पहल करना होगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव मांगा और उसे तत्काल पहल करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा कि मैं इसके लिए एक जनजागरूकता व खुद से मोनेटरिंग करूंगा, लेकिन शहर को हर हाल में स्वच्छ रखूंगा। उन्होंने आम दुकानदारों से अपील किया कि अनधिकृत स्थानों पर कचरा नहीं फेंके और ना ही अपने दुकान के इर्द गिर्द किसी को कचरा फेंकने दें। नही तो नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं में आप पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। आप इस कार्य में सहयोग करें, उन्होंने नगर के कर्मचारियों को सभी वार्ड क्षेत्र को बांट दिया है। साथ ही सभी लिए गए निर्णय को कलमबद्ध कर आम नागरिको को सूचना व जागरूकता लाने का निर्देश दिया है। एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने कहा कि जब हमलोग शहर में घुसे तो लगे कि यह शहर है, ऐसा शहर आप सब बनाये उन्होंने शहर के विभिन्न चौक चौराहा पर कचरा व गंदगी पर नाराजगी जताया और कहा कि यह जिमेदारी केवल अधिकारियों की नही है।

बल्कि आम नागरिको की सहभागिता आवश्यक है। वहीं नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि हमलोगों का अधिकार सरकार द्वारा स्थिल कर दिया गया, जो कि लगभग विगत दो वर्षों से ज्यादा समय हो गया है। इस बीच नगर में सफ़ाई व अन्य कार्यो में घोर लापरवाही प्रतिदिन देखने व सुनने को मिलता है। उन्होंने आगामी छठ महापर्व व दीपावली को लेकर शहर के विभिन्न छठ घाटों पर सफ़ाई व लाईट की व्यवस्था कराने की मांग किया। साथ ही शहर में आवश्यक स्थानों पर लाईट, हाईमास्ट लाइट, सप्लाई पानी, शहर में यूरिन टॉलेट, बिलीचिंग छिड़काव, मकच्छर के प्रकोप से बचाने आदि मुद्दों पर ध्यानाकर्षण कराया। उपाध्यक्ष ने भी विभिन्न मुद्दों को अवगत कराया।

इस मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी अनंतओझा, अंचल अधिकारी पंकज कुमार, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, राकेश कुमार सिंह, निवर्तमान वार्ड पार्षद नजीर अहमद, शुहैल आलम, राजेन्द्र पाल, अजय प्रसाद गुप्ता, उमा देवी, राजकुमार कश्यप, अनवर, लेखापाल रविकांत कुमार, जेई सुधांशु कुमार तिवारी, बृजलाल यादव, अजित गुप्ता, आशीष सिंह, विक्रम कुमार, शिवशंकर उराव, रंजीत सिंह अनुमंडल बड़ा बाबू अशोक सिंह, सुपरवाइजर रवि यादव, संजीत कुमार, अवधेश राम एवं सिकंदर सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## संघ के 100 वर्ष पर चिनियां में निकला भव्य पथ संचलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार दोपहर 2:30 बजे चिनियां प्रखंड मुख्यालय में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन मुख्यालय स्थित नेमना शिव मंदिर से प्रारंभ होकर चिनियां बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर होते हुए रंका मोड़ से वापस चिनियां हाई स्कूल मैदान तक पहुंचा। पूरे मार्ग में अनुशासन, वेशभूषा और संगठन की झलक देखने को मिली। इस ऐतिहासिक अवसर पर जिला सेवा प्रमुख तेजस अभिमन्यु, खंड कार्यवाह फुलटुश गुप्ता, सह खंड कार्यवाह अरुण सिंह और मंडल कार्यवाह इन्द्रदीप प्रसाद के साथ सैकड़ों स्वयंसेवक सफेद शर्ट और खाकी पैंट में पंक्तिबद्ध होकर चल रहे थे। स्वयंसेवकों के हाथों में लाठी और सर पर टोपी थी पूरा वातावरण देशभक्ति और अनुशासन की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दे रहा था। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा भारत माता की जय,वंदे मातरम्,और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा चिनीयां गूंज उठा। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन के माध्यम से आरएसएस ने समाज को यह संदेश देने का प्रयास किया कि हिंदू समाज को जाति-पाति, भेदभाव और संकीर्णता से ऊपर उठकर एकजुट होकर धर्म, राष्ट्र और संस्कृति के प्रति समर्पित रहना चाहिए। संघ का उद्देश्य समाज में संगठन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करना है। इस अवसर पर जिला सेवा प्रमुख तेजस अभिमन्यु ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष केवल संगठन के 100 वर्ष नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण के सतत प्रयासों की एक गौरवशाली यात्रा है। समाज को एकजुट, सशक्त और संस्कारित बनाना ही हमारा ध्येय है। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूरे आयोजन में शांति, अनुशासन और सौहार्द का अद्भुत माहौल रहा। कार्यक्रम के समापन पर स्वयंसेवकों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति समर्पण और एकता का संकल्प लिया।

## आदिम जनजाति परिवार के विकास के लिए किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य का किया गया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** कादल कुर्मी पंचायत के परहिया टोला में निवास कर रहे इस आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों को उदय व आदिकर्मयोगी अभियान के तहत सभी मूलभूत आवश्यकताओं से परिपूर्ण कर उन्हें विकास की मुख्य धारा में जोड़ने के उद्देश्य से किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण शनिवार को प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल और नोडल पदाधिकारी (ग्राम स्तर) सह पंचायत सचिव राज कुमार दास के नेतृत्व में किया गया। बताया गया कि आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया और पंचायत सहायक की टीम द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण के बाद ग्राम विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जानी है। जिसे विशेष ग्राम सभा में पारित कर क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। इससे पहलू संबंधित योजनाओं से आच्छादित करने के लिए इस टोला में लगा शिविर लगाकर प्राप्त निर्देश के आलोक में विभिन्न विंदुओं पर आंकलन किया गया था। इस टोला पर स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित शिविर में उनके आधार कार्ड, जॉब कार्ड,राशनकार्ड, उज्वला योजना, बैंक खाता, जन्म-मृत्यु व दिव्यांग प्रमाणपत्र, आदिम जनजाति और दिव्यांग पेंशन, मतदाता पहचान पत्र,जाति,आवासीय प्रमाणपत्र, वन पट्टा,आवास, आयुष्मान कार्ड और टीकाकरण सहित अन्य कई योजनाओं की उपलब्धता की पड़ताल कर इससे वंचितों को इनका लाभ पहुंचाया गया है। जिसमें कुल योग्य जॉब कार्ड के 26 लाभार्थियों में इससे वंचित 9 में से 6,जन्म प्रमाणपत्र के 30 में वंचित 16 में 2, आयुष्मान कार्ड के 104 में वंचित 35 में 6 और आदिम जनजाति पेंशन के 26 लाभार्थियों में से 4 को इन योजनाओं के लाभ से इस शिविर में आच्छादित किया गया। जबकि 26 कार्डधारकों में मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी व धोती वितरित किए गए। वहीं, आधार कार्ड के 9, जॉब कार्ड 3, बैंक खाता के 15, जन्म प्रमाणपत्र के 14, मृत्यु व दिव्यांग प्रमाणपत्र के 2-2, वोटर कार्ड के 6, वन पट्टा के 17, आयुष्मान कार्ड के 29, दिव्यांग पेंशन के 2 और आदिम जनजाति पेंशन के शेष 1 लाभार्थी को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया गया है। शिविर में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मोहम्मद नौशाद आलम, बतौर नोडल पदाधिकारी प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल और कंप्यूटर सहायक मनोहर कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना के तहत सर्वेक्षण में परहिया और कोरमी दो टोलों में 26 परिवारों की कुल पीवीजीटी जनसंख्या 110 में पुरुष 59 व महिला 51 पाया गया है। बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइट की जरूरत बताया गया। उक्त स्कूल तो है, लेकिन वन धन और आंगनबाड़ी केंद्र नहीं हैं। वहीं, कोरमी परहिया दूसरे टोले में नल-जल और सड़क योजना से वंचित पाया गया है। परहिया जनजाति परिवार ने प्रशासनिक स्तर से उनके विकास को लेकर शिविर के आयोजन और सर्वेक्षण के प्रति खुशी जताई है।

## घटना के पांच दिन बाद परिजनों ने युवक का हत्या का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** बहियार कला पंचायत में 6 दिन पूर्व एक युवक की जोकइला नदी में डूबने से मृत्यु की घटना में एक नया मोड़ आ गया है,परिजनों ने गांव के ही नाबालिक युवकों पर हत्या कर इसे नदी में फेक कर, डूब कर मरने का रंग देने का प्रयास किया है। इसकी सुचना मृतक के पिता अखलेश उरांव ने आज छः दिन बीत जाने के बाद पुलिस को दी।ग्रामीणों एवं परिजनों के अनुसार मृतक 14 वर्षीय रंजन कुमार उर्फ कालिया जोकइला नदी में नाबालिक लड़को के साथ में नहाने गया था इसी क्रम में उसकी डूब कर मृत्यु हो गयी,साथ गये नाबालिक युवकों ने ही उसे नदी से बाहर निकाला और हो हल्ला किया। हो हल्ला सुन कर अगल -बगल बकरी चरा रहे ग्रामीणों ने इसकी सुचना बस्ती के लोगो को दिया। इसके बाद ग्रामीणों के ही कहने पर मृतक के पिता ने लाश को दफना दिया। इस घटना की सुचना उस समय पुलिस को नहीं दी गयी थी। घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद परिजनों को संदेह हुआ की मेरे पुत्र की डूब कर नहीं कोई साजिस के तहत मारा गया है। तो इसकी शिकायत रमना थाना को किया गया। इसके बाद रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार, एसआई जयप्रकाश गुप्ता एवं पुलिस बल के साथ बहियार कला ग्राम पहुंच कर घटना स्थल का मुवायना किया, और प्रत्यक्ष दर्शीयो से घटना के संबंध में पूछताछ किया। इस घटना की पुलिस हर बिंदु पर गहनता से जांच कर रही है।

### सीमेंट लोड ट्रक ने भैंस के साथ चरवाहे को लिया चपेट में, दोनों की स्थिति गंभीर, चालक फरार

**गिद्धौर(चतरा)।** चतरा सदर थाना क्षेत्र के रमटुंडा पुल पर के पास सीमेंट लदा ट्रक एक भैंसा को टक्कर मारने के साथ चरवाहे को चपेट में ले लिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल भैंसा हरिनाथ यादव का है। जबकि घायल चरवाहा जानकी महतो बताया गया। वहीं टक्कर मारने के बाद ट्रक पुल के रेलिंग में अटक गया। जिससे ट्रक पुल के नीचे पलटने से बाल-बाल बच गया। वहीं मौके से ट्रक चालक फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना में घायल रमटुंडा गांव निवासी जानकी महतो को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज गया। जहां से डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इस दुघर्टना में पुल का लगभग 50 फीट रेलिंग टूट गया है।

### कजरात-नावाडीह रेलवे स्टेशन परिसर में रेल सुरक्षा बल की चौकी का हुआ शुभारंभ

**हुसैनाबाद (पलामू)।** रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के आदेश पर झारखंड के अंतिम रेलवे स्टेशन कजरात नावाडीह में रेल सुरक्षा बल की चौकी का शुभारंभ रविवार को किया गया। इस रेलवे स्टेशन के बाद बिहार राज्य शुरू हो जाता है। चौकी के शुभारंभ के मौके पर आरपीएफ पोस्ट नबीनगर के प्रभारी निरीक्षक आरके कच्छवाहा ने कहा कि काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन झारखंड बिहार की सीमा पर स्थित है। यहां आरपीएफ की चौकी का शुभारंभ करने से रेलवे क्षेत्र में होने वाली अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी के साथ साथ एसीपी की रोक थाम, यात्रियों की सुरक्षा व ट्रेनों के परिचालन में आने वाली बाधाओं को रोकने में मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि चौकी इंचार्ज के रूप में उप निरीक्षक उमाकांत राम को बनाया गया है। चौकी पर आरपीएफ जवानों की भी तैनाती की गई है। इस रेल सुरक्षा बल चौकी रेल सुरक्षा पोस्ट नबीनगर के अधीन होगा।

**टूर्नामेंट** | फुलवरिया में गूंजा जयकारा, राजा मेदनी राय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ धमाकेदार आगाज

## कोलपुरवा व बरहकुरुवा की टीमों ने दिखाया जोरदार खेल प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सतबरवा।** सतबरवा प्रखंड के फुलवरिया मैदान में रविवार को खेल प्रेमियों की भारी भीड़ के बीच राजा मेदनी राय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह का आगाज जोश और उत्साह के माहौल में हुआ, जब समाजसेवी आशीष कुमार सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य पति अरविंद सिंह एवं अध्यक्ष बिनय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और गेंद पर पहली किक मारकर टूर्नामेंट की शुरुआत की। सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि यह अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना का प्रतीक है। पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए। टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में कोलपुरवा और बरहकुरूवा की टीमें आमने-सामने हुईं।

दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए खेल मैदान को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया। दर्शकों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए पूरे जोश से समर्थन किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने किया। वहीं कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह, आनंद कुमार सिंह, चंदन सिंह, मनोज कुमार सिंह, संजय सिंह, विश्वनाथ सिंह, पिटु सिंह, दीपक सिंह, रौशन सिंह, अखिलेश सिंह, सुनील सिंह, योगेन्द्र सिंह, सुभाष सिंह, धनंजय सिंह, संतोष सिंह, महेन्द्र सिंह, युवराज सिंह समेत बड़ी संख्या में खेलप्रेमी व ग्रामीण मौजूद रहे।

टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में कई रोमांचक मैच खेले जाएंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

**पेज एक के शेष**


### आत्मनिर्भरता का प्रतीक...

स्वदेशी मैराथन 2025 में सरायकेला खरसावां और सिल्ली से आए कलाकारों ने छऊ नृत्य और पाइका नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। यहां स्वास्थ्य जांच शिविर में हजारों लोगों ने स्वास्थ्य जांच भी करवाई। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार, आरती कुजूर, डीएवी के प्राचार्य बिपिन राय, रौशनी खलको, सरदार परमजीत सिंह टिंकू, अस्मित सिंह शेट्टी, वरुण साहू, धीरज महतो, रोमित नारायण सिंह, माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष मुकेश काबरा, मेरा युवा भारत के गौरव अग्रवाल, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन से शिवेंद्र दुबे, प्रभाकर कुमार, रमेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# एआई से जुड़े खतरों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट में सलाहकार समिति बनाने का प्रस्ताव

## बालिकाओं की सुरक्षा के लिए तकनीकी बदलावों के प्रभाव का अध्ययन जरूरी

- 24 घंटे बाल यौन शोषण सामग्री की रिपोर्टिंग और राष्ट्रीय निगरानी प्रणाली को अनिवार्य करने की आवश्यकता जताई
- जस्टिस नागरत्ना ने सुप्रीम कोर्ट से एआई साइबर अपराध सलाहकार समिति बनाने पर विचार करने को कहा



एआई जेनरेटेड

**यह समिति एआई और अन्य तकनीकी बदलावों के बालिकाओं पर प्रभाव का अध्ययन करेगी**

**उन्होंने उचित प्राधिकरणों को कानून बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठाने का सुझाव दिया**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने रविवार को कहा कि डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित बाल शोषण जैसी नई चुनौतियों से निपटने के लिए उचित प्राधिकरणों को जल्द कानून बनाने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। वह सुप्रीम कोर्ट की जुवेनाइल जस्टिस कमेटी और यूनिसेफ इंडिया की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक परामर्श बैठक के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इस कार्यक्रम का विषय 'बालिका की सुरक्षा: भारत में उसके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर' था। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि डिजिटल और साइबर स्पेस, खासकर एआई, बालिकाओं के लिए अवसरों के साथ-साथ खतरों का भी कारण बन रहा है। उन्होंने कहा, डीपफेक और एआई-सक्षम बाल शोषण से जुड़े मामलों के लिए कानून बनाना अब समय की मांग है। साथ ही, 24 घंटे बाल यौन शोषण सामग्री की रिपोर्टिंग, आयु-पुष्टि और राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी प्रणाली को भी अनिवार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने ने यह भी सुझाव दिया कि सुप्रीम कोर्ट एआई साइबर अपराध सलाहकार समिति बनाने पर विचार कर सकता है, जो यह अध्ययन करेगी कि एआई और अन्य तकनीकी बदलाव बालिकाओं को किस प्रकार प्रभावित करते हैं और उन्हें कैसे रोका जा सकता है।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि न्यायपालिका में एआई से जुड़े खतरों पर प्रशिक्षण और क्षमता-विकास कार्यक्रमों को देशभर में लागू किया जाना चाहिए ताकि न्यायिक अधिकारियों को इन नई चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया जा सके। अंत में उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या और शिशु हत्या की रोकथाम के लिए मौजूदा कानूनों का कड़ाई से पालन और निगरानी बेहद जरूरी है।

# भारत ने काबुल में दूतावास फिर से खोलने का किया निर्णय...

### मुत्ताकी ने जयशंकर के फैसले की सराहना की, अफगान राजनयिक जल्द दिल्ली पहुंचेंगे

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने कहा कि उन्होंने भारत को अफगानिस्तान के खनिज, स्वास्थ्य और खेल क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया है, ताकि द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इसके साथी अफगानिस्तान ने भारत से वाघा बॉर्डर खोलने की भीअपील की है। ताकि व्यापार में तेजी आ सके। नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुत्ताकी ने कहा कि चर्चा में चाबहार बंदरगाह के सर्वोत्तम उपयोग और क्षेत्रीय व्यापार को प्रभावित करने वाले प्रतिबंधों से निपटने के उपायों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने आगे कहा कि अफगानिस्तान ने वाघा सीमा को खोलने का भी अनुरोध किया है और उन्होंने इसे भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे नजदीकी और सबसे तेज व्यापार मार्ग बताया है।

मुत्ताकी ने इस दौरान भारत की ओर से काबुल स्थित तकनीकी मिशन को दूतावास के रूप में शुरू करने के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसके अगले चरण में अब जल्द ही अफगान राजनयिक दिल्ली पहुंचेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनके इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। गौरतलब है, दूतावास बंद होने के बाद तालिबान ने मुंबई में वाणिज्य दूतावास के संचालन के साथ ही हैदराबाद वाणिज्य दूतावास को संचालित करने के लिए एक व्यक्ति की नियुक्ति की थी।

## पाकिस्तान को मुत्ताकी की दो टूक



एआई जेनरेटेड

- भारत ने काबुल में तकनीकी मिशन को अब दूतावास में अपग्रेड करने का फैसला लिया
- उन्होंने कहा कि अब जल्द ही अफगानिस्तान के राजनयिक भारत पहुंचेंगे

तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बहाने अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई को मुत्ताकी ने पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। जवाबी कार्रवाई को पाकिस्तानी शरारत का जवाब बताते हुए उन्होंने कहा कि हम शून्य तनाव का समर्थन करते हैं। हालांकि अगर बातचीत से काम नहीं चलता तो हमें दूसरा रास्ता अपनाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई के बाद कई लोग पाकिस्तान से भाग गए थे। इन्हें हमारे शासन में आने से पहले अमेरिकी सेना ने शरण दी थी। हालांकि पाकिस्तान अब इस मामले में दुष्प्रचार कर रहा है, जबकि हकीकत यह है कि अफगानिस्तान में टीटीपी की कोई मौजूदगी नहीं है। मुत्ताकी ने कहा कि पाकिस्तान को समझना होगा कि हम अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेंगे। उसे पता है कि बीते चार दशक में हमारे यहां सोवियत आए, अमेरिकी आए, नाटो आए, मगर हम फिर आजाद हैं, अपने पैरों पर खड़े हैं। पाकिस्तान को अपने अंदर झांकने की जरूरत है। उसे यह समझने की जरूरत है कि दोनों देशों की पहाड़ी कबायली इलाकों से गुजरने वाली 2500 किमी सीमा पर चंगेज खां, ब्रिटिश, अमेरिका, सोवियत संघ कोई नियंत्रण नहीं कर पाया।

## चीन में दुनिया की सबसे बड़ी अक्षय ऊर्जा प्रणाली स्थापित

**बीजिंग** । चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि औद्योगिक और ऊर्जा संरचनाओं का समायोजन बढ़ाने से अक्षय ऊर्जा का विकास करना होगा। 14वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान चीन में अक्षय ऊर्जा की स्थापित क्षमता का पैमाना तेजी से बढ़ रहा है। चीन में दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अक्षय ऊर्जा प्रणाली का निर्माण किया गया है। इससे चीन में ऊर्जा की सुरक्षित आपूर्ति और हरित व निम्न-कार्बन परिवर्तन का समर्थन किया गया। 14वीं पंचवर्षीय योजना की रूपरेखा में अक्षय ऊर्जा के विकास की दिशा स्पष्ट की गई। चीन में पवन ऊर्जा और फोटोवोल्टिक विद्युत उत्पादन के पैमाने में जोरदार वृद्धि की जाएगी। जलविद्युत ठिकानों के निर्माण में तेजी लाई जाएगी। अधिक बहु-ऊर्जा संपूरकता वाले स्वच्छ ऊर्जा आधारों का निर्माण किया जाएगा।

## नेपाली जेल से भागी पाकिस्तानी महिला त्रिपुरा में गिरफ्तार, जांच जारी

**अगरतला** । एक संदिग्ध पाकिस्तानी महिला को त्रिपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार महिला ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह पाकिस्तान के शेखपुरा जिले की रहने वाली है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 50 वर्षीय महिला को शनिवार रात दक्षिणी त्रिपुरा के सबरूम रेलवे स्टेशन से राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने गिरफ्तार किया, जब वह कंचनजंगा एक्सप्रेस से वहां पहुंची थी। कंचनजंगा एक्सप्रेस सियालदह (कोलकाता) से बांग्लादेश सीमा पर स्थित सबरूम तक चलती है।




# अमेरिकी विवि में विदेशी छात्रों के प्रवेश पर प्रस्तावित 15% की सीमा से भारतीय छात्रों को लगेगा बड़ा झटका

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सरकार ने अमेरिका के 9 शीर्ष विश्वविद्यालयों (मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी , पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय, एरिज़ोना विश्वविद्यालय , ब्राउन विश्वविद्यालय, डार्टमाउथ कॉलेज, दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय , टेक्सास विश्वविद्यालय , वर्जीनिया विश्वविद्यालय और वेंडरबिल्ट विश्वविद्यालय )को एक मसौदा प्रस्ताव भेजा है , जिसमें कहा गया है कि अगर वे संघीय अनुदानों के लाभ उठाना चाहते हैं, तो उन्हें निम्न शर्तें स्वीकार करनी होंगी:विदेशी छात्रों की कुल संख्या इन विश्वविद्यालय के कुल एडमिशन का 15% से अधिक नहीं हो सकती और किसी एक देश से आने वाले छात्रों की संख्या कुल प्रवेश की 5% से अधिक नहीं हो सकती। विश्वविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रवेश देने और वित्तीय सहायता देने में जाति, लिंग आदि के आधार पर भेद न हो।यह प्रस्ताव "कानून" नहीं है, बल्कि एक सशर्त वित्त पोषण समझौता जैसा है। यानी विश्वविद्यालयों को यह निर्णय करना होगा कि वे इस शर्त पर हस्ताक्षर करें या नहीं। यदि किसी विश्वविद्यालय ने यह स्वीकार किया, तो उस पर अनुदान या अन्य संघीय सहायता मिलने में प्राथमिकता दी जा सकती है।फिलहाल उक्त 9 विवि को यह प्रस्ताव भेजा गया है। ये सभी विश्वविद्यालय अनुसंधान प्रधान हैं और ये सभी संघीय अनुदान पर ज्यादा निर्भर हैं। प्रस्ताव पास हुआ तो किसी देश से 5% से अधिक छात्र न हों। यदि किसी देश, जैसे भारत, की आवेदकों की संख्या 5% की सीमा तक पहुँच जाए, तो अन्य योग्य छात्र भी निरस्त किए जा सकते हैं।

2024 में कुल अंतर्राष्ट्रीय छात्रों (F-1 और M-1 वीज़ा धारक) की संख्या 1,582,808 थी। इनमें से भारतीय छात्रों की संख्या 422,335 थी, यानी लगभग 27% ।यह 2023 की तुलना में 11.8% की वृद्धि थी ।एशिया का योगदान लगभग 71.7% था (लगभग 1,134,953 छात्र)। 2025 की ताज़ा प्रवृत्ति में, मार्च 2024 से मार्च 2025 के बीच कुल अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या 11.53 लाख से घटकर 10.22 लाख हो गई (11.3% की गिरावट)। इसी अवधि में भारतीय छात्रों की संख्या लगभग 28% घटी, यानी 354,295 से घटकर 255,442। इसके अलावा, जनवरी 2025 से अब तक 4,736 SEVIS रिकॉर्ड और 300+ छात्र वीज़ा रद्द किए गए, जिनमें से लगभग 50% भारतीय छात्रों से संबंधित थे ।MIT, Harvard, Stanford जैसे शीर्ष संस्थान पहले ही अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की हिस्सेदारी अधिक रखते हैं। यदि उन्हें 15% तक सीमित किया जाए, तो इन कॉलेजों तक भारतीय छात्रों का प्रवेश और भी कठिन हो जाएगा ।महत्वपूर्ण यह है कि यह प्रस्ताव संघीय अनुदान के लाभ से जुड़ा है। यदि कॉलेज इसे स्वीकार नहीं करते, तो उन्हें कुछ अनुदान खोने की संभावना हो सकती है, जिससे प्रवेश प्रक्रिया में दबाव पड़ेगा ।कॉलेज यह सोच सकते हैं कि बेहतर "रिटर्न" देने वाले छात्रों को प्राथमिकता दें — जैसे जो वे पूर्ण शुल्क दें, या जिनके पास अच्छे वित्तीय संसाधन हों। इसके कारण मोनिटरी (पैसे संबंधी) योग्यता अधिक महत्व पा सकती है ।भारत से बहुत से छात्र स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) या कंप्यूटर विज्ञान में जाते हैं — इन विषयों में प्रतिस्पर्धा तीव्र होगी। यदि 5% की सीमा भारत पर लागू हो, तो बहुत से योग्य छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा। अध्यापकों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय छात्रों से मिलने वाली फीस (जो आमतौर पर बहुत अधिक होती है) कई विश्वविद्यालयों की आय का महत्वपूर्ण हिस्सा होती है। यदि छात्रों की संख्या कम होगी, तो कॉलेजों को शुल्क बढ़ाना पड़ सकता है ।भारतीय छात्रों को संभव है कि अब अमेरिका की बजाय अन्य देशों जैसे कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी आदि की ओर रुख करना पड़े — जहाँ अधिक लचीलापन हो ।जैसा कि पिछले कुछ महीनों में देखा गया है, बहुत सी SEVIS रिकॉर्ड रद्द की गई हैं और वीज़ा रद्दीकरण हुआ है। यह डर भारतीय छात्रों में पहले से ही व्याप्त है ।यदि विदेशी छात्रों की संख्या कम होगी, विशेष रूप से पीएचडी और शोध छात्र, तो अमेरिकी विश्वविद्यालयों की अनुसंधान परियोजनाओं पर असर हो सकता है। भारत और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग कम हो सकता है ।यदि विश्वविद्यालयों ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया, तो भारतीय छात्रों को प्रवेश मिलने में और अधिक कठिनाई होगी ।कॉलेजों की वित्तीय स्थिति और अनुसंधान गतिविधियों पर भी प्रभाव हो सकता है ।भारत को संभव है कि छात्रों को अन्य देशों की ओर मार्गदर्शन करना पड़े — ऐसे देश जो अधिक लचीले नियम रखते हों ।छात्रों को अब और भी बेहतरीन तैयारी करनी होगी — न सिर्फ परीक्षा-योग्यता, बल्कि अपनी विशिष्टता, अनुसंधान अनुभव और साक्षात्कार कौशल पर भी जोर देना होगा।



एआई जेनरेटेड

## 'अपने आप को हिंदू मत कहो...' मुहम्मद यूनुस ने बांग्लादेशी हिंदुओं पर हिंसा की खबरों को बताया झूठ

**एजेंसी । नई दिल्ली**



बांग्लादेश के बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस ने बांग्लादेशी हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को झूठा बताया। इसके साथ ही उन्होंने भारत पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने बांग्लादेशी हिंदुओं से कहा कि मत कहो कि मैं हिंदू हूं, मेरी रक्षा करो। दरअसल, अमेरिकी पत्रकार मेहंदी हसन ने मुहम्मद यूनुस से एक इंटरव्यू के दौरान पूछा कि पिछले साल नवंबर में करीब 30 हजार हिंदू आपके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। आपकी सरकार में उनके खिलाफ हिंसा हुई। यहां तक कि डोनाल्ड ट्रंप ने इसके लिए "बर्बरता" शब्द का इस्तेमाल किया। क्या यह आपके नियंत्रण में है? इस पर मुहम्मद यूनुस ने बांग्लादेशी हिंदुओं के खिलाफ हुई हिंसा को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा, "सबसे पहली बात ये है कि ये सभी खबरें झूठी हैं।" जब अमेरिकी पत्रकार ने उनसे पूछा कि "मैंने डोनाल्ड ट्रंप के शब्द आपको बताए और आप इसे फेक न्यूज बता रहे हैं," तो उन्होंने कहा कि "क्या डोनाल्ड ट्रंप को मालूम है कि बांग्लादेश में इस वक्त क्या चल रहा है? अमेरिकी पत्रकार ने अपने सवाल को दोहराते हुए पूछा कि क्या आप ये कह रहे हैं कि बांग्लादेश में कोई हिंसा नहीं हुई? इस पर मुहम्मद यूनुस ने भारत पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत की खासियत है फेक न्यूज फैलाना। झूठी खबरों की बारिश हो रही है। भारत इस चीज को लेकर लगातार माहौल बनाने की कोशिश करता है।

### ट्रंप की इजरायल यात्रा से पहले बढ़ी कूटनीतिक हलचल

## नेतन्याहू बोले- 'शांति की राह बहुत कठिन, लेकिन मुमकिन'

**एजेंसी । तेल अवीव**

इजरायल के रक्षा मंत्री, इजराइल काट्ज ने उस चुनौती का जिक्र किया है जो उनके मुताबिक किसी भी मायने में कम नहीं है। काट्ज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा है कि इस हफ्ते इजरायली बंधकों की रिहाई के बाद उनके देश के लिए "बड़ी चुनौती" "गाजा में हमास की सभी आतंकी सुरंगों को नष्ट करना" होगी। काट्ज ने लिखा, "बंधकों की वापसी के बाद इजरायल के लिए सबसे बड़ी चुनौती गाजा में हमास की सभी आतंकी सुरंगों को नष्ट करना होगा; यह काम सीधे आईडीएफ और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व और पर्यवेक्षण में स्थापित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय तंत्र के माध्यम से किया जाएगा। गाजा के विसैन्यीकरण और हमास के हथियारों को निष्क्रिय करने के सहमत सिद्धांत को लागू करने का यही प्राथमिक महत्व है।

मैंने आईडीएफ को इस मिशन को अंजाम देने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। गाजा शांति योजना के लिए 13 अक्टूबर का दिन खास होगा। गाजा शांति योजना के तहत इसी दिन हमास बंधकों को रिहा करेगा। इस ऐतिहासिक मौके पर ट्रंप भी इजरायल में ही होंगे।

## जापानी शोधकर्ताओं का दावा,'42 वर्षों में ग्रीष्मकाल तीन सप्ताह लंबा हुआ'

**टोक्यो।** जलवायु परिवर्तन का असर जापान के मौसम पर भी पड़ा है। ये दावा एक विश्वविद्यालय अनुसंधान समूह की रिपोर्ट करती है। इसमें बताया गया है कि 1982 से 2023 तक 42 वर्षों में जापान में ग्रीष्मकाल लगभग तीन सप्ताह लंबा हो गया है। क्योदो न्यूज एजेंसी ने 'मी विश्वविद्यालय' समूह के हवाले से बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण, ग्रीष्मकाल के रूप में वर्गीकृत दिनों की संख्या हर साल बढ़ी है, जबकि शीतकाल में कोई बदलाव नहीं हुआ, और वसंत और पतझड़ की औसत अवधि कम हो गई है। समूह ने "ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र की सतह के तापमान में वृद्धि" को मुख्य कारक बताया और चेतावनी दी कि "यदि ऐसा जारी रहा तो ये प्रवृत्ति और तेज हो जाएगी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ग्रीष्मकाल को जून से अगस्त तक की अवधि के रूप में परिभाषित करती है, लेकिन तापमान की सीमा नहीं बताती।

**कहानी फिल्म जगत की**

### भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने तोड़ी चुप्पी

## नहीं लड़ेंगे बिहार विस चुनाव अटकलों पर लगा विराम...



**2024** के लोस चुनाव में उन्होंने काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे

भोजपुरी फिल्मों के मशहूर अभिनेता पवन सिंह ने शनिवार को घोषणा की कि वह बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक ''सिपाही'' के रूप में पार्टी के साथ जुड़े रहेंगे। सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है जब ऐसी अटकलें थीं कि पवन सिंह भोजपुर जिले की सात विधानसभा सीटों में से किसी एक विशेषकर आरा या बड़हरा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। हाल ही में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के प्रमुख तथा राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात की थी जिसके बाद ही अटकलों को बल मिला था। पवन सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं, पवन सिंह, अपने भोजपुरी समाज को यह जानकारी देना चाहता हूं कि मैं विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी (भाजपा) में शामिल नहीं हुआ था और न ही मैं चुनाव लड़ना चाहता हूं। मैं पार्टी का एक सच्चा सिपाही हूं और आगे भी रहूंगा।'' उन्होंने अपने पोस्ट में अमित शाह के साथ अपनी एक तस्वीर भी साझा की। पवन सिंह ने 2024 के लोकसभा चुनाव में काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में किस्मत आजमाई थी, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली थी। इस सीट से सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के राजा राम कुशवाहा विजयी हुए थे।...

